असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 17.07.2023 | वर्ष 10, अंक 194 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
जिन्दगी में कठिनाइयाँ हमें सही रास्ता दिखा जाती हैं।

## रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

## क्वीक न्यूज

### महाराष्ट्र : मस्जिद में कलेक्टर ने नमाज अदा करने पर लगाई रोक, हाई कोर्ट पहुंचा मामला

**मुंबई** : महाराष्ट्र के शहर जलगांव में स्थित एक प्राचीन मस्जिद को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है. जिला प्रशासन ने यहां नमाज अदा करने पर रोक लगा दी है. इस बीच जलगांव की जुम्मा मस्जिद ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष अल्ताफ खान नय्यूम खान के माध्यम से बॉम्बे हाई कोर्ट का रूख किया है. खान ने हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ से कलेक्टर द्वारा पारित उस अंतरिम आदेश को रद्द करने की मांग की है जिसके द्वारा लोगों को एक मस्जिद में नमाज अदा करने से रोका गया था. यहां आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत धारा 144 भी लागू की गई, जिससे घटनास्थल पर मुट्ठी भर से अधिक लोग एकत्र नहीं हो सकते हैं.

### अलास्का में भीषण भूकंप के झटके

**अलास्का** : अलास्का में भूकंप के भीषण झटके महसूस किए गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अलास्का प्रायद्वीप क्षेत्र में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है और सुनामी की चेतावनी जारी की गई। बता दें कि 7.4 की तीव्रता वाले भूकंप को काफी गंभीर माना जाता है और इसमें काफी नुकसान हो सकता है। इस तरह के भूकंप में इमारतें गिर जाती हैं और भारी जन-धन की हानि हो सकती है।

### लातेहार के सुग्गा फॉल में डूबकर मेदिनीनगर के 2 युवकों की मौत

**मेदिनीनगर:** लातेहार के सुग्गा फॉल घूमने आये मेदिनीनगर के दो युवकों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई. दोनों युवकों मेदिनीनगर के कुंड मोहल्ला, पानेरी गली के रहने वाले थे. दोनों युवकों की पहचान आदित्य कुमार वर्मा,19 वर्ष, पिता- ओम कुमार वर्मा और अमन कुमार वर्मा, उम्र 18 के रूप में हुई है. पानी से शव को वनकर्मी वनपाल परमजीत तिवारी और ग्रामीणों ने निकाला.

### रांची: होटल के बाहर अंधाधुंध फायरिंग, दो लोगों को लगी गोलियां

**रांची:** राजधानी रांची के रातू इलाके में एक होटल के बाहर अंधाधुंध फायरिंग की गई. इस फायरिंग में दो लोग जब्बार अंसारी और इलिहास अंसारी को गोलियां लगी है. दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. वहां फायरिंग करने वाले अपराधी मौके का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे. कहा जा रहा है कि अपराधी जिसे मारने के लिए पहुंचे थे वह कुछ मिनटों पहले ही वहां से चले गए थे.

### झारखंड के लिए देह व्यापार एक अभिशापः चीफ जस्टिस

**रांची।** महिला उत्पीड़न और देह व्यापार की रोकथाम पर रविवार को राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस रांची के ज्यूडिशियल एकेडमी में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि चीफ जस्टिस झारखंड संजय कुमार मिश्र शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महिला उत्पीड़न पर जागरुकता से जुड़े पुस्तक के विमोचन के साथ हुआ। इसके बाद झारखंड सहित दूसरे राज्य से आए न्यायाधीशों ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम पर व्याख्यान दिए। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार और महिला उत्पीड़न एक संवेदनशील विषय है। अक्सर यह घटना पीड़ति के नजदीकी द्वारा किया जाता है। घटना के बाद सबसे बड़ी जिम्मेदारी आरोपित को सजा दिलाने को लेकर है। इसमें पुलिस अधिवक्ता और न्यायाधीशों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार एक अभिशाप है। इसे कम करने की आवश्यकता है और यह जागरुकता के माध्यम से ही होगा। न्यायाधीश एसके द्विवेदी ने कहा कि झारखंड में इस तरह के मामलों की संख्या ज्यादा है। इसके कई कारण हैं। जागरुकता और त्वरित न्याय ही इससे बचाव का रास्ता है। इस अवसर पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रोगन मुखोपाध्याय, गुजरात हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस सोनिया कोगानी के अलावा अधिवक्ता और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### संडे की सियासी हलचल : * शरद पवार का आशीर्वाद लेने पहुंचे एनसीपी के सभी बागी विधायक व मंत्री * दिल्ली अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस ने आप को किया समर्थन का ऐलान, विपक्षी एकता की बैठक में शामिल होंगे केजरीवाल

# एनडीए में शामिल हुए राजभर, बेंगलुरु बैठक में शामिल होंगे केजरीवाल

एनडीए व यूपीए के लिए संडे खुशी भरा दिन रहा. सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर संडे को एनडीए में शामिल हो गए. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को इसकी घोषणा की.उन्होंने कहा कि राजभर के आने से एनडीए को मजबूती मिलेगी.ओपी राजभर ने भी अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद कहा. इधर बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों यानी यूपीए की बैठक में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के अन्य बड़े नेता शामिल होंगे.ये फैसला दिल्ली में केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस का समर्थन मिलने के बाद लिया गया. बता दें कि आम आदमी पार्टी विपक्षी दलों की बैठक और आगामी रणनीति से पहले कांग्रेस को अध्यादेश को लेकर रुख स्पष्ट करने पर जोर दिया था. पटना में विपक्ष की बैठक में भी केजरीवाल ने कांग्रेस से समर्थन देने की अपील की थी. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि कांग्रेस जब तक सार्वजनिक रूप से दिल्ली अध्यादेश पर समर्थन देने की घोषणा नहीं करेगी तब तक विपक्षी दलों की बैठक में आम आदमी पार्टी हिस्सा नहीं नहीं लेगा। आखिरकार कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा करना ही पड़ा। एक अन्य राजनीतिक घटनाक्रम में महाराष्ट्र की सियासत में रविवार को बड़ी हलचल हुई.एनसीपी से बागवत कर महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल हुए अजित पवार व इनके समर्थक अचानक शरद पवार से मिलने के लिए वाईबी चव्हाण सेंटर पहुंचे. मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हम शरद पवार का आशीर्वाद लेने आए हैं. हमारे सभी मंत्री बिना समय मांगे यहां आए. हमने उनसे अनुरोध किया है कि वह फैसला करें कि एनसीपी कैसे एकजुट रह सकती है. हालांकि,पवार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी.

## आप ने विपक्षी एकता की बैठक में शामिल होने का लिया निर्णय



आम आदमी पार्टी ने बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने की घोषणा कर दी. इस बैठक में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के अन्य बड़े नेता शामिल होंगे.ये फैसला दिल्ली में केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस का समर्थन मिलने के बाद लिया गया.आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बताया कि आम आदमी पार्टी विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होगी.आम आदमी पार्टी के बड़े नेता विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने के लिए बेंगलुरु जाएंगे. पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में ये फैसला लिया गया है. बैठक में शामिल होने के लिए अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और संजय सिंह सोमवार शाम को बंगलुरु जाएंगे. बेंगलुरु में 17 और 18 जुलाई को बैठक का आयोजन होना है. इसमें अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए के खिलाफ विपक्षी दलों की एकजुटता पर फैसला लिया जाएगा. कहा कि टीएमसी से लेकर आरजेडी तक सबने इस अध्यादेश के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। इसी श्रंख्ला में आज कांग्रेस पार्टी ने भी अपनी पॉजिशन क्लियर करते हुए दिल्ली के अध्यादेश के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया है। मानसून सत्र के दौरान जब भी अध्यादेश लाया जाएगा, कांग्रेस इसका विरोध करेगी.कांग्रेस चुनी हुई राज्य सरकारों के संवैधानिक अधिकारों पर मोदी सरकार के हमलों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी. यह हमला विभिन्न रूपों में आता है.

## एनडीए का हिस्सा बना सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी



**नई दिल्ली** : कई दिनों से चल रही अटकलों के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर एनडीए में शामिल हो गए. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को इसकी घोषणा की है. उन्होंने ट्वीट कर कहा कि राजभर के आने से एनडीए को मजबूती मिलेगी. इससे पहले 14 जुलाई को दोनों नेताओं की मुलाकात भी हुई थी. अमित शाह ने मुलाकात का एक फोटो भी शेयर किया,जिसमें राजभर के साथ उनके बेटे अरविंद राजभर भी नजर आ रहे हैं. उन्होंने कैप्शन में लिखा, ओपी राजभर जी से दिल्ली में भेंट हुई और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में आने का निर्णय लिया. मैं उनका एनडीए परिवार में स्वागत करता हूं. राजभर जी के आने से उत्तर प्रदेश में एनडीए को मजबूती मिलेगी और मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए द्वारा गरीबों व वंचितों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों को और बल मिलेगा.ओपी राजभर ने भी ट्वीट करके इसकी पुष्टि कर दी है. उन्होंने ट्वीट में अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद कहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा और सुभासपा आए साथ, सामाजिक न्याय देश की रक्षा- सुरक्षा, सुशासन वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं, किसानों, नौजवानों, हर कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मिलकर लड़ेगी. उन्होंने आगे कहा,गृह मंत्री भारत सरकार आदरणीय अमित शाह जी से दिल्ली में भेंट हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में शामिल होने का निर्णय लिया.

## एनसीपी में फूट के बाद पहली बार अजित पवार गुट के विधायक व मंत्री शरद पवार से मिलने पहुंचे



**मुंबई** : महाराष्ट्र में एनसीपी में फूट के बाद पहली बार अजित पवार गुट के विधायक और मंत्री शरद पवार से मिलने पहुंचे. बागी गुट ने शरद पवार से आशीर्वाद मांगा और पैर पकड़कर मार्गदर्शन देने का आग्रह किया. शरद पवार से मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने कहा, हम सब लोग शरद पवार का आशीर्वाद लेने के लिए यहां आए थे. वाईबी सेंटर में शरद पवार साहब के पैर पकड़कर आशीर्वाद लिया. हमें यहां उनके उपस्थित होने के बारे में जानकारी मिली थी. हम लोग अजित के घर बैठे थे. उन्होंने कहा कि हम सबने शरद पवार से आग्रह किया और बताया कि आपके प्रति हम सबके मन में सम्मान है.एनसीपी का एकजुट करने के लिए उनसे मार्गदर्शन मांगा. हम सबने उनसे विनती की है. शरद पवार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी. हमारी सारी बातें उन्होंने सुन ली हैं. हमारे सारे मंत्री अजित पवार के नेतृत्व में महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे.इससे पहले शरद गुट के नेता जयंत पाटिल ने बताया था कि मुझे सुप्रिया सुले (शरद पवार की बेटी) का कॉल आया है. उन्होंने बताया था कि सुप्रिया ने तत्काल वाईबी चव्हाण प्रतिष्ठान पहुंचने के लिए कहा है. उन्होंने कहा,सुप्रिया ने क्यों बुलाया है, मुझे इसकी जानकारी नहीं है. अजीत पवार और बाकी विधायक क्यों आए हैं. इस बैठक में बागी नेता प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और अन्य नेता भी पहुंचे हैं.बता दें कि 2 जुलाई को महाराष्ट्र की राजनीति में अचानक नया मोड़ आया था.अजित के नेतृत्व में एनसीपी के दिग्गज नेताओं ने पार्टी से बगावत कर दी थी और एनडीए में शामिल हो गए थे. अजित समेत 9 विधायक सरकार में शामिल हो गए थे. अजित डिप्टी सीएम बने थे.

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर

# स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नियुक्ति की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ द्वारा आयोजित दो दिवसीय (14-15 जुलाई) राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में हिस्सा लेने उत्तराखंड पहुंचे हैं। इस अवसर पर देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस शिविर में मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं को मजबूती से रखा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर के पहले दिन मंत्री बन्ना गुप्ता ने राज्य के सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सरकारी स्कूलों में योग चिकित्सक की नियुक्ति हो जाए तो हम आम जीवन में मेडिकल पर खर्च होने वाले अनुमादित 30त्न खर्च को रोक सकते है। योग से शरीर निरोग रहेगा और मन और सेहत भी स्थिर रहेगा। जिससे बीमारियों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने वर्तमान में योग शिक्षक को मिलने वाले राशि को बढ़ाने का आग्रह भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया से किया। साथ ही सीसीयू अस्पताल यूनिट के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के अनुसार जमीन की बाध्यता कम करने का आग्रह भी बैठक में किया।

# दुमका जेल में कैदी ने की आत्महत्या की कोशिश, गंभीर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका.** रविवार की सुबह दुमका जेल में तब हड़कंप मच गया जब जेल प्रशासन को पता चला कि यहां के एक कैदी ने आत्महत्या करने की कोशिश की। जानकारी मिलते ही प्रशासन सकते में आ गया और कैदी की पड़ताल की। दुमका सेंट्रल जेल प्रबंधन को पड़ताल के बाद पता चला कि आत्महत्या की कोशिश करने वाला विचाराधीन कैदी है। उनकी उम्र लगभग 33 साल है। उसका नाम मोहम्मद अहमद अली है।

**गला और हाथ की नसें काटी**

सूत्रों के मुताबिक विचाराधीन कैदी मोहम्मद अहमद अली ने अपना गला और दोनों हाथों की नसों को काट लिया। इसके बाद जेल प्रशासन ने उसे आनन-फानन में दुमका मेडिकल कॉलेज के कैदी वार्ड में भर्ती कराया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। कैदी की स्थिति कैसी है,इसपर अस्पताल प्रबंधन भी कुछ नहीं बता रहा है। वहीं जेल का कोई भी अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बताने से कतरा रहा है। रविवार सुबह सभी कैदी अपने-अपने कामों में व्यस्त थे। तभी बंदी ने मौका पाकर किसी धारदार चीज से गला और दोनों हाथ की नसों को काटने का प्रयास किया। खून बहने पर आस-पास काम कर रहे बंदियों ने इसकी सूचना जेलर को दी।

आनन-फानन में जेल की पूरी टीम मौके पर पहुंची और बंदी को वाहन से अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक दुमका मेडिकल कॉलेज के कैदी वार्ड को अंदर से बंद कर दिया गया है। इस वार्ड में डॉक्टर और नर्सों के अलावा किसी के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी है।



# कबाड़ व्यवसायी के दुकान के सामने अपराधियों ने फेंका बम, हवाई फायरिंग भी की

**➲रंगदारी नही मिलने पर दिया घटना को अंजाम, ब्यावसायी ने कराया प्राथमिकी**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर में अपराधियों ने बीती रात एक कबाड़ा ब्यावसायी के दुकान सामने दशासत फैलाने की नियत से बमबारी की। जाते जाते अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच पूरे मामले की जानकारी ली। घटना के बाद से कबाड़ा ब्यावसायी काफी भयभीत है। मिली जानकारी के अनुसार डाक बंगला से सटे कबाड़ी व्यवसाई प्रभु साव का कबाड़ा दुकान है। दुकान के बगल में ही वे किराये के मकान में रहते हैं। शनिवार की रात लगभग 8.40 बजे प्रभु साव के दुकान के सामने तीन नकाबपोश अपराधी मोटरसाइकल से आए। अपराधियों ने प्रभु साव को गली देते हुए दुकान के मुख्य द्वार पर ताबड़तोड़ दो बम फेंका.जिसमे से एक बम फटा भी नही.अपराधियों ने जाते जाते एक हवाई की ओर रंगदारी नही देने पर प्रभु साव को जान से मारने की धमकी भी दी.सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शशि रंजन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। इस दौरान एक जिंदा बम भी बरामद किया गया। जिसे थाने लाकर पानी में डालकर निष्क्रिय किया गया। इधर रविवार को प्रभु साव ने बिश्रामपुर थाना में दर्जी मुहल्ला निवासी शातिर अपराधी आरिफ चूड़ीफरोस सहित दो अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रभु साव ने बताया कि उससे पहले भी फोन कर रंगदारी मांगी गई थीं। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि रंगदारी वसूली को लेकर भयभीत करने के नियत से अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु हर संभावित जगह छापेमारी की जा रही है। जल्द ही तीनो अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। इधर बमबारी व फायरिंग की इस घटना के बाद से बिश्रामपुर के ब्यावसायियों में दसाशत व्याप्त है।

# हरिहरगंज में भाजपा मंडल का टिफिन कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय भाजपा कार्यालय में रविवार को महासंपर्क अभियान के तहत टिफिन कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस दौरान कार्यकर्ता अपने घरों से टिफिन लेकर कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बलू बलराम ने की तथा संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सिकेन्द्र पासवान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चन्दन जायसवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना मेहता, अनुसुचित मोर्चा अध्यक्ष अरविंद पासवान, टंटु मिश्रा, सोशल मीडिया संयोजक अमित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सत्येन्द्र पासवान, पुर्व बीस सुत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रामपुकार सोनी, पुकार कुमार,लखन साव, गणेश शौंडिक, राजेश शौंडिक, राजेश गुप्ता, रिंकू शौंडिक, अम्बुज सिंह, छोटु सिंह, करण राजवीर, विजय यादव, रामाशीष यादव, राजेश दास, कृष्णा शौंडिक, भीमसेन शर्मा, मुन्ना जायसवाल, पवन कुमार, विकास कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हत्यारो का शिकार मृतक पीएम आवास के कॉर्डिनेटर के भाई ने उसके ससुराल वालों के खिलाफ दर्ज कराया प्राथमिकी

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएम आवास के कॉर्डिनेटर सिराज अहमद हत्याकांड को लेकर नगर उंटारी थाने में मृतक के भाई इसरार अंसारी ने एफआईआर दर्ज करवाई है। इसरार अंसारी ने थाने को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि मृतक की पत्नी सिम्मी बानो, उसकी पिता नजीबुल्लाह अंसारी, सास बेबी खातून भाई टीपू सुल्तान, सुलेमान अंसारी और इमरान अंसारी ने मिलकर षडयंत्र के तहत सिराज की हत्या की है। आवेदन में कहा है कि 2020 के बाद सिराज के पत्नी का व्यवहार गलत होने लगा। इस बीच सिराज के ससुराल वालों ने घर पर आकर सिराज के साथ मारपीट करते हुए उसकी पत्नी सिमी बानो को अपने घर ले गए। दहेज में दिए स्विफ्ट कार भी साथ ले गए। इसके बाद सिराज के ससुराल वालों ने इस बीच कई बार सिराज के साथ मारपीट किया। जिसका प्राथमिकी न्यायालय में दर्ज कराया गया। आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व भी सिराज ने घर पर अपने सभी लोगो से पत्नी और उसके ससुराल वालों पर हत्या कराने की आशंका जताया था। उसने कहा था कि भवनाथपुर जाने के दौरान कई बार ससुराल वाले हत्या करने के नियत से पीछा करते हैं। पुलिस से भाई ने न्याय की गुहार लगाई है। **कोर्ट में तलाक का चल रहा था मामला** : सिराज अहमद की शादी मुस्लिम रीति रिवाज से गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठीया गांव के नजीबुल्लाह अंसारी की पुत्री सिमी बानो के साथ 23 अक्टूबर 2019 को हुआ था। शादी के एक साल बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। मामला तलाक तक पहुंच गया। गढ़वा के फैमिली कोर्ट में तलाक का मामला भी चल रहा था।

## लड़की के पिता ने एसपी से न्याय की लगायी गुहार गिरफ्तार करने की मांग

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव में शिवानी कुमारी की आत्महत्या के मामले में लड़की के पिता रंजय कुमार ने पलामू एसपी से मामले की जांचकर आरोपियों पर करवाई की मांग की है। रंजय कुमार ने बताया कि उनकी पुत्री शिवानी को ससुराल वालो ने गला दबाकर हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। लड़की के पिता का कहना है कि 25 जून को शिवानी के ससुराल के लोगो ने सुबह छह बजे फोनकर बताया कि आपकी पुत्री शिवानी ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने बताया कि 10 दिन पूर्व मायके से ससुराल उनकी पुत्री गाड़ी खास गांव आयी थी। उन्होंने बताया कि दहेज के लिए हमेशा प्रताड़ित करते थे। मामले को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन ससुराल पक्ष के लोगो ने उसकी हत्या कर दी। एसपी को आवेदन देकर मृतक शिवानी के पति विकाश कुमार मेहता, सास चंदा कुंवर, नन्द अनिता देवी, नंदोशी मनोज कुमार मेहता, ननद पुनीता देवी, नारायण मेहता के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। लड़की के पिता का कहना था कि घटना के बाद गाड़ीखास गांव पहुंचे तो देखा कि उनकी पुत्री शिवानी पलंग पर मृत पड़ी हुई है। शव को देखने से स्पष्ट हो रहा था कि रस्सी से गला घोट कर मारा गया है। पिता ने आरोप लगाया है कि इस मामले में पंडवा थाना में केस दर्ज किया गया।तब पुलिस ने आरोपी पति विकाश कुमार मेहता को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। लड़का पक्ष के लोग समझौता करने के लिए दबाव बना रहे हैं। कई बार धमकी भी दे चुके है। पुलिस से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर हुई कुर्की जब्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बरियातू थाना के सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी ने शनिवार की शाम बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के शंकर मोड़ के नजदीक बिशुनपुरा गांव निवासी मो. फैजान पिता मो.उस्मान शेख के घर कि कुर्की जब्ती की है। जिसमें एक लकड़ी का पलंग, एक लोहे का पलंग, एक वाशिंग मशीन, दो चादरा से बना बक्सा, एक सीलिंग फैन, एक इनवर्टर, एक बड़ा बैटरी, तीन लोहे के चदरा का ड्राम, दो फाइबर की कुर्सी कि जब्ती की गई। जहां बिशुनपुरा आए बरियातू थाना सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी ने बताया कि मो. फैजान पर बरियातू थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि मो. फैजान की गिरफ्तारी के लिए बरियातू थाना के पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इसके बावजूद आरोपी पकड़ से बाहर है उन्होंने कहा कि आरोपी थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो जल्द न्यायालय के द्वारा फरार घोषित कर स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि बरियातू थाना में मो.फैजान के विरूद्ध 22 जनवरी 2017 धारा 406/420/34 आईपीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज है। जहां मामले को विस्तार से जानने पर पता चला कि मो.फैजान ने अपने सहयोगी शहाबुद्दीन अंसारी, अजरूल मियां, शहाबुद्दीन अंसारी के पत्नी हसीना बीवी के साथ मिलकर चिटफंड आयाम मल्टी ट्रेड कंपनी बनाया था। आयाम मल्टी ट्रेड कंपनी के नाम पर एजेंट के माध्यम से लोगों से पैसा जमा करवाता था। मो. फैजान ने लोगों को पैसा जमा करने के नाम पर लगभग 3 सालों में करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। आपको बता दूं कि 70 लाख का मामला बरियातू थाने में दर्ज है सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी ने बताया कि ऐसे कई मामले हैं जो विभिन्न थाने में दर्ज है। मौके पर बिशुनपुरा थाना स्थानीय पुलिस एएसआई संजय महतो सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद थे।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय टिफिन बैठक का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रघुराज पांडेय ने कहा कि भाजपा का यह टिफिन बैठक कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाता है.टिफिन बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाकर भारत को विश्वगुरु बनाना है.गढवा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है,जो कार्यकर्ताओं के सुख दुख में शामिल रहती है. बिहार में नीतीश सरकार द्वारा कार्यकर्ताओ को पिटवाया गया.पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में चार सदस्यीय कमेटी का गठन करके बिहार भेज दिया। कार्यक्रम को अनिल चौबे व भगत दयानंद यादव ने भी सम्बोधित किया। टिफिन बैठक में कुमार कनिष्क, जय प्रकाश यादव, अवध बिहारी गुप्ता, कन्हाई प्रसाद, दिलीप कुमार यादव, विभूति भूषण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, रामदत्त चौबे, मृत्युंजय तिवारी, लवली आनन्द, अर्चना कमलापुरी, जितेंद्र विद्यार्थी, जितेंद्र दीक्षित, कृष्णा विश्वकर्मा, अलख निरंजन प्रसाद, दिनेश राम, राजेन्द्र गुप्ता, संदीप कश्यप, पंकज कुमार सिंह, अभिषेक चौबे, लालमोहन यादव, चंद्रकांत पांडेय, मिथलेश पासवान, शैलेश चौबे, अशोक सेठ, नंदकिशोर प्रसाद, प्रो महमूद आलम, अनिल पासवान, कमेश पासवान, राहुल पाल, सुधीर प्रजापति, विपेश तिवारी, सत्यनारायण पांडेय, आनन्द कमलापुरी, राजेश बैठा, धर्मजीत यादव, धर्मदेव यादव, उपेन्द्र दास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन तिवारी तथा संचालन लक्ष्मण राम ने किया।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के कार्यालय के समक्ष करेंगे आत्मदाह सरकारी शिक्षक : नरेन्द्र राम

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के कुहकुह् अपग्रेड हाई मे पदस्थापित सहायक शिक्षक नरेन्द्र राम ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर कार्यलाय मे लिखित आवेदन देकर अवगत कराया कि विगत 20 फरवरी 2023 के गाँव के उपद्रव तत्व के लोगों ने आये और जाति सूचक शब्द प्रयोग करते हुए कहने लगा की आप विधालय पर बाबा साहेब और गौतम बुद्ध सहित संविधान प्रस्तावना क्यों लिखवा दिये और बहुत अम्बेडकरवादि बने है,इस बात को गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मै किसी तरह से जान बचाकर नौड़ीहा बाजार थाना आये और लिखित आवेदन नामजद अभियुक्ति के विरोध दिया। लेकिन मेरा आवेदन पर कोई कानूनी करवाई नहीं किया गया।जब मुझे न्याय नहीं मिला तो उपायुक्त पलामू और पुलिस अधीक्षक पलामू को लिखित आवेदन दिया ।आवेदन के पहल 20 अप्रैल 2023 को नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी के द्वारा एसी एसटी एक्ट तहत मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज के पश्चात भी नामजद आरोपी सारेआम घूम रहे। अगर मुझे एक सप्ताह के अंदर न्याय मिला तो अपने सभी परिवार के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर कार्यालय आत्मदाह करेंगे।

# मदरसा सजादियां में भव्य शिक्षक विदाई समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कजरुकला के मदरसा सज्जादियाँ में शिक्षक विदाई एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ईस आयोजन का संचालन मौलाना फैजान रजा ने किया. ईस विदाई समारोह में शिक्षक डॉ सैयद फैज़लुल होदा की विदाई की जा रही थी. बताते चले की डॉ होदा एक ऐसे शिक्षक रहे है जिनकी नयुक्ति से लेकर सेवानिवृत्त तक लगभग चालीस वर्षो तक इसी मदरसा में रहे है. इनके पढ़ाये गए सैकड़ों ऐसे विद्यार्थी है जो झारखण्ड के साथ -साथ अन्य राज्यों में भी उच्चे पद पर कार्यरत है, इनके द्वारा पढ़ाये गए बच्चे में एक MBBS, 50 शिक्षक, एक इंस्पेक्टर, 25 रोजगार सेवक, एक डीआरडीओ में, 2 सेल में, 10 इंजीनियर, 5 सिपाही के साथ- साथ अन्य पद पर कार्यरत है. ये एक ऐसे शिक्षक है जो शुरुआती दौर में बारह किलोमीटर पैदल चलकर पढ़ाने कजरुकला आते थे. आज इनके द्वार किए गए कर्मो का फल साफ देखने को मिला जहां विदाई समारोह में सैकड़ों की संख्या में हिन्दू मुस्लिम के साथ क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एंव समाजिक कार्यकर्ता एक मंच पर दिखे।

**मेराल मोड़ पर खुला मेडिकल स्टोर**

# युवा समाजसेवी महाराना प्रताप सिंह ने फीता काट कर किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पंडवा प्रखंड क्षेत्र के मेराल मोड़ के स्थित रविवार को मेडिकल स्टोर विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि कजरी के युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह एव पंडवा थाना प्रभारी नकुल शाह के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया। युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने कहा की मेडिकल स्टोर में सस्ते दामों पर आम लोगों को दवाएं उपलब्ध होंगी। वही गरीब से गरीब लोग पूर्ण रूप से दवाओं का उपयोग कर सकेंगे और मेडिकल स्टोर से लोगों को लाभ मिलेगा।गरीबों की सेवा करना ही इंसान का धर्म है। इस उद्घाटन समारोह में युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, पंडवा थाना प्रभारी नकुल शाह और कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जेएमएम की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू :** पांडू पंचायत सचिवालय के सभागार कक्ष में रविवार के दिन जेएमएम प्रखंड इकाई की बैठक की गई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत से पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष इरफान अलम एवं संचालन अनिल चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को प्रखंड स्तर पर पार्टी मजबूत बनानें एवं सदस्यता बढ़ाने की बात कहते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपरोक्त के अलावा पूर्व सचिव मनऊवर, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा पूर्व उपाध्यक्ष शाहनवाज, निखिल सिन्हा, अफजल अंसारी श्रीराम गुप्ता, शम्भू राम जयराम पासवान सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक टेम्पु में संदिग्धावस्था में मिला युवक का शव



### पुलिस जुटी छानबीन में

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदरमा कला गांव के टोला बरवाडीह से संदिग्धावस्था में एक युवक का शव बरामद हुआ है.पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु एमएमसीएच भेज दिया है.मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह सड़क किनारे खड़े एक टेम्पु में लोगों ने शव देखा.शव टेम्पु के पिछले सीट पर पड़ा हुआ था और उसके गले में एक रस्सी का फंदा भी पड़ा हुआ था.जिसका दूसरा सिरा टेम्पु के हुड से बंधा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई.मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ रायगढ़ निवासी हीरनाथ मांझी (22) के रूप में हुई है.मृतक बोरवेल गाड़ी पर कार्य करता था.रेहला थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। वैसे पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर

# सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ व नारी नीति पाठ किया गया.इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि चौरासी लाख योनियों में मानव योनि सर्वश्रेष्ठ है.उन्होंने कहा कि मानव योनि ईश्वर भी प्राप्त करना चाहते हैं, क्योंकि मानव द्वारा ही ईश्वर अर्थात प्रभु का भजन कीर्तन व यशगान होता है.उन्होंने कहा कि मानव जीवन तभी सार्थक होता है,जब व्यक्ति वर्तमान पुरुषोत्तम के शरण मे जाता है। वह उन्हें अपना गुरु मानता है। गुरु के बताये मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपना जीवन सार्थक कर लेता है। जिस प्रकार किसी पौधे के जड़ में पानी देने से पौधे के शेष सभी भागों में पानी पहुंच जाता है,उसी प्रकार अपने गुरु की पूजा करने से सभी देवी देवताओं की पूजा हो जाता है.मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपने मन,वचन,कर्म से सभी जीवों से प्रेम करते हुये सबका भला करे। माला देवी ने कहा कि ब्रह्ममुहूर्त में इष्टभृति करना चाहिये.इष्टभृति पंच महायज्ञ है। ब्रह्ममुहूर्त में सभी देवी देवतागण भ्रमण करते है। अनिता सिन्हा ने कहा कि अपने बचते हुये दूसरे को बचाना धर्म है। धर्म के मार्ग पर चलकर ही मानव अपना तथा समाज का कल्याण करता है.सत्संग का संचालन कर रहे संजय दा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी मंगलकारी पुरुष है.इसलिये सभी सत्संगी परिवार मंगल की गोद मे हैं। सभी सत्संगी उनके बताये मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक करें.सत्संग में भोला प्रसाद, गोविंद दा, अवधेश कुमार, सन्तु राम,जीत कुमार, मधु सिन्हा, प्रभा देवी, रमा देवी, वृन्दा देवी, रीना जायसवाल सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे। सत्संग में प्रसाद की व्यवस्था संजय दा व रीना जायसवाल के द्वारा किया गया था।

# जेजेए अपने सभी साथियों की चिंता करता है : प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ से संबद्ध झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की गढ़वा जिला इकाई की एक बैठक गढ़वा शहर के सहिजना मोहल्ला स्थित एएसडी प्ले स्कूल में आयोजित की गई। इस बैठक में पत्रकारों की समस्या से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। तत्पश्चात एसोसिएशन के सभी सदस्यों के बीच पहचान पत्र का वितरण किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमरकांत भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकार साथियों के साथ जुड़े। उन्होंने कहा कि झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अपने सभी साथियों की चिंता करता है। प्रखंड से लेकर जिला व राज्य स्तर तक इससे जुड़े पदाधिकारी साथियों की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की यह अग्रणी पत्रकार संगठन है। उन्होंने गढ़वा के साथियों के कार्य की भूरी- भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सियाराम शरण वर्मा ने कहा कि झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन एकमात्र ऐसी संस्था है जो संवैधानिक तरीके से पिछले कई वर्षों से पत्रकार हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आंचलिक स्तर पर पत्रकारिता करने वाले साथियों की लड़ाई जेजेए लगातार लड़ रही है। राज्य में ऐसी एक भी कोई संस्था नहीं है जो पत्रकारों की समस्या को लेकर संवेदनशील हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार से पत्रकारों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए संगठन कृत संकल्पित है। जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार चंदेल ने कहा कि संगठन से जुड़े हुए सभी साथियों को पत्रकार हित में काम करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने पत्रकारिता की गरिमा को ध्यान में रखते हुए खबरों के संकलन की बात कही। उन्होंने कहा कि जेजेए से जुड़े सभी सदस्य संगठन के कार्यो से गर्व महसूस करते हैं। जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि जिला के साथियों को मान सम्मान के साथ पत्रकारिता के लिए वे योजना बनाए हैं। उनका प्रयास है कि खबरों के संकलन में पत्रकारों को होने वाली परेशानी को अपेक्षाकृत कम किया जाए। इसके लिए संगठन से जुड़े हुए साथियों को भी सहयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो साथी किसी कारणवश इस सत्र में जेजेए की सदस्यता ग्रहण नहीं कर सके हैं, वे तत्काल संगठन से जुड़े। बैठक में उपर्युक्त लोगों के अलावे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप कुमार, आजीवन सदस्य अभय प्रकाश चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार बंटी, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सत्यनारायण मालाकार, उपेंद्र कुमार, सतीश सिन्हा, सुमन सिन्हा, परवेज आलम, संतोष कुमार, राकेश कुमार, सकेंद्र प्रजापति, अनिल गुप्ता, सुनील रवि, सोनू कुमार, दीपक कुमार, हेमंत कुमार, अरविंद गुप्ता, सुनील कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


**AFFIDAVIT**

**नाम परिवर्तन**

I , Ranjit Kumar Tiwari, S/o Sri Mahima nand Tiwari, Address - Village Jonr, P. O. - Singra khurd, P. S. -Medininagar, Distt - Palamu, State - Jharkhand. 822101. Declare that In the School Record of Saket Kumar Tiwari his Date of Birth is 08.12.2008 which is wrong. His correct Date of Birth is 08.12.2008 vide affidavit no :- 5312 Date :- 15.07.2023.

**संक्षिप्त खबरें**

### श्री श्याम मन्दिर में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर व मधुमेह की निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर व मधुमेह की निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया । श्याम सेवा ट्रस्ट अपने स्थापना काल से ही मानव सेवा के पुनीत कार्य के प्रति प्रतिब्रध है । इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र पोद्दार ने अपने संदेश कहा कि वर्तमान युग में रक्तदान महादान है साथ ही देश में मधुमेह की बढ़ती आक्रमता को देखते हुए समय पर इसकी जांच व रोक थाम अति आवशक है । मानव सेवा की इस कार्य में श्री श्याम प्रभु की कृपा से श्री श्याम सेवा ट्रस्ट भविष्य में ओर त्रिव गति से योगदान करेगा । उपरोक्त रक्तदान सेवा शिविर का आयोजन नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से आयोजित किया गया । इस अवसर पर सेवा सद।

### धुर्वा भाजपा मंडल की बैठक संपन्न

**रांची :** आज भाजपा धुर्वा मण्डल में विश्वकर्मा स्कूल सेक्टर 4 में मंडल अध्यक्ष उमेश यादव जी की अध्यक्षता में आहूत संयुक्त टिफिन बैठक हुआ। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री आदरणीय पतअनापूर्णाद्बदेवी जी शामिल हुईं एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम कार्यक्रम संपर्क से समर्थन एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा की गई । बैठक मे मण्डल प्रभारी जितेंद्र वर्मा निवर्तमान पार्षद सुचिता रानी राय शिवाजी सिंह कन्हैया सिंह श्री गोविंद पांडे सुदर्शन चौबे बीना मिश्रा बबन यादव सोमनाथ उरांव दीपक सिंह मनोज यादव सत्य प्रकाश बृजेश दुबे पार्वती देवी शोभा देवी सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे वरिष्ठकनिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक अल्पाहार भी ग्रहण किया।

## झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक पॉक्सो एक्ट की 1324 वारदातें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) की 1324 वारदातें हुई हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में पॉक्सो एक्ट के 239 वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें धनबाद में 42, गिरिडीह में 10, हजारीबाग में 12, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 18, पलामू में 18, रांची में 28, साहिबगंज में 6, दुमका में सात, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में चार, बोकारो में 27, लातेहार में चार, जामताड़ा में चार, सरायकेला में तीन, देवघर में10, गोड्डा में चार,गुमला में पांच, लोहरदगा में चार, चतरा में छह, गढ़वा में 14,कोडरमा में दो,खूंटी में दो, रामगढ़ में पांच और पाकुड़ में चार शामिल हैं। वर्ष 2019 में पॉक्सो एक्ट की सबसे अधिक 42 घटनाएं धनबाद में हुई है।

इसी प्रकार वर्ष 2020 में 306 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है।

**इसी प्रकार वर्ष 2020 में 306 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है।**

इनमें धनबाद में 54, गिरिडीह में 22, हजारीबाग में चार, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 18, पलामू में 24, रांची में 36, साहिबगंज में 14, दुमका में सात, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सात, बोकारो में 22 ,लातेहार में छह, जामताड़ा में आठ,सरायकेला में 12, सिमडेगा में चार, देवघर में चार, गोड्डा में छह,गुमला में पांच,लोहरदगा में चार,चतरा में 14,गढ़वा में 14,कोडरमा में पांच, खूंटी में चार, रामगढ़ में नौ और पाकुड़ में तीन शामिल है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक धनबाद में 54 पॉक्सो एक्ट की घटनाएं हुई हैं। वर्ष 2021 में पॉक्सो एक्ट की 284 घटनाएं हुई है। इनमें धनबाद में 53, गिरिडीह में 12, हजारीबाग में 15, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )में 20, पलामू 15, रांची में 23, साहिबगंज में 11,




दुमका में 9, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में आठ, बोकारो में 33, लातेहार में सात ,जामताड़ा में तीन , सरायकेला में आठ, देवघर में 10, गोड्डा में आठ , गुमला में 11, लोहरदगा में दो, चतरा में आठ , गढ़वा में 13, कोडरमा में चार, खूंटी में तीन, रामगढ़ में पांच और पाकुड़ में तीन शामिल है। वर्ष 2021 में सबसे अधिक धनबाद में 53 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है।

इसी प्रकार 2022 में पूरे राज्य में 338 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 45, गिरिडीह में 16 ,हजारीबाग में 23, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 22, पलामू में 14, रांची में 33, साहिबगंज में 12, दुमका में 17, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 11, बोकारो में 23, लातेहार में सात, जामताड़ा में पांच, सरायकेला में चार, सिमडेगा में सात , रेल जमशेदपुर में एक

**वर्ष 2023 में अब तक पॉक्सो एक्ट की 157 घटनाएं घटी हैं।**

,देवघर में 19, गोड्डा में 9, गुमला में 16, लोहरदगा में तीन, चतरा में 9, गढ़वा में 22, कोडरमा में चार, खूंटी में चार, रामगढ़ में आठ और पाकुड़ में चार शामिल है। वर्ष 2022 में धनबाद में सबसे अधिक 45 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है।

वर्ष 2023 में अब तक पॉक्सो एक्ट की 157 घटनाएं घटी हैं। इनमें धनबाद में 18, गिरिडीह 9, हजारीबाग 12, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )से आठ, पलामू में 9, रांची में 9, साहिबगंज से 9, दुमका में दो, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में तीन, बोकारो में 14, लातेहार में चार, जामताड़ा में दो, सरायकेला में एक, सिमडेगा में तीन, रेल धनबाद एक, देवघर में चार,गोड्डा में नौ , गुमला में आठ, चतरा में एक, गढ़वा में 13, कोडरमा में आठ, खूंटी में चार, रामगढ़ में तीन और पाकुड़ में तीन शामिल है। वर्ष 2023 में अब तक सबसे अधिक 18 साइबर क्राइम की वारदात राजधानी रांची में हुई है। हालांकि आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में अब तक की तुलना में साइबर अपराध की घटनाएं कम हुई है।

**क्या है पॉक्सो एक्ट**

प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) कानून को 2012 में लागू किया गया था। ये कानून बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम के लिए बनाया गया है। इस एक्ट के तहत 18 साल के कम उम्र के बच्चे और बच्चियों को शामिल किया गया है, इस एक्ट के तहत नाबालिगों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। इस एक्ट का उद्देश्य एक बच्चे को किसी भी प्रकार के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण और उपेक्षा से बचाना है।

## धुर्वा में 6 सितंबर को जन्माष्टमी महोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के प्रमुख सदस्यों का महत्वपूर्ण बैठक हटिया रेलवे कॉलोनी हनुमान मंदिर प्रांगण में परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में चर्चा के दौरान तय हुआ की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण विकास परिषद झा0 के बैनर तले दिनांक 6 सितंबर को धुर्वा बस स्टैंड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार एवं दही हांडी प्रतियोगिता कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा तथा 12 सितम्बर को भगवान श्रीकृष्ण का छठीहार पूरे धूम धाम से मनाया जाएगा। परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने बताया कि श्रीकृष्ण विकास परिषद विगत कई वर्षो से प्रत्येक वर्ष रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में परंपरागत तरीके से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं दही हांडी कार्यक्रम करते आ रहा है । कार्यक्रम में समाज के तमाम गणमान्य लोगो को परिवार सहित आमंत्रित किया जाता है । इस बार दोमास होने के कारण 6 सितंबर को जन्माष्टमी एवं दही हांडी प्रतियोगिता कार्यक्रम किया जाएगा ! दही हांडी प्रतियोगिता में इस बार दूसरे राज्यों से 4 टीमें भाग लेगी । यादव ने कहा कि एचईसी धुर्वा में पहली बार दही हांडी प्रतियोगिता कार्यक्रम किया जा रहा है जो एक गर्व का विषय है कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

जन्माष्टमी के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का छठीहर भव्य रूप से मनाया जाएगा जिसमें प्रसाद के रूप में शुद्ध मीठा पकवान का व्यवस्था किया जाएगा ।

## प्रेस क्लब में बच्चों ने सीखा क्ले से स्टेच्यू बनाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा संचालित फाइन आर्ट्स एकेडमी प्रत्येक रविवार को पत्रकार के बच्चों के लिए पेंटिंग क्लास आयोजित कराया जा रहा है। बच्चों में पेंटिंग के प्रति रुचि बढ़े इसके लिए झारखंड के मशहूर चित्रकार सह मूर्तिकार दिलेश्वर लोहरा विशेष रुप से बच्चों के बीच मिट्टी और क्ले से किस तरह से स्टेच्यू बना सकते हैं, इसकी जानकारी दिए। उन्होंने बच्चों के बीच क्ले के माध्यम से एक हाथी का स्टेच्यू बनाकर दिखाएं और बताया कि आसानी से छोटे-छोटे बच्चे क्ले से एनीमल्स, बर्ड, फ्लावर आदि बना



सकते हैं । मौके पर बच्चों को क्ले से बनाने की प्रैक्टिस भी कराई गई। मौके पर मूर्तिकार दिलेश्वर लोहरा को प्रेस क्लब की ओर से कार्यकारिणी सदस्य सह आर्ट् टीचर परवेज कुरैशी ने उन्हें पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर फाइन आर्ट्स एकडमी के आध्या प्रिया ,आस्था प्रिया, विवांश वत्स, शिवांश, आमया जयसवाल, आश्रिता,आर्या सभी ने क्ले से स्टेच्यू बनाया।

## रांची पुलिस 72 हूरें फिल्म को लेकर अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस 72 हूरें फिल्म को लेकर अलर्ट है। इसको लेकर मेन रोड स्थित हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके अलावा हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रही है।

रिलीज के पहले ही 72 हूरें को लेकर विवाद चल रहा है। सात जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज फिल्म को लेकर एक विशेष धर्म समुदाय के लोगों ने नाराजगी जतायी है। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर रांची के सिनेमा हॉल के बाहर 50 की संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। साथ हो मेन रोड स्थित हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी है। उल्लेखनीय है कि चार जून को फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद ही यह विवादों में आ गयी थी। यह फिल्म आतंकवाद, धर्म परिवर्तन और ब्रेन वॉश कर मासूमों से गलत काम करवाने पर आधारित है। सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म 72 हूरें के ट्रेलर को सर्टिफाइड करने से इनकार कर दिया था और फिल्म के कुछ सीन्स में संशोधन करने को कहा था। फिल्म के डायरेक्टर संजय पूरन सिंह हैं। इसे अंग्रेजी सहित 10 अन्य भारतीय भाषाओं असमिया, बंगाली, भोजपुरी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में भी रिलीज किया गया है।

## भाजपा टूटी हुई नाव के ऊपर सवार होकर पार करना चाहती है दरिया : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधा। उन्होंने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भाजपा टूटी हुई नाव के ऊपर सवार होकर दरिया को पार करना चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही बाबूलाल भाजपा को बीच मझधार में डूबा देंगे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल के नेतृत्व में चुनाव जीतने की तो दूर की बात है भाजपा अच्छे से चुनाव भी नहीं लड़ पाएगी। इसकी कई वजह हैं। मरांडी ने पहले ही झारखंड की जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता को खो दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता उनके वक्तव्य को गाहे-



बगाहे याद करती रहती है जब वे भाजपा को दिन रात कोसते रहते थे। डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि झारखंड की जनता ने पहले ही बाबू लाल पर विश्वास करना छोड़ दिया और अब भाजपा के नेता बाबूलाल को साथ देने एवं नेता मानने को तैयार नहीं हैं। ऐसी स्थिति में 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खोलना भी मुश्किल हो जाएगा।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा के सांसदों से प्रश्न पूछ रही है कि सांसदों के द्वारा गांव को आदर्श गांव बनाना केंद्र सरकार के द्वारा हर साल दो करोड़ युवा को रोजगार देना, महंगाई कम करना, किसानों से किए गए वादे को पूरा करना जैसे कई मुद्दों का क्या हुआ। अब तो भाजपा सांसद ऐसे सवालों के डर से अपने क्षेत्र में भी नहीं जाते हैं।

## एक साथ रहते थे, गांजा के चक्कर में कर दी हत्या, गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बसारगढ़ ओम डेवलपर्स अपार्टमेंट विद्यानंद शर्मा का धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सिटी एसपी सुभांशु जैन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि 15 जुलाई को रात्रि में सूचना मिली थी कि बसारगढ़ डेवलपर अपार्टमेंट में विद्यानंद की हत्या कर दिया कर दी गई थी। इस मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। इसके पास से एक लोहे का चापर और घटना के वक्त पहना



हुआ शर्ट और गांजा पीने वाला चिलम बरामद किया गया है। विद्यानंद और संजय मिश्रा एक साथ में बैठकर ही गांजा वगैरह पीते थे।ज्ञ इसी बात को लेकर दोनों में लड़ाई झगड़ा हुई और घटना को अंजाम दिया गया। सीसीटीवी फुटेज से पूरा घटना का इस मामले में टीम गठित की गई थी।ज्ञ मुख्य रूप से इस उद्भेदन मामले में हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा , तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह ,अमित कुमार पासवान, राहुल सिन्हा ,कैलाश मंडल ,सुखदेव महतो सभी शामिल थे।

## न्यूक्लियस मॉल में संचालित फूड कोर्ट में फूड सेफ्टी की टीम ने की छापेमारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को अचानक न्यूक्लियस हाइट मॉल में संचालित फूड कोर्ट में फूड सेफ्टी की टीम ने छापेमारी की सूचना है। इस दौरान मॉल में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। मॉल के कई दुकानों की फूड सेफ्टी टीम ने छापेमारी कर खाद्य सामग्रियों की जांच की। वहीं कई दुकानों से खाद्य सामग्रियों का सैंपल लिया है। सेफ्टी ऑफिसर ने सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिया है। सूचना है कि न्यूक्लियस हाइट मॉल में मिलावटी की शिकायत फूड सेफ्ट विभाग को मिली थी, जिसके बाद अधिकारियों की टीम ने छापा मारा।अधिकारियों का कहना है कि जांच में अगर मिलावट पाया गया तो उनपर कार्रवाई की जायेगी।

### नगर निगम में 40 पौधे लगाए गए

**रांची।** नगर निगम द्वारा वन बंधु परिसर, आरोग्य भवन, बरियातू रोड, रांची में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 40 पौधे लगाए गए। जैसे सखुआ, आम, नीम, गुलमोहर, जामुन इत्यादि। पौधारोपण के दौरान में रांची नगर, निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। बता दे रांची नगर निगम द्वारा प्रशासक के आदेशानुसार पूरे रांची शहर में हरीयाली बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु लगातार पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, कुछ दिन पूर्व भी तेतर टोली तलाब के पास खाली जमीन में 100 सखुआ के पौधे लगाए गए थे।

## रांची में 17 को होगी कांग्रेस की भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने कहा कि भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत रांची जिला से होगी। इसकी शुरूआत 17 जुलाई से ओरमांझी प्रखंड के पुराना डहू पंचायत भवन से होगी और फिर सभी प्रखंड एवं पंचायत में इसे चलाया जाएगा।

महतो रविवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान का समापन पांच सितंबर को होगा।




इस अभियान के तहत रांची जिला कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारी एवं प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी कांग्रेस जनों, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षकों, मजदूरों, किसानों एवं पत्रकारों के घर जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात को रखेंगे।

साथ ही आम जनों से संबंधित जन मुद्दों की बात को करेंगे। रांची जिला कमेटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, प्रभारी, प्रखंड एवं मंडल के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस कार्यक्रम को व्यापक तौर पर जन-जन तक लेकर जाएं एवं जिला के निर्देशों का पालन करें। इस मौके पर उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, प्रवक्ता डॉ इलियास मजिद ,प्रवक्ता संजय सरैया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया है। इसके कारण आम लोग लाचार हो गए है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार का काम और विकास के दावे सिर्फ सरकारी खंभों में लटके नजर आते हैं। इन सबके बीच सरकार कुछ ऐसा एजेंडा सेट करती है जिसमें जनता के बीच भ्रम, संशय और उलझन कायम रहे। झारखंड के मुद्दे, विचार, विषय और जनभावना से सरकार का कोई वास्ता नहीं है। यही वजह है कि जनता सरकार से नाखुश और निराश है। महतो रविवार को हजारीबाग में आयोजित लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस अवसर पर कांग्रेस के नेता सिद्धार्थ शंकर राय सहित कई नेताओं ने पार्टी का दामन थामा।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने 1932 को लेकर सबसे बड़ा हिमायती होने का दंभ भरती रही लेकिन उनकी गलत नीति की वजह से यह लागू नहीं हो पाया आजसू




प्रमुख ने कहा कि जिन्होंने कभी पसीना नहीं बहाया वे सत्ता की बागडोर संभाल रहे। जाहिर है वे राज्य का दर्द क्या जानेंगे। हमें अपने झारखंड को प्रयोग का नहीं उपयोग का और गतिमान बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इस वजह से पढ़ाई का स्तर गिर गया है। गरीब के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं लेकिन गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई नहीं मिलने के चलते उन सभी बच्चों का भविष्य अंधकार में है। गरीब बच्चों के भविष्य से यह सरकार खिलवाड़ कर रही है।

## खुशी सरावगी को मारवाड़ी समाज के कई संस्थाओं ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्य श्याम सरावगी एवं श्रीमती शीतल सरावगी की सुपुत्री खुशी सरावगी के सीयूईटी 2023 की परीक्षा में नेशनल टॉपर्स होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति एवं अग्रवाल सभा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खुशी सरावगी एवं उनके पूरे परिवार को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने खुशी सरावगी को बधाई देते हुए कहा है खुशी रांची के डीपीएस स्कूल की होनहार छात्रा है जो कि सीयूईटी 2023 (ष्टश्वञ्ज त्न 2023) में राष्ट्रीय टॉपर बनी है। इसने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए खुशी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ह्ल्ञ्ज) द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (ष्टश्वञ्ज) में नेशनल टॉपर्स की सूची में शामिल हुई है। ज्ञातव्य हो कि इस टेस्ट में पूरे देश से लगभग 23 लाख बच्चे शामिल हुए थे। खुशी ने 800 में से 799.64 अंक प्राप्त किए हैं। एवं देश की टॉपर बनी, रिजल्ट निकलने के बाद से पूरे देश की टॉप यूनिवर्सिटी से उन्हें अपने एडमिशन लेने के लिए बुलावा आ रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, सोमवार, 17 जुलाई 2023 | पेज 4

## लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का किया गया वितरण

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करकट्टा स्थित निधि केशरी जनवितरण प्रणाली दुकान में शनिवार को लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। धोती-साड़ी का वितरण विश्रामपुर पंचायत के मुखिया दीपमाला कुमारी द्वारा किया गया। जनवितरण प्रणाली के दुकानदार ने बताया कि धोती 80, लुंगी 25 एवं 107 साड़ी लाभुकों के बीच वितरण किया गया है। लाभुकों में दीपक कुमार गंझू, शहीदा, सुफेदा खातून, पवन कुमार ठाकुर, ललिता देवी, रसुलम, सुनील कुमार साव, समीम अंसारी, सलीमून, तेमुन बीसा, हसीना खातून आदि का नाम शामिल हैं।



## शोक सभा का आयोजन

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस भवन में शनिवार की शाम जिला महासचिव स्वर्गीय अवधेश झा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्री आलमगीर आलम मुख्य रूप से शामिल हुए। जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार के अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखा गया। जिला महासचिव अवधेश झा की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि स्वर्गीय अवधेश झा का असामयिक निधन से स्तब्ध हूं। कांग्रेस संगठन में उनकी भूमिका हमेशा याद रखा जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, वरिष्ठ कांग्रेसी सेमिनूल इस्लाम, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, जिला महासचिव अर्धेंदु शेखर गांगुली, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा, देबू विश्वास सहित अन्य मौजूद थे।

## निःशुल्क जांच शिविर में 256 लोग हुए लाभांवित

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के कलिकापुर दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, झारखंड सरकार, स्वास्थ्य विभाग पाकुड़ की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में लगभग 160 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं गैर संचारी रोग के तहत 60 लोगों का उच्च रक्तचाप एवं डायबिटीज की जांच की गई। शिविर में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 36 लाभार्थियों के बीच परिवार नियोजन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पोषण परामर्श टीकाकरण के महत्व एवं बच्चों को कुपोषण से बचने हेतू आयरन फोलिक एसिड सिरप का वितरण किया गया। निःशुल्क इलाज और जांच से मरीजों में खुशी देखी गई।? डॉ एलके भगत, सीएचओ आशिष हेंब्रम, एएनएम सालिन टुडू, सबीना मरांडी, रेजिना खातून, रजनीश प्रसाद, बीटीटी अंगद पांडेय, शहरी सहिया अनुराधा विश्वास एवं झरना रविदास ने शिविर में सेवा दिया।

## छात्रों का जेईई एडवांस 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेईई एडवांस में फीटजी के छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर फीटजी ने जश्न मनाया इस वर्ष फिटजी क्लासरूम प्रोग्राम के छात्रों ने जेईई एडवांस 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमे शीर्ष 10 में स्थान और शीर्ष 100 में 32 स्थान हासिल किए। फीटजी के सभी कार्यक्रमों में, फिटजी के छात्र आल इंडिया रैंक में शीर्ष 10 में 3 छात्र और शीर्ष 100 में 37 छात्र हैं रहे । फिटजी नें अपने क्लासरुम प्रोग्राम को आधुनिक तरीके से डिजाइन करते हुए छात्रों को तनाव मुक्त माहौल प्रदान करने और दवाबमुक्त माहौल के अनुरूप बनाया है. पंरपरागत कोंचिंग सेंटर से हटकर फिटजी की इस पहल को सहराया जा रहा है और छात्रों के साथ साथ अभिभावकों ने भी इसका समर्थन किया है । फिटजी ग्रुप के निदेशक श्री आर एल त्रिखा, इस उत्कृष्ट उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विजयी छात्रों और समर्पित शिक्षकों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

## टेट पास सहायक अध्यापकों की बैठक

**पाकुड़िया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकुड़िया डाक बंगला परिसर में रविवार को प्रखंड के टेट पास सहायक अध्यापक समन्वय समिति की बैठक भवेश हेंब्रम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंड के सभी टेट पास सहायक शिक्षक उपस्थित हुए। बैठक में सांगठनिक मजबूती हेतू आपसी सहभागिता सुनिश्चित करने, प्रांतीय संगठन के निर्णयानुसार सांगठनिक कार्यक्रम का आयोजन करने, कोष की कमी को दूर करने आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। वहीं सभी की सहमति से कई प्रस्ताव पारित किया गया। पूर्व कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें नये प्रखंड अध्यक्ष के रूप संतोष प्रसाद, सचिव राम कुमार भगत, उपाध्यक्ष नुनुलाल अंसारी, संयुक्त सचिव चंदन मंडल, कोषाध्यक्ष अब्दुल हकीम को सर्वसम्मति से चुना गया।

## फोन पर ही डंपर चला कर ड्यूटी दिखाने का प्रयास

**डकरा :** एनके एरिया की केडीएच परियोजना में तीन कामगारों द्वारा फोन पर ही संडे ड्यूटी करने का एक मामला सामने आया है.बताया जा रहा है कि तीनों कामगार एक हाजिरी बाबू को मैनेज कर संडे ड्यूटी बुक करा लिया जबकि तीनों क्षेत्र से बाहर है.तीनों डंपर चालक है.इस मामले में शिफ्ट इंचार्ज की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं.घटना की जानकारी महाप्रबंधक और परियोजना पदाधिकारी को दी गई है.प्रबंधन इसकी जांच करा रही है.

## तालाब हो रहे हैं प्रदूषित

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने वर्षा जल संचयन हेतु एक तरफ तालाब निर्माण कराया जा रहा है वहीं पूर्व में बने तालाब को प्रदूषित हो जाने एवं इस पर ध्यान न देने पर सवाल खड़ा किया है। समाहरणालय के समीप सुंदर नगर स्थित तालाब गंदगी से पटा हुआ है जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारी को आमंत्रण दे रहा है। यहां के निवासी भी कचरे को इसी तालाब में डालकर इसे विद्रूप बनाने को आमादा हैं। इस तालाब के जीर्णोद्धार हेतु वर्ष 2019 में भी आवाज उठाई गई थी। यही हाल अरघौती नदी का है जो शैवाल से पूरी तरह पटा हुआ है जिससे पानी भी नजर नहीं आता ।

# अनिश्चितकालीन धरना जारी, समर्थन में आगे आया अखिल भारतीय नौजवान संघ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जयनगर थाना कांड संख्या 108/23 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष पीड़ित परिवार के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना पर दूसरे दिन भी बैठे रहे. बताया जाता है कि धरना के भय से एक अभियुक्त लक्ष्मण साव न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया जबकि अन्य बाकी मुजरिमों को जयनगर पुलिस बचाने पर तुली हुई है. वहीं दूसरे ओर पीड़ित परिवार के समर्थन में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन, जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, सुखदेव पांडे, असगर अंसारी, रोजन अली धरना स्थल पर पहुंच अपना समर्थन दिया. इस दौरान अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन ने पीड़ित परिवार को अस्वस्थ किया कि जब तक आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है जब तक आपके धरना में साथ हू. उन्होंने कहा कि वैसे भी जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश सिन्हा विवादों में घिरा रहते है इसके बावजूद उनके खिलाफ कोडरमा एसपी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है एक तरफ पीड़िता रंजीत रजक अपने घर में मौत से जूझ रहा है एवं पीड़िता की पत्नी कोडरमा एसपी कार्यालय के समक्ष अपने इंसाफ के लिए गुहार लगा रही है इसके बावजूद जयनगर पुलिस हाथ पर हाथ रखकर सोई हुई है जयनगर पुलिस केस उठाने पर विशेष रूप से दबाव दे रही है जबकि पुलिस को इमानदारी पूर्वक कार्रवाई करनी चाहिए थी जो वैसा नहीं हो रहा है लोगों का विश्वास जयनगर पुलिस से हट रही है. वहीं अध्यक्ष रंजन कुमार रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में कानून नाम का कोई चीज नहीं है लॉयन ऑर्डर फेल है पुलिस लोगों पर हावी है कोडरमा जिले में पुलिस जुल्म के खिलाफ आंदोलन तेज करने की आवश्यकता है.



## डकरा अस्पताल में गलत तरीके से संडे ड्यूटी आवंटित किया जा रहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डकरा :** एक तरफ एनके प्रबंधन संडे ड्यूटी कटौती को लेकर हर सप्ताह अलग-अलग परियोजना में मजदूरों का संडे ड्यूटी में कटौती कर रही है वहीं दूसरी ओर डकरा अस्पताल की जो नर्से पूरे क्षेत्र की प्रतिष्ठा को गिराने का मुहिम चला रखी है उन पर प्रबंधन मेहरबानी बरसा रही है.इस भेदभाव के विरुद्ध एरिया से लेकर मुख्यालय तक आंदोलन की रुप-रेखा तैयार की जा रही है.उक्त बातें एनके एरिया सलाहकार समिति सदस्य सुनील कुमार सिंह ने कही है.उन्होनें बताया कि एक संगठन के इशारे पर अस्पताल में संडे ड्यूटी एलॉट् किया जा रहा है और उसी संगठन से जुड़े एक लैब टेक्नीशियन नियम विरुद्ध ड्यूटी बांट रहे हैं.बताया कि छह नर्स को संडे ड्यूटी दिया जा रहा है जबकि अस्पताल में प्राइवेट नर्स की भी पोस्टिंग की गई है और वही लोग जिम्मेदारी से ड्यूटी भी कर रही है.इस संबंध में उन्होंने प्रबंधन को भी अवगत कराया है और बताया कि जब यहां प्राइवेट नर्स नहीं थी तब से अबतक समान रूप से ही संडे ड्यूटी दिया जा रहा है.जानकारी मिलने के बाद मुख्य कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुमार अस्पताल प्रमुख डॉ बीडी चौधरी से मिलकर पूरी वस्तु स्थिति की जानकारी ली.डा.चौधरी ने कहा कि ड्यूटी उनके देखरेख में एलॉट् किया जाता है इसमें और सुधार किया जाएगा.

**नर्स हॉस्टल में कमरा आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू :** डकरा अस्पताल के नर्स हॉस्टल में रह रही नर्सों द्वारा नियम विरुद्ध एक से अधिक रुम में कब्जा कर रखने मामले में प्रबंधन कारवाई करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है.हॉस्टल के कमरों में नंबर अंकित किया गया है ।

## जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ ने किया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रविवार को डीएभी विद्यालय बरकाकाना के प्रांगण में जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी गणमान्यों के द्वारा सड़क सुरक्षा विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़ श्री संजीव कुमार ने स्कूल बस चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने एवं नियमानुसार बस चलाने की अपील की।




## भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ, कार्यक्रम के तहत खूंटी में चलाया जाएगा अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम के तहत खूँटी जिला कांग्रेस कमिटी के तहत आज खूँटी डाकबंगला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह खूँटी जिला प्रभारी सुरेश बैठा ने उपर्युक्त कार्यक्रम के विषय में बताया कि पिछले वर्ष 7 सितंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर तक की पदयात्रा पूरे भारत के सभी वर्गो चाहे वो अमीर हो, गरीब हो, महिला हो, पुरूष या बच्चे हो, विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्टता प्राप्त लोग हों या सड़क किनारे छोटे मोटे व्यापार कर जीविका चलाने वाले लोग हों उनको एक सुत्र में जोड़ने के लिए प्रारंभ किया था जो 26 जनवरी 2023 को कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त की गई थी, उसी कार्यक्रम की कड़ी में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेशाध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार झारखंड के सभी जिलों में ÷भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ÷ कार्यक्रम आगामी कल से 5 सितंबर तक चलाया जाएगा, इस कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संपूर्ण जिले में प्रखंड अध्यक्षों का सहयोग लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाएगी। खूँटी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रवि मिश्रा ने प्रेस को बताया कि जिले के सभी 6 प्रखंडों के अध्यक्षों के साथ समन्वय बनाकर कल से इस कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी, प्रेसवार्ता को खूँटी विधानसभा के प्रभारी सह प्रदेश सचिव अमरेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवजीत देवघरिया, विल्सन तोपनो, गोपाल भगत एवं विजय स्वांसी उपस्थित थे।



## भाजपा की टिफिन बैठक में शमिल हुए गंगोत्री कुजूर

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरकोपी मंडल के मुरतो गांव में रविवार को भाजपा द्वारा टिफिन बैठक का आयोजन की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ग्रामीणों के साथ आपस में विचार विमर्श किया। वही भाजपा पार्टी के नीति, सिद्धांत व कार्यक्रमो को अपने अपने गांव के लोगो को बताने की बात कही। वही ग्रामीणो के साथ जमीन मे सभी बैठक कर टिफिन से भोजन किये। मौके पर प्रदेश कार्यालय प्रभारी भोगेन सोरेन, पूर्व 20सुत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, ग्रामीण एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव,मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री राजेश साहू,बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह, लखनदेव उरांव, ईश्वर साहू,चंदर किशोर उरांव,पार्वती मिंज, मुनी देवी, संजय गोप, देवलाल गोप, बिनोद गोप, भुनेश्वर साहु सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी ने जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा राँची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी द्वारा उपकारा खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव श्री मनोरंजन कुमार ने कहा कि जेल अदालत के अलावा जेल में कानूनी जागरूकता शिविर का भी आयोजन हुआ। सभी कैदियों का विचारन बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी लोग अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने-अपने वाद को जल्द से जल्द निपटारा करवाएँ। ÷सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने-2 मामले के बारे जानकारी रखना आपका हक है आपको निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है. बशर्ते आप हक लेने के लिए आगे बढ़ें। आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने-2 अन्दर दबी हुई प्रतिभा को जगाएँ और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने पढ़ने की आदत डालें। इस कार्यक्रम में डालसा आपकी मदद करेगी। आप स्वस्थ रहें व्यस्त रहे, इसकी शुभकामना÷ । डालसा सचिव ने जेल में कानूनी जागरूकता के तहत कैदियों के बीच डायन कुप्रथा के बारे समझाते हुए यह कहा कि कमजोर तथा असहाय महिलाओं को मानसिक यातना देकर उनसे संपत्ति हड़पने की साजिश रची जाती है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यह एक अपराध जिसकी सजा छः माह से एक साल तक तथा 2000रू तक का जुर्माना भी होता है। उन्होंने लोगों को यह भी बताया कि डायन कहे जाने पर किसी ओझा या वह व्यक्ति जो दावा करता हो कि उसमें डायन को नियंत्रित करने की क्षमता है चाहे वह गुणी या शोखा या किसी अन्य नाम से जाना जाता हो की बातों में न आएँ। इसकी सूचना पुलिस या डालसा को दें । इस कार्यक्रम में डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, डालसा पी0एल0वी0 उपकारा खूँटी के कारा अधीक्षक एवं कारा के कर्मचारीगण एवं जेल पी.एल.वी. उपस्थित रहे।



## सैयलो प्रोजेक्ट को लाकर असंगठित मजदूरों को बेरोजगार बनाने की साजिश : अब्दुल्ला

**डकरा :** सीएचपी सैयलो प्रोजेक्ट को लाकर एनके एरिया में असंगठित मजदूरों को बेरोजगार बनाने की साजिश रची गई है.इस प्रोजेक्ट को लेकर असंगठित मजदूरों के अलावा उनका पूरा परिवार दहशत में है.उक्त बातें आरसीएमएस के एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कही है.बताया कि पुरनाडीह और केडीएच परियोजना का कोयला सैयलो सिस्टम के तहत कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से सीधे रेलवे साइडिंग लाया जाएगा जहां रैक में कोयला लोड होगा.3400 करोड़ रुपए का इस प्रोजेक्ट पर मधुकम कंपनी ने काम शुरू कर दिया है.राइट्स कंपनी अलग से यहां रेलवे लाइन बनाने का काम करेगी.इसके पहले विस्थापितों का आशियाना महावीर नगर को उजाड़ने की भी योजना बनाई गई है.कहा कि इससे डंपर चालक,खलासी,लोडर, सुपरवाइजर, मुंशी सहित अन्य पदों पर काम करने वाले लोग पूरी तरह बेरोजगार हो जाएंगे.इस मामले को लेकर डकरा स्टेडियम में असंगठित मजदूरों की बैठक की गई और प्रोजेक्ट को लेकर चिंता व्यक्त किया गया.इस अवसर पर अमजद खान, कृष्णा सिंह, अशोक सिंह, प्रदुम्न चौहान,विजय सिंह, वेदप्रकाश पांडेय,बबलु मुंडा, कमलेश यादव, जयदीप कुमार,जसीम अंसारी,जगमोहन भगत, संदीप सिंह,सिलदेव तुरी,भानुप्रताप चौहान,जॉर्ज चौहान,समीर अंसारी, प्रवीण सिंह आदि मौजूद थे.

**20 जुलाई को धरना प्रदर्शन किया जाएगा :** बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई से आंदोलन की शुरुआत की जाएगी.एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा और असंगठित मजदूरों की समस्या रखी जाएगी.सुनवाई नहीं होने पर बड़े आंदोलन का रुप रेखा-तय किया जाएगा.

## रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी ने किया बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ न्यू बस स्टैंड में क्लासिक गेस्ट हाउस में रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रामगढ़ प्रभारी तनवीर आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहें रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी गण और प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण उपस्थित थे मौके पर तनवीर आलम ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान की घोषणा की गई है इस अभियान के शुभारंभ आज दिनांक 16 जुलाई 2023 से राज्य के सभी जिला मुख्यालय से विधिवत की जाएगी इस कार्यक्रम का समापन 5 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन प्रत्येक जिले में शिक्षकों को सम्मान समारोह के साथ संपन्न होगा साथ ही रामगढ़ कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान के तहत जिला के समृद्ध सभी पदाधिकारी गण एवं अग्रिम संगठन एवं विभाग के वरिष्ठ कांग्रेस जनों के घर जाकर उनसे मिलकर काम करेंगे एवं राहुल जी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य एवं संदेशों पर चर्चा करते हुए उनके साथ अपनी बातों को ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच राहुल जी के संदेश को पहुंचाने का काम करेंगे! इस बैठक में मुख्य रूप से बजरंग महतो, वीरेंद्र नारायण सिंह, सी पी संतन राजेंद्र नाथ चौधरी, मंजू जोशी ,जाकिर मुखिया ,संतोष सोनी, समशुद खान, बलराम साहू ,दिगंबर प्रसाद, अजीत करमाली ,ताहिर अली, रीना बेबी सरिता कुमारी ,जगतपाल प्रसाद, हीरा लाल महतो, जेके अग्रवाल, आसिफ इकबाल,सलीम खान, रिंकू खान संजू साहू, आजाद सिंह ,उपेंद्र वर्मा ,सुनील करमाली नुल हक लखेश्वर कुमार सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा का प्रथम जिला सम्मेलन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा का जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन से पूर्व भाकपा माले जिला कार्यालय से जिले भर के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने तख्ती झंडा बैनर के साथ नारे से रामगढ़ शहर गूंजता रहा। नई शिक्षा नीति वापस लो, झारखंड के विश्वविद्यालय से सीयुइटी वापस लो, रामगढ़ में इंटर कॉलेज बनाने एवं नामांकन की गारंटी करो,ओलचिकी भाषा में यूकेजी से पीजी तक की पढ़ाई गारंटी करो। नफरत नहीं अधिकार चाहिए शिक्षा और रोजगार चाहिए,सभी शैक्षिक संस्थानों में खाली पड़े पदों पर अभिलंब नियुक्ति करो। 4 साल से बंद पड़ेकल योजना को पुनः वितरण करो, सहित अन्य नारो से मार्च करते हुए यादव धर्मशाला पहुंचे।जहां सामाजिक व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हीरा गोप के द्वारा झंडा तोलना किया गया। सम्मेलन को संचालित करने के लिए 5 सदस्य अध्यक्ष मंडली गठन किया गया।सम्मेलन का उद्घाटन देवकी बेदिया एवम रामगढ़ कॉलेज के प्रोफेसर शाहनवाज खान ने किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश जब अदानी अंबानी के हाथों बेचा जा रहा है,शिक्षा जगत को भी गिने-चुने पूंजीपतियों के हाथों बेचने की तैयारी चल रही है, शिक्षा बेहतर होने की बजाय बदतर होती जा रही है, ऐसे दौर में आइसा छात्रों को पूरे देश भर में एकजुट कर रही है. आज जरूरत है शिक्षा की बचाने की लड़ाई तेज करने की। नहीं तो गरीब पिछड़े वर्ग के लोग शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। मुख्य वक्ता आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि आइसा गठन के 33 साल होने को है तब से लगातार सस्ती व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सम्मानजनक रोजगार,भाईचारा महिलाओं की बराबरी, यौन हिंसा के खिलाफ एवं सामाजिक न्याय के लिए आंदोलनरत रही है।वर्तमान में नई शिक्षा नीति आने के बाद से शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 400त्न और बिहार विश्वविद्यालय में 15 गुना फीस बढ़ाना इसका उदाहरण है। कमोबेश सभी विश्वविद्यालय में फीस बढ़ाई गई है इससे झारखंड भी अछूता नहीं रहा है। नई शिक्षा नीति 40% ऑनलाइन शिक्षा की बात कर रही है। ऑनलाइन शिक्षा की वजह से गरीब एवं पिछड़े क्षेत्र के छात्र वंचित रह जाएंगे। झारखंड के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रोफेसर तथा अन्य पदों पर हजारों पद खाली है। स्कूली शिक्षा की बात करें तो यूनेस्को के रिपोर्ट के अनुसार लगभग 7000 स्कूलों में औसतन 1 शिक्षक पढ़ा रहे हैं। प्रभात खबर की रिपोर्ट के अनुसार 95त्न स्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं है ,प्राथमिक और मध्य स्कूलों की हालत दयनीय होती जा रही है। पिछले 4 सालों से छात्र-छात्राओं को मिलने वाली साइकिल वितरण बंद हो गया है। सरकार के इस रवैया से छात्रों की शिक्षा बाधित हो रही है। झारखंड में इस बार कॉमन इंवर्सिटी इंटरेस्ट टेस्ट सीईटी लागू की गई है। सीयुइटी से छात्रों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सभी जिलों में सेंटर नहीं होने के कारण सुदूर एवं गरीब छात्र परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं।सीयुइटी का ऑनलाइन परीक्षा होने से छात्रों को परेशानी हो रही है। जिसके कारण उच्च शिक्षा में छात्र छात्राएं शामिल होने से वंचित हो रहे हैं। बरकाकाना ,रामगढ़ के छात्रों को 10th के बाद इंटर में नामांकन लेने के लिए दूर दूर भटकना पड़ रहा है। सरकारी कॉलेज के नाम पर रामगढ़ कॉलेज है, जो पिछले 2साल से यूजीसी गाइड लाइन का बहना बनाकर इंटर में नामांकन बंद कर दिया हैं। हर साल हजारों छात्र छात्राएं परेशान हों रहे है, जिनके अभिभावक आर्थिक हैसियत वाले है उन छात्रों का नामांकन तो निजी महाविद्यालय में हो जा रहा है, लेकिन जो गरीब घर के बच्चे हैं उनकी पढ़ाई रुक जा रही है। ऐसे हालात में शिक्षा से दूर होते छात्र छात्राएं बाल मजदूरी करने पर मजबूर हो जा रहे है। दूसरी तरफ जिले के कई हिस्सों में ओल चिकी लिपी में पढ़ाई कि मांग उठ रही है। ओल चिकी लिपि को 2003 में ही 8वीं अनुसूची में दर्ज कर ली गई है.2016 तक झारखंड में किताबे छापी गई है। अब राज्य सरकार ने देवनागरी लिपी में किताब को छाप रही है जिससे मूल भाषा और संस्कृति पर हमला है। सरकार को चाहिए कि संथाली भाषा और संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए ओलचिकी लिपी में यूकेजी से पीजी तक पढ़ाई की गारंटी करवाए तथा अध्यापकों कि बहाली सुनिश्चित करते हुए ओलचिकी लिपी के लिए काउंसिल गठन करें।



## खरसावां के रुगडी गांव में कांग्रेसी नेताओं के प्रयास से लगा 63 केवी टांसफार्मर

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां के जोरडीहा पंचायत के रुगडी? गांव में विते कई दिनों से टांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को अंधेरा का सामना करना पड़ता था। जिसका ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन कांग्रेसी नेता को दिया गया। जिसके बाद कांग्रेसी नेता ने संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग को सूचना देकर कांग्रेसी नेता व खुंटी लोकसभा के पूर्व सांसद प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पहल से 63 केवी का टांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रदेश सचिव छोटूराय किस्कू प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार उपाध्यक्ष शंकर लोवादा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इस दौरान मुख्य रूप से बीस सूत्री सदस्य बलभद्र महतो सुभाष कुम्हार बिरेंद्र कुम्हार ईश्वर बानरा अर्जुन बांकिरा ललित बांकिरा सुनील हेंब्रम अजय हेंब्रम समीर हेंब्रम आदि उपस्थित थे।



## भाजपा सोनारी में टिफिन बैठक का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सोनारी मंडल में प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर के निर्देशानुसार टिफिन बैठक सोनारी गुदरी बाजार कार्यालय में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह,वरिष्ठ नेता सुदीप चौधरी, नारायण प्रसाद, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, अभिषेक दै आदि ने भाग लिया एवं एक साथ बैठ करके टिफिन (नास्ता) खाया एवं संगठन के हाथ को मजबूत करने पर चर्चा हुआ।



## सचिदानंद महतो बने कुकडु प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची लोकसभा क्षेत्र के कुकडु प्रखंड में सचिदानंद महतो को कुकडु प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया। उक्त जानकारी पत्र के माध्यम से सांसद संजय सेठ ने दिया। ज्ञात हो कि इससे पहले कुकडु प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि प्रयाग चंद महतो थे। परंतु बीते दिन प्रयाग चंद्र महतो का आकस्मिक निधन के बाद सचिदानंद महतो को संसद प्रतिनिधि बनाया गया। नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि को सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया।



## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने महिला को तिरपाल व नगद राशि देकर की मदद

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की सुदूरवर्ती लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत नहचीबेड़ा गांव के रहनी वाली श्रीमती डुबू सिंह की मिट्टी के घर का छावनी भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके चलते बारिश होने से घर में पानी टपकने लगता था। आर्थिक रूप से कमजोर महिला एक तिरपाल खरीदने के लिए भी सक्षम नहीं थी। इस बात की जानकारी झामुमो नेता महाबीर मुर्मू को मिलने से रविवार को वे गांव पहूंचकर बुजुर्ग महिला से मिलकर क्षतिग्रस्त घर का जायजा लिया। इस दौरान महाबीर मुर्मू ने बुजुर्ग महिला को घर को ढंकने के लिए एक तिरपाल व आर्थिक मदद भी की। उन्होंने महिला को आश्वासन देते हुए कहा कि झामुमो प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष अश्विनी महतो ने पटमदा बीडीओ से मिलकर सरकारी लाभ दिलाने का काम करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, लक्ष्मीपुर पंचायत अध्यक्ष साधु सिंह, पप्पू उपाध्याय, मनोज तांती, प्रतिक दिनकर, करण कालिंदी आदि उपस्थित थे।



## वज्रपात मृतक को देखने उमड़े ग्रामीण, गांव में पसरा मातम

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार की शाम कुकडु प्रखंड के बेरासी में धनंजय सिंह नामक युवक की मृत्यु वज्रपात से हो गयी थी। वही पोस्टमार्टम के बाद आज लाश को बेरासी लाया गया जहाँ मृतक को देखने ग्रामीण उमड़ पड़े,वही पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। परिजनों ने बताया कि मृतक धनंजय सिंह सरदार बैल चराने गया था जहाँ तेज वारिश व कड़क के साथ वज्रपात से उसकी मृत्यु हो गयी। मृतक को देखने कुकडु बिस सूत्री अध्यक्ष शक्ति महतो,मुखिया मंजीत सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण पहुचे। वही मुखिया ने मृतक के परिजनों को हर सुख दुख में साथ देने का अस्वासन दिया।

## जुगसलाई राजस्थान शिव मंदिर में भागवत कथा का आयोजन 18 से 24 जुलाई तक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई एमई स्कूल रोड़ स्थित राजस्थान शिव मंदिर में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 से 24 जुलाई तक होने जा रहा हैं। कथावाचक अंतरराष्ट्रीय व्याख्याता गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज व्यासपीठ से रोजाना दोपहर 03 बजे से शाम 07 बजे तक कथा का प्रवचन करेंगें। सावन माह के पावन अवसर पर इसका आयोजन जुगसलाई के गढ़वाल परिवार (थोई, राजस्थान निवासी) द्वारा किया जा रहा हैं। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। यह जानकारी रविवार को आयोजनकर्तृता राजेश गढ़वाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। प्रथम दिन 18 जुलाई को कलश यात्रा एवं श्रीमद् भागवत महात्मय कथा का प्रसंग, 19 जुलाई पांडव चरित्र, श्री शुकदेव जी, राजा परीचित मिलन, 20 जुलाई गुरूवार को श्री ध्रुव, प्रहलाद चरित्र, श्री वामन जन्म, 21 जुलाई शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 22 जुलाई को श्री कृष्ण बाल लीलाएं, गोवर्धन महोत्सव, 23 जुलाई को श्री कृष्ण रूकमणि विवाह महोत्सव तथा 24 जुलाई को श्री सुदामा चरित्र, व्यास पूजन की कथा का प्रसंग होगा। सोमवार को सुबह हवन के साथ कथा का विश्राम होगा।



## ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन व निश्चय फाउंडेशन ने किया पीरियड स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया क्षेत्र अंतर्गत नेंगटासाई ग्राम के महुलडीह टोला स्थित शिशु शिक्षा निकेतन में मासिक धर्म संबंधी रूढ़िवादी विचारधारा से लोगो को अलग करने एवं महिलाओं, बालक और बालिकाओं के बीच मासिक धर्म की जानकारी की कमी, मिथक व गलत अवधारणा को दूर करने हेतु ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन एवं निश्चय फाउंडेशन के तत्वावधान में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला सह सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम आयोजित की गयी। मुख्य वक्ता के रूप मे निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक व दो बार लिम्का बुक विजेता तरूण कुमार ने मासिक धर्म च्रक को बारीकी से समझाया। अंत में प्रोजेक्ट बाला के तहत सभी महिलाओं के बीच पुनः उपयोगी सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। साथ ही फल भी वितरण किया गया।

# भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम में उमड़े कांग्रेसजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ 16 जुलाई 2023 से व्यापक रूप से पूर्वी सिंहभूम में शुभारंभ जेम्को, शहीद भगत सिंह चौक से मुख्य अतिथि बलजीत सिंह बेदी जिला प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के द्वारा शहीद ए आजम के मुर्ति पर माल्यार्पण कर पदयात्रा कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन टेल्को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बलजीत सिंह बेदी ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार जब से देश में आई है, महंगाई का बोलबाला चरम पर है, हर घर महंगाई के मार से त्राहिमाम है। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि बेरोजगारी ने देश के युवाओं का भविष्य असुरक्षित कर दिया है। मोदी सरकार तानाशाह रवैया अपना कर सरकारी उपक्रमों को बेच रही है। अब नौजवानों को नौकरी कहाँ से मिलेगा। भाजपा सरकार नाकाम हो गई है। पदयात्रा कार्यक्रम के तहत पाँच सौ परिवारों तक सैकडों कांग्रेस नेताओं ने पर्चा देकर मोदी सरकार के विफलताओं के बारे में विचारों को साझा किया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी , जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, राजेश कुमार प्रखण्ड अध्यक्ष, रियाजुद्दीन खान, राजकिशोर यादव, के के शुक्ल, कार्यकारीअध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर, संजय सिंह आजाद, गुरदीप सिंह, जितेन्द्र सिंह, सुखदेव सिंह मल्ली, जसवंत सिंह जस्सी, नरेंद्र कुमार, रजनीश सिंह, सलीम खान कोषाध्यक्ष, राजेश चौधरी, रामदरस चौधरी, पवन कुमार बबलू, अतुल गुप्ता, संजय कुमार, अशोक शर्मा, धर्मा राव, रानी राव, मो सलीम, रंजीत सिंह, रंजीत झा, अरूण सिंह, धीरज कुमार, इंदुभुषण यादव, दुर्गा प्रसाद, राजकुमार वर्मा, सुशील घोष, हरिहर प्रसाद, संजय घोष, विपिन नाग, निखिल तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया, धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार ने दिया।



## जुबली पार्क से शुरू हुई आओ मिलकर पढ़ें की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन युवा और फेसबुक ग्रुप जे एम पी की नई पहल हुई । सार्वजनिक स्थल जुबली पार्क में सामूहिक रूप से किताब पढ़ने के लिए आज 15 लोग जुटे। वर्णाली चक्रवर्ती ने बताया कि लोग मोबाइल के कारण किताबों से दूर हो रहे हैं। इसलिए यह पहल की गई है। हम अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि खुद भी पढ़ें और बच्चों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें। यह सांकेतिक पहल लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। यह कार्यक्रम हर महीने तीसरे रविवार को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में युवा के संस्थापक एवं टांगराईन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने कहा कि नहीं पढ़ने के कारण लोगों में सोचने की शक्ति कम हो रही है। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार ,मनविंदर कौर, सपत्नीक सुभोजित घोष, अर्पिता श्रीवास्तव, अपने बच्चों के साथ जे एम पी की नीता बोस अपने बेटे के साथ शिवानी गिरी तथा कई बच्चे आदि उपस्थित थे।

## आदित्यपुर बाबा आश्रम में रुद्राभिषेक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर नगर निगम, वार्ड संख्या- 34 स्थित मनोकामना नाथ मंदिर बाबाकुटी में तीन दिवसीय रुद्राभिषेक, अखंड कीर्तन सह भंडारा का आयोजन सम्पन्न हुआ. जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्त जुटे। रविवार को भंडारा में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह सहित राजद के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, नमो फैंस क्लब के संयोजक सतीश शर्मा, प्रदेश सचिव देव प्रकाश, सत्य प्रकाश, तबला वादक गुरु दयानंद उपाध्याय, पूर्व पार्षद मनोज राय, सरोज सिंह, अधिवक्ता संजय कुमार आदि शामिल हुए। इस आयोजन में मंदिर कमेटी के आचार्य अजय उपाध्याय के नेतृत्व में पशुपति सिंह, गजेंद्र झा, विजय मिश्रा, एसएन सिंह, कन्हैया सिंह, पुजारी विजेंदर तिवारी, पंडित भोला शास्त्री, पंडित देवानंद उपाध्याय, वशिष्ट पांडेय, विनय पांडेय, शिव शंकर राय, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र मंडल एवं समस्त आश्रम वासी का अहम योगदान रहा।



# जन्म व मृत्यु पंजीकरण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड में रविवार को प्रखंड कार्यालय से जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण जागरूकता रथ को बीपीआरओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। बीपीआरओ आनंद महतो ने कहा कि शिशु जन्म पंजीकरण एक अनिवार्य कार्य है।7 इस जन्म पत्र के बुनियाद पर पासपोर्ट और विद्यालय में भी दाखिला मिलता है। कोशिश करें कि आप अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए 21 दिनों के भीतर ही आवेदन कर दें। इससे प्रक्रिया में ज्यादा समय नहीं लगता है। अगर आपको बहुत जल्दी जन्म प्रमाण पत्र बनवाना है तो इसके लिए फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया भी है। ठीक उसी तरह 21 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर मृत्यु दर्ज करने में विफलता की स्थिति में, व्यक्ति को एक गैर-आपत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करना होगा, जो तब जारी किया जाता है जब मृत्यु के एक वर्ष से अधिक समय तक मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया हो। मृत्यु का तथ्य तय करने ताकि मृतक को सामाजिक, कानूनी और आधिकारिक बाध्यताओं से मुक्त किया जा सके. संपत्ति पर दावा करने के लिए इस प्रमाण पत्र की जरूरत होती है. पुश्?तैनी संपत्ति का निबटारा और परिवार को मिलने वाले इंश्योरेंस, पेंशन जैसे फायदों के लिए इस प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है।



## भाजपा पटमदा मंडल का टिफिन बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर व विगत एक महीने से भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतापूर्वक 9 साल पूरे होने पर पटमदा मंडल के विभिन्न बूथों पर घर - घर चलाए गए महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम की समीक्षा हेतु मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त के अध्यक्षता में मंडल कार्यालय में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, शरत सिंह सरदार, निरंजन रजक, विजय सिंह, इन्द्रनारायण महतो, सुभाष माहली, बिमल मंडल, लक्ष्मी कुंभकार, गणेश महतो, सुभाष महतो, आदि थे।

## झारखंड राज्य जुनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप जिले के एथलीटों ने जीते दो पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** बोकारो के चंदनकियारी में आयोजित प्रथम झारखंड राज्य जुनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सरायकेला खरसावां जिले के 10 एथलीटों ने भाग लिया था। जिसमें बालक वर्ग में -अमित कुमार महतो, प्रदिप सरदार, चैतन काठिया, सुरज गौवला, महादेव कालिंदी एवं बालिका वर्ग में सनी कुमारी, संगीता महतो, राधा कुमारी, संतोषी महतो और रानी हेमब्रम ने अपना अपना दमखम दिखाया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के एथलीटों ने एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु नारायण सिंह, संयुक्त सचिव- कर्मु मण्डल, राजेश कुमार, नित्यानंद महतो, लक्षमण महतो सहित अन्य पदाधिकारियों ने इन्हे बधाई दी है।

## टैगोर सोसाईटी ने किया वर्षा मंगल कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रबीन्द्र नाथ टैगोर को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति टैगोर सोसाईटी, जमशेदपुर द्वारा शहर के कला संस्कृति के केन्द्र रबीन्द्र भवन परिसर में वर्षा मंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महान कवि की उस परम्परा को जीवंत रखने की है, जब कवि रबीन्द्र नाथ टैगोर सभी ऋतुओं का आह्वान करते हुए अपने प्रिय ऋतु वर्षा के लिए वर्षा मंगल का आयोजन करते थें, इस कार्यक्रम में कविवर की वर्षाऋतु एवं प्रेम पर आधारित रचना को समेटे वर्षनेर पोरोष लेगे नृत्यगीती आलेख का मंचन किया गया।

## पोटका लैंप्स के निर्विरोध अध्यक्ष बने पंचानन सरदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** पोटका लैंप्स के निर्विरोध अध्यक्ष पंचानन सरदार को चुना गया है। पंचानन सरदार अगले पांच साल के लिए पोटका लैंप्स के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे। पंचानन सरदार टागर साई निवासी है। इसके पूर्व पलटू सरदार अध्यक्ष थे। उनका कार्यकाल आज समाप्त हो गया। इधर इस मौके पर लैंप्स कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित की गई जहा नए लैंप्स अध्यक्ष पंचानन सरदार को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अरुण सिन्हा ने माला पहनाकर व प्रमाण पत्र सौपे कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन लैंप्स सचिव खुदी राम बेसरा ने की। इस मौके पर 10 कार्यकारणी सदस्य का भी चयन किया गया। जिसमे एक एकलव्य मदीना (पोटका), गीता सरदार (रोलाडीह), जय मन सरदार ( पोटका) पोल्टू सरदार (पूर्व अध्यक्ष, टागर साई), वैजयंती पात्र (रोलाडीह, मिलन सरदार( बड़ा भुमरी) सुनिता सरदार( टागरसाई), हरमोहन मंडल ( सरमदा) चंपा माझी ( बड़ा भूमरी) व माया मुर्मू( रोला डीह) को बनाया गया है।

# गुलाब बाग में सड़क नाली निर्माण कार्य शुरू, कांग्रेसी अंसार ने बांटे लड्डू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ठेकेदार मुकेश गुप्ता जेसीबी मशीन के साथ गुलाब बाग फेस 2 रोड बनाने के लिए पहुंचे। गुलाब बाग बस्ती वासियों ने मंत्री बन्ना गुप्ता का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। अंसार खान ने बताया गुलाब बाग के लोग काफी दिनों से परेशान थे यहां कोई रोड नाली नहीं बना था। कुछ माह पहले मौलाना अंसार खान ने मंत्री बन्ना गुप्ता का गुलाब बाग फेस टू क्षेत्र का दौरा कराया था। मंत्री ने बस्ती वासियों को आश्वासन दिया था कि जल्द निमार्ण कार्य शुरू कराएंगे। इस खुशी में मौलाना अंसार खान ने बस्ती में लड्डू वितरण किया। मौके पर मोहम्मद सुहैल, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद बदरुद्दीन, मोहम्मद नूर आलम, अजहर अली, मोहम्मद अकरम आदि मौजूद थे।



# सरायकेला मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मंडल कारा सरायकेला में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कई बंदियों द्वारा दिए गए आवेदन में से चार मामलों पर विचार किया गया। इसी क्रम में उपस्थित बंदियों को विभिन्न कानूनों एवं प्ली बार्गेनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि जो कैदी अपना केस लड़ने में असमर्थ हो या महिला, अनुसूचित जनजाति के हों वे अपने मुकदमें को लड़ने के लिए निःशुल्क वकील और अन्य विधिक सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकार से आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। बताया गया कि प्ली बार्गेनिंग से सम्बन्धित विशेष लोक अदालत का आयोजन झालसा रांची के निर्देशानुसार 22 जुलाई और 24 से 27 जुलाई तक व्यवहार न्यायालय में किया जाना है। जिसका लाभ बन्दियों द्वारा लिया जा सकता है। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंजू कुमारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कवितांजली टोप्पो, एसडीजेएम सरायकेला सुशील कुमार पिंगुआ, जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया, स्थानीय कारागार के कर्मी, न्यायालय के कर्मी और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे।



# तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का राखी मेला शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का शुभारंभ हुआ, जो मंगलवार 18 जुलाई तक चलेगा। रविवार को मेला का विधिवत उदघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर कथावाचक परम पूज्य सीताराम शास्त्री ने किया। मौके पर आयोजकों ने परम पूज्य सीताराम शास्त्री को स्मृति चिन्ह तथा अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष बीना अग्रवाल ने बताया कि मेले मे टोटल 51 स्टॉल लगे हैं। महिलाओं को सशक्त करने हेतु यह मेला विगत 30 वर्षो से निरंतर लगाया जा रहा हैं। अध्यक्ष बीना अग्रवाल की अध्यक्षता में उदघाटन समारोह हुआ। जिसका संचालन सचिव सीमा अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कंचन खीरवाल ने किया। उदघाटन के अवसर पर प्रमुख रूप से जया डोकानिया, लता अग्रवाल, विभा दुदानी, बीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा जावनपुरिया, रानी अग्रवाल, सरस्वती अग्रवाल, ललिता सरायवाला कंचन खीरवाल, आभा चूड़ीवाला आदि उपस्थित थी।



# खुदीलोंग मुख्य मार्ग में जल जमाव से ग्रामीण परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के खुदीलोंग गांव के लोगो को इन दिनों गांव से निकलने में काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ रहा है। बता दें इसी रास्ते से होकर रोजाना ग्रामीणों को निकलना पड़ता है लेकिन गांव के मुख्य मार्ग में प्रवेश पथ पर गड्ढा हो जाने से जल जमाव हो जाता है और लोगो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार तो कई लोग गिर भी चुके है, मगर भगवान का शुक्र है कि कोई दुर्घटना नही हुआ। मगर इसे अनदेखा करने से कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।



## संपादकीय

# दिल्ली में बाढ़ का तांडव

**महात्मा** गांधी की समाधि 'राजघाट' में बाढ़ का पानी है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि 'विजय घाट' में भी पानी-पानी है। ऐतिहासिक लाल किला अंदर और बाहर बाढग्रस्त है। करीब 2-4 फुट पानी है। अंतरराज्यीय बस अड्डे में इतना पानी भर गया था कि उसे फिलहाल बंद करना पड़ा। राजधानी दिल्ली की 'लाइफ लाइन' रिंग रोड पर भी घुटनों तक पानी है। सबसे बड़े श्मशान घाट 'निगम बोध घाट' को बाढ़ के कारण बंद करना पड़ा। सारांश यह है कि यमुना में पानी इस खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है कि अब भी बाढ़ के हालात हैं। दिल्ली में अभूतपूर्व, अकल्पनीय 268 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है, जो हरियाणा, पंजाब जैसे मैदानी राज्यों से करीब 97 फीसदी ज्यादा है। हरियाणा में स्थित हथिनी कुंड बैराज से सामान्य दिनों में औसतन 352 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है, लेकिन अत्यधिक बारिश के कारण आजकल 1.5 लाख से 3 लाख क्यूसेक तक पानी छोड़ा जा रहा है। जाहिर है कि वह पानी यमुना में ही आएगा और जलस्तर अधिक होने के कारण बाढ़ के हालात बनेंगे। अभी तक यमुना किनारे और आसपास बसे 41,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। उन्हें राहत-शिविरों में रखा गया है अथवा वे मेट्रो ट्रेन के पुलों के नीचे, खुले में, गुजर-बसर करने को विवश हैं। यदि बाढ़ की स्थिति व्यापक होती है, तो राजधानी के एक करोड़ से अधिक लोग प्रभावित होंगे। दिल्ली की एक और 'लाइफ लाइन' माने जाने वाले 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स को भी बंद करना पड़ा है, नतीजतन राजधानी में पानी के संकट की आशंका बढ़ गई है। 1978 में भी यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया था। तब 18 लोग मारे गए थे और लाखों प्रभावित हुए थे। वह राजधानी दिल्ली में भी तांगे और बैलगाड़ी का युग था। मारुति कार भी भारत में नहीं आई थी। तब दिल्ली में राष्ट्रपति शासन था। जब 2013 में भी बाढ़ आई थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और उनकी सरकार पर दोष मढ़े गए थे। केजरीवाल ने नई-नई राजनीति शुरू की थी और दिल्ली को बाढ़ से बचाने के उपाय बताए थे। दिल्ली में केजरीवाल ही लगातार सत्ता में हैं। अब उन्होंने 'पीड़ित होने का पत्ता' खेलना शुरू किया है। जिस कॉलोनी में मुख्यमंत्री की कोठी है, वह ही बाढग्रस्त है, तो शेष राजधानी का क्या होगा? वहां कई अतिविशिष्ट लोग रहते हैं, सरकारी दफ्तर भी हैं और पानी घुटनों से भी ऊपर है। वैश्विक मीडिया में ऐसे फोटो छापे जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर खूब बदनामी हो रही है। तो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत क्या जवाब देगा? केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है कि वह हरियाणा के मुख्यमंत्री को निर्देश दें कि बैराज से अधिक पानी न छोड़ा जाए। केजरीवाल आईआईटी के इंजीनियर हैं, लेकिन उन्हें इतनी भी जानकारी नहीं है कि हथिनी कुंड बैराज में जल का भंडारण नहीं किया जा सकता। वहां से पानी इधर-उधर की दिशा में छोडना ही पड़ता है। बहरहाल दिल्ली में बाढ़ के लिए केजरीवाल ही 'खलनायक' नहीं हैं, बल्कि जिन नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और अफसरों के हाथ में यमुना का शासन रहा है, उन्होंने ही दिल्ली को डुबोने का काम किया है। यमुना किनारे ही 'अक्षरधाम' बना है, यमुना किनारे ही राष्ट्रमंडल खेल गांव बसा है और यमुना के आधार पर ही मेट्रो रेल का रखरखाव मुख्यालय बना है। ऐसे तमाम निर्माण 'मौत के मुंह पर' किए गए हैं। इन निर्माणों को 'अवैध स्वीकृति' दी गई है और करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया जाता रहा है। यहां बहुमंजिला इमारतें भी हैं और झुग्गी-झोपडियां भी हैं। यमुना में जलस्तर बढ़ता है, तो लोगों को कहीं और जाने को कहा जाता है। ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई, जो बाढ़ को नियंत्रित कर सके। हम ड्रेनेज की बात करते रहे हैं, वह अव्यवस्था बेंगलुरू, मुंबई, चेन्नई जैसे महानगरों में भी है। देश में चौतरफा बदलाव हो चुका है, हम चांद पर उतरने की कोशिशें कर रहे हैं, लेकिन राजधानी में ही बाढ़ नियंत्रण में नहीं है, इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी? बाद में मिली खबरों के अनुसार यमुना का जलस्तर अब कम हो रहा है, लेकिन दिल्ली पर संकट पहले की तरह बरकरार है।

> दिल्ली में अभूतपूर्व, अकल्पनीय 268 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है, जो हरियाणा, पंजाब जैसे मैदानी राज्यों से करीब 97 फीसदी ज्यादा है। हरियाणा में स्थित हथिनी कुंड बैराज से सामान्य दिनों में औसतन 352 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है, लेकिन अत्यधिक बारिश के कारण आजकल 1.5 लाख से 3 लाख क्यूसेक तक पानी छोड़ा जा रहा है। जाहिर है कि वह पानी यमुना में ही आएगा और जलस्तर अधिक होने के कारण बाढ़ के हालात बनेंगे। अभी तक यमुना किनारे और आसपास बसे 41,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। उन्हें राहत-शिविरों में रखा गया है अथवा वे मेट्रो ट्रेन के पुलों के नीचे, खुले में, गुजर-बसर करने को विवश हैं। यदि बाढ़ की स्थिति व्यापक होती है, तो राजधानी के एक करोड़ से अधिक लोग प्रभावित होंगे। दिल्ली की एक और 'लाइफ लाइन' माने जाने वाले 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स को भी बंद करना पड़ा है, नतीजतन राजधानी में पानी के संकट की आशंका बढ़ गई है। 1978 में भी यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया था। तब 18 लोग मारे गए थे और लाखों प्रभावित हुए थे। वह राजधानी दिल्ली में भी तांगे और बैलगाड़ी का युग था। मारुति कार भी भारत में नहीं आई थी।

## कुछ अलग

# ग्राउंड जीरो पर सुक्खू

**कठिन** डगर पर सुक्खू सरकार की परीक्षा कम से कम राहत कार्यों की दृष्टि से प्रशंसनीय मुकाम तक पहुंच गई। बाढ़ के तांडव में सत्तर हजार लोगों का बचाव कार्य अपनी दुरुहता के बीच हतोत्साहित करने का मंजर पैदा कर चुका था, लेकिन बादलों के बीच बचाव के झरोखे निकाल कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने मानवता की जरूरत और प्रशासनिक क्षमता की अपनी शक्ति का भरपूर प्रदर्शन किया। यह ऐसा अनूठा आपदा प्रबंधन है जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों के तकलीफदेह माहौल में किया। मानो राजधानी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की निगरानी में शिमला से निकल कर मंडी, कुल्लू, लाहुल-स्पीति व किन्नौर में घूम रही हो। चंद घंटों में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों से साठ हजार के करीब लोगों एवं पर्यटकों को मुसीबत से निकालकर, फिर से जिंदगी के सफर से जोड़ देना पूरे देश के लिए नजीर बनेगा। यह इसलिए भी कि जहां सारी उपलब्धियां, क्षमताएं व शक्तियां डूब रही हों, वहां मुख्यमंत्री का साहसिक अंदाज पूरे प्रदेश का मनोबल सशक्त कर रहा था तथा तैयारियों से कहीं आगे नेतृत्व कर रहा था। लाहुल के चंद्रताल से और बातल में बर्फ में फंसे करीब 255 पर्यटकों को सडक मार्ग से लोसर पहुंचाना, तो किसी फिल्म के निर्देशन की तरह इतिहास की एक यादगार घटना बन गया। खास बात यह कि मुख्यमंत्री ने बचाव के राज्य स्तरीय खाके में न केवल सरकारी मशीनरी को अहम बनाया, बल्कि सरकार के हर ओहदे को प्रेरणादायक भी बनाया। यहां जिक्र खास तौर पर 65 वर्षीय बागबानी मंत्री जगत सिंह नेगी तथा मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी का होगा, जिन्होंने सरकार के आदर्शों में ग्राउंड जीरो से सारा बचाव कार्य चलाया। यह बड़ी शिद्दत से हुआ रेस्क्यू आपरेशन है, जिसने प्रदेश की छवि, मौसम की बेरुखी और पर्यटकों की निराशा के घोर बादलों को छांटते हुए इतिहास रचा। हिमाचल में मौसम के बिगड़े मिजाज में फंसे कई पर्यटक भले ही तौबा कर लें, लेकिन यह एहसास लेकर लौट जरूर रहे हैं कि बचाव के हर कदम पर प्रदेश सरकार का मरहम राहत देता रहा। सरकारों की पहचान संकट की घड़ी में और निर्णायक भूमिका में होती और यह दक्षता सिद्ध करके सुखविंदर सुक्खू ने न केवल राज्य की योग्यता बढ़ाई, बल्कि सरकार का परचम भी फहराया। मौसम ने जिस हिमाचल को असहाय बनाकर फंसा दिया था, उससे मुक्त होने की मुद्रा परिलक्षित हुई है, तो यह कारनामा प्रदेश के आत्मबल को सुदृढ़ करता है। बावजूद इसके कि सरकार ने मानवीय आधार पर लोगों को सुरक्षित बचाने में काफी हद तक सफलता हासिल कर ली, अब घावों को भरने के लिए केंद्र की उदारता की प्रतीक्षा बढ़ रही है। खुशी की बात यह है कि केंद्र से वित्तीय मदद के रूप में 180.40 करोड़ की पहली किस्त जारी हो गई है। एक अनुमान के अनुसार अब तक की बारिश ने ही करीब दस हजार करोड़ के घाव प्रदेश को दिए हैं। साधन विहीन राज्य के लिए यह नुकसान इसके बूते और सामर्थ्य से बाहर है। ऐसे में केंद्र से तुरंत एक बड़ा बाढ़ राहत पैकेज मिलना चाहिए ताकि जनजीवन तीव्रता से सामान्य हो सके तथा ये घाव धीरे-धीरे भरने शुरू हो जाएं। खतरा यह है कि मानसून की शुरुआती चोट ने ही प्रगति, कनेक्टिविटी तथा जनजीवन को नाकाबिल बनाने की हद पार की है, तो बरसात के अगले दौर का सतर्कता के साथ मुकाबला करने के लिए राष्ट्रीय नीति चाहिए। हिमाचल के कहर को राष्ट्रीय आपदा घोषित करके ही पर्वतीय परिवेश को न्याय मिलेगा।

## भारतीय नौ सेना के लिए फ्रांस के साथ 26 राफेल एम मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है

# फ्रांस-भारत की दोस्ती से दुनिया की बेहतरी

ललित गर्ग

> फ्रांस एक ऐसा देश है जो हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। भारतीय सेना को मजबूत करने की बात हो या फिर परमाणु परीक्षण का दौर, वह भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा दिखाई देता रहा है। वर्ष 1998 में जब भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण से पूरी दुनिया को चौंका दिया था और उस समय डरी एवं सहमी शक्तियों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिए थे तब फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति जैक शिराक ने भारत का साथ दिया और कहा था कि हमें एशिया की उभरती हुई महाशक्ति को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। आज भी एक मित्र की भांति फ्रांस भारत के साथ खड़ा है। फ्रांस के द्वारा भारत को इतना सम्मान एवं महत्व देने के पीछे कई कारण हैं। इनमें भारत की बड़ी होती अर्थव्यवस्था और बड़ा बाजार प्रमुख है। भारत की शांति एवं सद्भाव की नीति है।

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राएं नये भारत-सशक्त भारत की इबारत लिखने के अमिट आलेख हैं। उनके नेतृत्व में उभरता नया भारत विकसित एवं विकासशील देशों के बीच सेतु बन रहा है। हाल ही में अमेरीका एवं मिस्र की ऐतिहासिक एवं सफल यात्राओं के बाद मोदी फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस वर्ष भारत और फ्रांस के बीच राजनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और मोदी का यह फ्रांस दौरा काफी अहम है। पिछले 25 वर्षों में दोनों देशों के बीच कई द्विपक्षीय समझौते हुए हैं लेकिन इस बार होने वाले समझौतों से दोस्ती का नया दौर शुरू होगा। भारत की विदेशों में बढ़ती साख को इस यात्रा से एक नई ऊंचाई मिलेगी। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। मोदी बैस्टिल दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिजेट मैक्रों और अन्य अतिथिगण भी थे। इस परेड के लिए भारतीय नौसेना के जवान भी पहुंचे हैं। फ्रांस की इस यात्रा के दौरान होने वाले विभिन्न समझौते भारत की रक्षा, प्रौद्योगिकी, तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में फ्रांस के साथ द्विपक्षीय सहयोग से नई उम्मीदें जागेंगी। इस यात्रा के दौरान किये गये प्रधानमंत्री के प्रयास मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। भारतीय सेना को मजबूत करने की बात हो या फिर परमाणु परीक्षण का दौर, वह भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा दिखाई देता रहा है। वर्ष 1998 में जब भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण से पूरी दुनिया को चौंका दिया था और उस समय डरी एवं सहमी शक्तियों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिए थे तब फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति जैक शिराक ने भारत का साथ दिया और कहा था कि हमें एशिया की उभरती हुई महाशक्ति को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। आज भी एक मित्र की भांति फ्रांस भारत के साथ खड़ा है। फ्रांस के द्वारा भारत को इतना सम्मान एवं महत्व देने के पीछे कई कारण हैं। इनमें भारत की बड़ी होती अर्थव्यवस्था और बड़ा बाजार प्रमुख है। भारत की शांति एवं सद्भाव की नीति है। दुनिया की महाशक्तियों से संतुलन बनाने में भारत उसका मुख्य आधार है। भले ही भारत फ्रांस से सैन्य सामग्री खरीदने वाला प्रमुख देश है। इनदिनों रूस और चीन काफी नजदीक आये हैं। रूस के नए विकल्प के तौर पर फ्रांस से बेहतर कोई और देश नहीं हो सकता है जो रक्षा सहयोग तो करता ही है साथ ही तकनीक में भी सहयोग कर रहा है। भारत के लिये रूस की जो जगह है, वह स्थान फ्रांस को देने के लिये भारत को सोचना चाहिए, भारत



ऐसा ही सोचेगा यह फ्रांस को अहसास है। यह अहसास भी दोनों देशों की मित्रता को प्रगाढ़ करने का बड़ा आधार है। यही कारण है कि फ्रांस और भारत के संबंधों को कई पहलुओं और कई नजरियों से आंका जा रहा है, उसका विश्लेषण किया जा रहा है। इतिहास में देखें तो दोनों देशों का आपस में जो तालमेल है, वो दो सभ्यताओं का हो सकता है, दो विचारधाराओं एवं संस्कृतियों का हो सकता है। भारत भी ऐसे देश से दोस्ती बढ़ाना चाहेगा, जो उसके विकास एवं मजबूती का आधार हो। फ्रांस भारत की शांति का पक्षधर रहा है, इसलिये विश्वस्तर पर भारत में पडोसी देश द्वारा पल्लवित आतंकवादी घटनाओं का विरोध करता रहा है। अब तो यह भी लगने लगा है कि फ्रांस ने पश्चिमी दुनिया में भारत के विश्वस्त दोस्त और सहयोगी साझेदार के रूप में रूस की जगह ले ली है। भारत ने फ्रांस का तब से विशेष सम्मान करना शुरू कर दिया है, जब फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र में चीन द्वारा कश्मीर पर बुलाई गई बैठक में भारत के रूख का समर्थन किया था। फ्रांसीसियों ने पहले भी वैश्विक आतंकवादी मसूद अजहर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन किया था। पुलवामा हमले के बाद भारत ने कूटनीति के मोर्चे पर पाकिस्तान एवं चीन को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया था। इसी के कारण पुलवामा हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने प्रस्ताव पेश किया था। फ्रांस न केवल भारत में आतंकवाद को समाप्त करने में सहयोगी बन रहा है, बल्कि भारत को एक शक्तिसम्पन्न देश बनाने में भी हरसंभव सहयोग कर रहा है। फ्रांस से हमारी सैन्य शक्ति मजबूत हुई है, वहां से हमें लड़ाकू विमान से लेकर पनडुब्बी तक मिल रही है। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देश महत्वपूर्ण रक्षा और व्यापारिक समझौते पर मुहर लगायेंगे। भारतीय नौ सेना के लिए फ्रांस के साथ 26 राफेल एम मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है। दुनिया की एक बड़ी ताकत बनते भारत को फ्रांस की मित्रता से अनेक लाभ हैं। भले ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में पिछले कुछ सालों में भारत ने दूरगामी प्रभाव वाले कदम उठाए हैं, जिसकी बदौलत हमारे रक्षा आयात में कुछ कमी जरूर आई है। इसके बावजूद भी ये सच्चाई है कि रक्षा जरूरतों को पूरा करने में बाहरी मुल्कों और विशेषतः फ्रांस पर निर्भरता को पूरी तरह से खत्म करने में भारत को अभी लंबा सफर तय करना पड़ेगा। यह बात फ्रांस भलीभांति जानता है। इसीलिये भारत के इस रक्षा बाजार पर अमेरिका के साथ ही फ्रांस की भी नजर है। प्रधानमंत्री मोदी की यह फ्रांस यात्रा दुनिया की गैर-जिम्मेदार बढ़ी शक्तियों की दादागिरी को समाप्त करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगी। भारत दुनिया में ऐसे राष्ट्रों को संगठित करना चाहता है जो युद्ध विरोधी हो। इसी उद्देश्य से भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 8 जून को ओमान की खाड़ी में अपना पहला त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसमें आईएनएस तरकश, फ्रांसीसी जहाज सुरकौफ, फ्रेंच राफेल विमान और यूएई नौसेना समुद्री गश्ती विमान की भागीदारी थी। इस अभ्यास में सतही युद्ध जैसे नौसेना संचालन का एक व्यापक स्पेक्ट्रम देखा गया था, जिसमें सतह के लक्ष्यों पर मिसाइल से सामरिक गोलीबारी और अभ्यास, हेलीकोप्टर क्रॉस डेक लैंडिंग संचालन, उन्नत वायु रक्षा अभ्यास और बोर्डिंग संचालन शामिल थे। युद्ध चाहने वाले देशों के लिये अपनी सोच बदलने को विवश करना ऐसे संगठनों एवं सांझें प्रयत्नों से ही संभव होगा। मोदी की यात्रा से ठीक पहले इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य तीनों नौसेनाओं के बीच त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और समुद्री वातावरण में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों को दूर करने के उपायों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस दौरे पर दुनिया की नजरें लगी हुई हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रभावशाली सदस्य है और उसने अमेरिका की तरह भारत से कभी भी विशुद्ध सौदेबाजी नहीं की। चीन की बढ़ती आक्रामकता एवं विस्तारवादी सोच को रोकने के लिए अमेरीका एवं फ्रांस दोनों देश भारत के बहुत करीब आए है। युद्ध, हिंसा, साम्प्रदायिक उन्माद एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले चीन एवं पाकिस्तान को सबक सिखाना दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत हो गयी। ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया है क्योंकि पाकिस्तान जहां आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। मानकर चलिए कि मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के बीच होने वाली वार्ताओं से व्यापार और अर्थशास्त्र से लेकर ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी, रक्षा और सुरक्षा सहयोग और भारत-प्रशांत में सहयोग जैसे मुद्दों पर ऐसा सकारात्मक वातावरण बनेगा, जिससे समूची दुनिया शांति, सहयोग, सह-जीवन एवं आतंकवाद मुक्ति का अहसास कर सकेगी। विशेषतः आतंकवाद मुक्त विश्व की संरचना दोनों देशों की प्राथमिकता है।

# प्रकृति से छेड़छाड़ का परिणाम है यह आपदा

> विशालकाय पर्वतों का इस तरह दरकते हुए गिरना जैसे कोई दैत्य अपनी आगोश में लेकर भींच कर मारने पर उतारू है। जलस्तर बढने से नदी-नालों में उफान तबाही लाता हुआ आगे बढ़ रहा है। इसका भयानक सैलाब गलियों, मोहल्लों, गांवों, शहरों में दहाड़ें मारता हुआ, मुंह बाए चला आ रहा है। इस सैलाब में न जाने कितने घर, भवन भरभरा कर गिर पड़े, न जाने कितने प्राणी, कार, ट्रक आदि जलमग्न हो गए। न जाने कितनों की कब्र भूस्खलन में दबकर रह गई। रात के समय बाढ के कारण न जाने कितने लोग, पशु पानी में बह गए, इसका सही आंकड़ा किसी के भी पास नहीं है। सैकड़ों सडकें और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई स्थानीय लोग व पर्यटक इस भयानक आपदा में बिना भोजन-जल के फंस गए हैं।

**चारों** ओर लगातार मूसलाधार वर्षा का भयानक शोर जैसे गगन से असंख्य तीरों की बौछारों से पृथ्वी पर आक्रमण किया जा रहा हो कि जो भी सामने आएगा वह बिछ जाएगा। मेघों की दिल दहला देने वाली गडगड़ाहट जैसे सैकड़ों-हजारों बाघ गरजते हुए किसी को भी अपनी भूख का ग्रास बनाने के लिए ललकार रहे हों। बिजली का लपक-लपक कर डराना जैसे विशाल विनाशक बम फट रहे हों। विशालकाय पर्वतों का इस तरह दरकते हुए गिरना जैसे कोई दैत्य अपनी आगोश में लेकर भींच कर मारने पर उतारू है। जलस्तर बढने से नदी-नालों में उफान तबाही लाता हुआ आगे बढ़ रहा है। इसका भयानक सैलाब गलियों, मोहल्लों, गांवों, शहरों में दहाड़ें मारता हुआ, मुंह बाए चला आ रहा है। इस सैलाब में न जाने कितने घर, भवन भरभरा कर गिर पड़े, न जाने कितने प्राणी, कार, ट्रक आदि जलमग्न हो गए। न जाने कितनों की कब्र भूस्खलन में दबकर रह गई। रात के समय बाढ़ के कारण न जाने कितने लोग, पशु पानी में बह गए, इसका सही आंकड़ा किसी के भी पास नहीं है। सैकड़ों सडकें और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई स्थानीय लोग व पर्यटक इस भयानक आपदा में बिना भोजन-जल के फंस गए हैं जिन्हें राहत व बचाव दल द्वारा बचाकर सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है। कई घर-गांव अंधेरे में डूबे हैं। सारा हिमाचल हिल गया है। सभी समाचार चैनलों में हिमाचल को विशेष रूप से दिखाया जा रहा है क्योंकि यहां पर भूस्खलन, बाढ़, बादल फटने आदि प्रकृति के कहर से सबसे अधिक मौतें हुई हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के विद्वान वैज्ञानिक की मजबूत सहमति है कि पृथ्वी में मौसम परिवर्तन हो रहा है और इसका मुख्य कारण मानवीय गतिविधियां हैं। लगभग सभी जलवायु वैज्ञानिकों का मानना है कि मनुष्य ही जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहे हैं। ईश्वर ने मनुष्य को बुद्धि का अनुपम वरदान दिया। मनुष्य ने उसी बुद्धि के प्रयोग से अनेकानेक चमत्कार कर दिखाए। ऊंचे-ऊंचे पर्वतों को काटकर उनमें सुरंगें बनाकर दुर्गम रास्तों को सुगम बना दिया। विशाल सागर को पार करने के साधन जुटा लिए, आकाश की ऊंचाइयों को छू लिया, नदियों की दिशाएं बदल दी। महत्वाकांक्षी मानव की जिज्ञासाओं और कामनाओं का अंत नहीं है। उसकी यही महत्वाकांक्षा उसे निरंतर अदृश्य अवनति, रोग, अशांति, असंतोष के पथ पर ले जा रही है। जो वनराशि मनुष्य को विभिन्न प्रकार की वन संपदा प्रदान करती है, उसी पर मनुष्य के स्वार्थ का प्रहार जारी है। बिजली के उपकरणों पर हम इतने आश्रित हो गए हैं कि खुली हवा में सोने के स्थान पर एसी में बंद रहना चाहते हैं। हर काम मशीनों से हो रहा है। हर व्यक्ति अकेला या एकल परिवार में अलग मकान में रहकर अपनी अलग कार, अपनी अलग मशीनें और अपना अलग घर बसाना चाहता है। इतने परिवार के सदस्य नहीं जितने कि बड़े आलीशान मकान बनाए जा रहे हैं। हर तरफ बड़े-बड़े भवन, मॉल, बाजार सोसाइटी। वनों को काटकर नदियों के किनारे भी बस्तियां या पर्यटकों को लुभाने के लिए पैसे कमाने के लिए होटल ही होटल, जिसके लिए संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और प्रकृति से छेड़छाड़ की जा रही है। पहाड़ी राज्यों में फोरलेन आदि बनाने की होड़ में पहाड़ों को मैदान बनाने का प्रयास। जब सब ओर कंक्रीट का जाल तो जल जाए तो कहां जाएं? उसका गुस्सा तो फिर ऐसा फूटता है कि उसके रास्ते में जो भी आता है उसे बहाता- गिराता जल सैलाब आगे बढ़ता जाता है। जब गगन से अतिवृष्टि होती है तो सारी सुविधाएं धरी रह जाती हैं। हमें अपनी कामना को संतुलन देना होगा। हमारे जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यक तीन अमूल्य प्रकृति की देन जल, वायु और वनस्पति को हमने दूषित किया। वनों को उजाड़ा, नदियों को बांध दिया।



अति किसी भी वस्तु की सही नहीं होती है। हम सुख-सुविधाएं जुटाने के नाम पर पागल से होते जा रहे हैं जबकि हम अपनी पीढ़ी का नहीं अगली पीढ़ी के संसाधनों को भी समाप्त करते जा रहे हैं। प्रकृति से छेड़छाड़ का परिणाम है कि हम हर मौसम की मार झेलने को विवश हैं। प्रकृति और पर्यावरण को हानि पहुंचाए जाने के कारण ही मौसम में बदलाव आ रहा है। असमय वर्षा, आंधी-तूफान, ओलावृष्टि, बर्फबारी इसी बात का संकेत है। मौसम वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम में तेजी से बदलाव का कारण मनुष्य और उसकी गतिविधियां ही हैं। स्थिति और भी भयानक होती जा रही है। यदि विकास के लिए प्रकृति से छेड़छाड़ जारी रही तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। हिमाचल में आए दिन भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। विद्युत प्रोजेक्ट्स इसके लिए एक बड़ा कारण है। वन एवं जलवायु परिवर्तन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर जगदीश चंद्र कुनियाल का कहना है कि अब वर्षा का स्तर बढ़ रहा है, जो बरसात 24 घंटे में होनी चाहिए थी वह तीन-चार घंटों में हो रही है। विकास को रोका भी नहीं जा सकता, पर यह सब वैज्ञानिक आधार पर होना चाहिए। सडकें और टनल बनाने के बाद पहाड़ों का संरक्षण भी जरूरी है ताकि भूस्खलन को रोका जा सके। इसके लिए घास-झाडियां और पौधारोपण होना चाहिए। समय-समय पर संवेदनशील स्थानों पर वैज्ञानिक आधार पर निरीक्षण करना चाहिए जिससे बाढ़ की स्थिति को भांपा जा सकता है और लोगों के जीवन व अन्य नुकसान को बचाने में मदद मिलेगी।

## नागरिक बोध

# स्मार्ट फोन के दुश्मन

**दुनिया** में स्मार्ट फोन के दीवाने हैं तो दुश्मन भी हैं। सिंगापुर प्रबंधन विश्वविद्यालय का सर्वे ऐसा बताता है। सर्वे के अनुसार स्मार्ट फोन बार बार चैक करने से दैनिक जीवन में आने वाली छोटी छोटी समस्याएं समझ नहीं आती और समाधान करने की क्षमता घटती है। उनकी तुलना में हमारे सर्वे शानदार होते हैं। हमारे यहां भूखी, प्यासी, बेरोजगारी की मारी समस्याओं बारे भी सवाल नहीं किए जाते। यहां बाज़ार, सडक या भीड़ भरे रास्तों पर चलते हुए, यूटयूब पीते, फेसबुक पर लाइक्स और कमेंट्स गिनते, व्हाट्सऐप पर मैसेज चखते हुए ज्ञान भंडार व आत्मविश्वास बढ़ता है। सामने से आ रहे इनसान या जानवर से टकराने, ठोकर खाकर गिरने और संभलने की शक्ति मजबूत होती है। मानवीय शरीर की क्यारियों में उन्मुक्त ताजगी उगी रहती है। उनके शोध के अनुसार बोरियत मिटाने या टाइम पास करने के लिए बार बार फोन चैक करते हैं। हमारे यहां इससे बहुत मनोरंजन होता है। हम फोन पर मनपसंद हरकतें करते हैं। जाति, क्षेत्र, धर्म से जुड़े अनेक सामाजिक, राजनीतिक विषय हैं जिन पर फोन चर्चा होती है। यह चर्चाएं आपस में झगडने, पीटने, पिटने, लडने, मरने के लिए प्रेरित करती हैं। बोरियत बेचारी कहां इनके बीच में फंसेगी। हैरानी है, सिंगापुर वालों ने केवल एक सौ इकासी लोगों पर सर्वे किया। हमारे यहां



अगर एक करोड़ इकासी हज़ार लोगों पर सर्वे किया जाता तो भी उनके जवाब ऐसे बिल्कुल न होते। उनके शोध ने यह भी बताया कि फोन बार बार देखने से भूलने की बीमारी हो जाती है, लेकिन हमारे यहां तो बार बार फोन देखने से सब कुछ याद रहता है। उन्होंने यह भी इंगित किया कि स्मार्ट फोन के ज़्यादा प्रयोग से आंखों की रोशनी कम हो रही है, लेकिन हमारे यहां तो ज्ञान का प्रकाश बढ़ रहा है। स्मार्ट फोन दिया जाए तो बचपन खुश, सुखी रहता है। आंखों का क्या है, मेहनती, कर्मठ डॉक्टर उपलब्ध हैं। स्मार्ट फोन की लत के कारण कई व्यवसाय भी तो स्मार्टली बढ़ते हैं। नए स्टार्टअप लगाने व नया सामान बनाने की प्रेरणा मिलती है। चश्मों की दुनिया नए अवसर देखती है, चश्मों के नए डिज़ाइन बनते हैं। सामाजिक संस्थाएं चश्मे मुफ्त दे सकती हैं। शोध के अनुसार बार बार स्मार्ट फोन देखने पर शब्द भूल जाते हैं। हमारे यहां तो चुस्ती फुर्ती के साथ नए जानलेवा, खूंखार शब्द पैदा हो जाते हैं और मुंह, हाथों और टांगों से बाहर निकलने के लिए छटपटाते रहते हैं। हमारे यहां स्मार्ट फोन प्रयोग करने वाले को भूख नहीं लगती। लाखों लोगों के पास एक नहीं दो दो फोन हैं। सुना है अब ऐसा स्मार्ट फोन आने वाला है जिसे चाटने के बाद इच्छाएं इनसान के वश में आ जाएंगी जोकि सिर्फ एक बार मिलने वाली ज़िंदगी के लिए गलत होगा। स्मार्ट लोगों की मांग है, चुभने वाले ऐसे अध्ययनों पर रोक लगनी चाहिए। अधिक लोग ऐसे शोध को पढने और समझने लगेंगे तो सुनिश्चित है स्मार्ट फोन की बिक्री घट सकती है। कम्पनियों की व्यावसायिक परेशानियां बढ़ सकती हैं। लोग फिर से पत्र लिखना शुरू कर सकते हैं जिससे डाकघर वालों का काम बहुत बढ़ सकता है। मौजूदा ज़िंदगी की बुनियादी, महत्त्वपूर्ण, ज़रूरी व अति स्वादिष्ट चीज़ यानी स्मार्ट फोन बारे किसी भी तरह के अनुचित सर्वे करने, अपशब्द सोचने, लिखने और बोलने पर अविलम्ब अंतरराष्ट्रीय रोक लगनी चाहिए।

## देश दुनीया से

# बंगाल की चुनावी हिंसा पर विपक्ष चुप क्यों

**पूर्व** मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन के चुनाव सुधारों के अथक प्रयासों से मिली सफलता के बावजूद पश्चिमी बंगाल देश का एकमात्र राज्य है जहां हर स्तर के चुनावों में हिंसा का तांडव जारी है। पंचायत चुनावों में इस बार 50 से अधिक लोग चुनावी हिंसा का शिकार हुए। इनमें 12 से अधिक मुस्लिम थे। आश्चर्य की बात यह है कि देश में लोकतंत्र की दुहाई देने वाले विपक्षी दलों ने अल्पसंख्यकों की हत्या पर घडियाली आंसू बहाना भी जरूरी नहीं समझा। यही विपक्षी दल भाजपा पर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार सहित दूसरे आरोपों को लेकर एकजुट होने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल हिंसा प्रभावित मणिपुर में गए थे। किन्तु बंगाल में हुई भीषण हिंसा पर राहुल एक शब्द तक नहीं बोले। राहुल को बंगाल में पंचायत चुनाव में लोकतंत्र की हत्या दिखाई नहीं दी। बंगाल में हुई हिंसा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की मौत हुई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सिर्फ इतना ही कहा कि बंगाल में लोकतंत्र नहीं है। कांग्रेस के फायरब्रांड नेता दिग्विजय सिंह ने कहा भयानक हुआ। डराने वाला है। गौरतलब है कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बावजूद हिंसा में एक भी मौत नहीं हुई थी। पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने पंचायत चुनाव में हुई हिंसा पर कहा, 'मैंने जमीन पर जो देखा वह बहुत परेशान करने वाला है, वहां हिंसा और हत्याएं हो रही हैं। एक बात जो मैंने देखी है, वह यह है कि गरीब लोग ही मारे जाते हैं, हत्यारे भी गरीब हैं...हमें गरीबी को खत्म करना चाहिए, लेकिन इसके बजाय हम गरीबों को मार रहे हैं।' बंगाल इसका हकदार नहीं है। भाजपा ने कहा, 'अगर यह दृश्य बीजेपी शासित राज्य में देखने को मिला होता, तो हाहाकार मच गया होता। अब राहुल गांधी कहां हैं... वह मोहब्बत की दुकान खोलने वाले थे।' राज्य सरकार ने संवेदनशील बूथ की सही संख्या नहीं दी, जितने लोग मारे गए हैं, इसमें राज्य के जिम्मेदार लोग शामिल हैं। फायरिंग, बमबारी, मतपेटी को जलाया गया। ये सारे नेता, जो हाथ पकड़-पकड़ कर राज्यों में खड़े होते हैं, कहां हैं ये सारे नेता? कहां हैं लालू प्रसाद यादव, कहां हैं नीतीश कुमार और कहां हैं मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी? गृह मंत्रालय ने साफ कहा कि पंचायत चुनाव में उनके तैनाती वाले बूथों पर कोई हिंसा नहीं हुई है। जिन बूथों पर सीएपीएफ तैनात की गई थी, वहां कोई अप्रिय घटना/हिंसा नहीं हुई है। यदि माहौल बिगाडने की कोशिश की गई तो तुरंत शांति बहाल की गई। संवेदनशील बूथों पर सीएपीएफ को तैनात किया जाना चाहिए था, लेकिन संबंधित जिलों के डीएम ने केंद्रीय बलों को तैनात करने की योजना बनाई। डीएम ने जिन बूथों पर केंद्रीय बल को सुरक्षा के लिए भेजा. वहां सीएपीएफ ने व्यवस्था संभाली। बंगाल में पंचायत चुनाव का रिजल्ट आते ही हिंसा का दूसरा दौर शुरू हुआ। दक्षिण-24 परगना जिले के भंगोर में हिंसा में इंडियन सेकुलर फ्रंट के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई तो वहीं हाथ में गोली लगने से एडिशनल एसपी बुरी तरह से घायल हो गए। पूरा मामला काउंटिंग से जुड़ा हुआ है, जहां गिनती में पहले आईएसएफ कैंडिडेट आगे चल रहा था, लेकिन बाद में वह हार गया। इसी को लेकर शुरू हुए बवाल ने धीरे-धीरे बड़ी हिंसा का रूप ले लिया। 8 जुलाई को 74 हजार पंचायतों के लिए वोटिंग हुई थी, जहां कुछ मतदान केंद्र विवादित होने पर यहां दोबारा से वोटिंग करानी पड़ी थी। चुनाव के दौरान हर बूथ पर राज्य पुलिस के अलावा चार केंद्रीय बल के जवानों की तैनाती की गई थी। पश्चिमी बंगाल देश के चुनावी इतिहास में अनोखे रिकार्ड कायम कर रहा है।

> बंगाल के पंचायत चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा हिंसा के मामले उत्तर और दक्षिण 24 परगना के अलावा मुर्शिदाबाद और कूचबिहार से सामने आए हैं। कूचबिहार में तो टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उस वक्त हद ही कर दी जब मतपेटियां तक तोडने के बाद उसमें पानी डाला और कुछ में आग भी लगा दी। इसके साथ ही उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर में भी कमोबेश ऐसी ही घटनाएं देखने को मिलीं। विधानसभा चुनाव के दौरान भी पश्चिम बंगाल में 52 लोगों की जान गई थी। इस दौरान सिर्फ बीजेपी के कार्यकर्ताओं की ही हत्या नहीं हुई, अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता भी इसमें शामिल थे। पश्चिम बंगाल में सीबीआई ने विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के सिलसिले में 43 मामले दर्ज किए थे। सीबीआई ने ये मामले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में दर्ज किए थे। विधानसभा और लोकसभा चुनावों के इतर पंचायत चुनावों में भी यहां की धरती पर खून की नदियां बहना आम बात रही है।

**मंत्री सत्यानन्द भोगता ने वन महोत्सव का किया शुभारंभ**

# आओ करे वृक्षों का संरक्षण, यही हमारे भविष्य का संरक्षण : सत्यानन्द भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता ने पकरिया स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के दक्षिणी वन प्रमंडल के द्वारा आयोजित 74वां वन महोत्सव 2023 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।मंत्री श्री भोगता के विद्यालय परिसर में आगमन पर विद्यालय के छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर, बैंड बाजा बजाकर भव्य स्वागत किया।मंत्री श्री भोगता समेत गणमान्यों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। मंत्री श्री भोगता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को वन महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि वन ही जीवन का आधार है। हम सब को कम से कम खास मौके जैसे शादी सालगिरह, जन्मदिन, त्यौहार आदि पर जरूर से जरूर पौधा लगाने चाहिए एवं उनका संरक्षण करना चाहिए। पेड़ पौधों को अपने बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। वह हैं तभी जीवन सम्भव है। आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है। इन सब से बचने का एक मात्र उपाय है पेड़ पौधे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण। वन महोत्सव शुभारंभ कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उतरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी सबा आलम अंसारी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, राजद वरिष्ठ नेता चन्द्रिका यादव, जिलापरिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, मुखिया अनिता कच्छप समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## ताइक्कांडो खिलाड़ियों नें ह्वाइट बेल्ट की परीक्षा में मारी बाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड मुख्यालय में डीएवी शिक्षादीप के परिसर में चतरा ताइक्कांडो एसोसिएशन के द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग को लेकर ह्वाइट बेल्ट फाइनल टेस्ट लिया गया।मौके पर हैपकिडो के प्रदेश अध्यक्ष सह ताइक्कांडो के चतरा जिला सचिव विकास केसरी, लावालौंग प्रखंड ताइक्कांडो एसोसिएशन के डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा, कोच आदित्य कुमार एवं रेड बेल्ट के सदस्य दीप ज्योति एवं शुभम कुमार सिंह नें अहम भूमिका निभाई।परीक्षक के रूप में जिला सचिव विकास केसरी, दीप ज्योति एवं शुभम कुमार सिंह नें फाइटिंग टेस्ट के दौरान कड़ा निरीक्षण कर बच्चों का योग्यता जांच किया। वहीं आदित्य कुमार नें पूरी अवधि में मुख्य कोंच की भूमिका निभाई। फाइटिंग टेस्ट के दौरान बच्चों नें जबरदस्त प्रदर्शन कर ह्वाइट बेल्ट से येलो बेल्ट के लिए अपना मुकाम हासिल किया। इस दौरान बच्चों का बेहतर प्रदर्शन देखकर जिला सचिव नें खिलाड़ियों के साथ-साथ डायरेक्टर व कोंच की बेहद सराहना की।आगे उन्होंने कहा कि जिस जज्बे के साथ यहां के बच्चे ताइक्कांडो मार्शल आर्ट में कड़ी मेहनत कर रहे हैं वैसे में आगामी निकट भविष्य में यही बच्चे राज्य देश एवं विदेशों में भी अपने कला का प्रदर्शन कर लावालौंग जैसे सुदूरवर्ती प्रखंड का नाम रौशन करेंगे। परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों में गौतम कुमार, रोहित कुमार, सुषमा कुमारी, सोनाली कुमारी, बादल कुमार, राधिका कुमारी, आनंद राज, मोहित कुमार, ऐंजल कुमारी, पायल कुमारी, उर्मिला कुमारी, वरुण कुमार एवं राधिका कुमारी समेत अन्य खिलाड़ियों का नाम शामिल है।

## पंचायत समिति एनुल हक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सिमरिया गाँव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य एनुल हक ने विधिवत फिता काट कर किया। पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि बहुत दिनों से सिमरिया गाँव में अन्धेरा कायम था। चुकी ट्रांस्फार्मा खराब हो गया था। जिसे लेकर गाँव अँधेरे में कायम था अब गाँव में बिजली की लाइट स्व जगमगा उठा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, रामप्रसाद कुमार, मुन्ना कुमार, अंकित कुमार के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## शहर के अंबाकोठी में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने की चोरी

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के अंबाकोठी निवासी नरेश ठाकुर के घर बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। हालांकि चोरों को बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी।इस संबंध में भुक्तभोगी श्री ठाकुर ने बताया कि हम सभी सपरिवार अपनी बेटी का घर छठी में ग्राम मुरहू खूंटी जिला गए हुए थे। घर पर आसपास के लोगों द्वारा सूचना दी गई कि, आपके यहां चोरी हुई है। जिसके बाद हम सभी लातेहार पहुंचे और घर की जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि घर से सिर्फ चांदी की पायल जिसका लागत 12 हज़ार है, वह गायब हो गया, वहीं घर के सारे सामान बिखरे पड़े थे। हालांकि इसकी सूचना थाना को दे दी गई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच पड़ताल हो रही है, हालांकि अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ हैं।

# हाथी का दांत साबित हो रहा है हर घर नल जल योजना : अफजल अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** केंद्र सरकार की कल्याणकारी जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना धरातल पर खानापूर्ति करते देखा जा रहा है। जहां संवेदक की लापरवाही से योजना अधर में है। वही शुरुआती दौर से ही उक्त योजना के अधूरे निर्माण कार्य में भी भारी अनियमितता बरती गई है। इस संबंध में रविवार को प्रखंड झामुमो अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य अफजल अंसारी के नेतृत्व में झामुमो के प्रखंड सचिव बाबूराम सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनिल कुमार प्रखंड के पंचायत छेंचा में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर हर घर नल जल योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की जानकारी ली। मौके पर झामुमो अध्यक्ष ने कहा कि उक्त योजना के संवेदक के द्वारा शुरुआती दौर से ही काफी लापरवाही बरती गई है। जहां प्राक्कलन के अनुरूप अबतक कहीं काम नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि कम से कम दो सौ फीट बोरिंग करना है जिसमें हर जगह 80 फीट से 180 फीट बोरिंग किया गया है इसके अलावा अन्य जगहों पर पुराने चापाकल में जल मीनार अधिष्ठापन कर दिया गया है। बताया कि हर घर स्वच्छ जल पहुंचाना तो दूर अबतक कई घरों पर पानी का पॉइंट अधिष्ठापन के बावजूद पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रहा है वह इसलिए कि जल मीनार के पानी टंकी खाली है। वहीं कई जगहों पर बोरिंग करके छोड़ दिया गया है। इस संबंध में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से स्थल जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनिल कुमार ने बताया कि संवेदक द्वारा जल मीनार का स्ट्रक्चर मोटर निम्न स्तर का लगा दिया गया है जिससे कि लाभार्थियों को शुद्ध पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर जितेंद्र सिंह, बिनोद कुमार, सुखलाल सिंह, संतोष कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने किया। इस अवसर उन्होंने बताया कि, कोर्ट द्वारा जमानत ऑर्डर हो जाने के बाद भी कैदी जरूरी कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाते। साथ ही कई बार उन्हें जमानत आदेश की जानकारी भी नहीं मिल पाती है। जिससे उन्हें लंबे समय तक जेलों में ही रहना पड़ता है। इन परेशानियों को जेल अदालत के माध्यम से दूर किया जाएगा। ऐसे केस को चिन्हित करके उन्हें सॉल्व किया जाएगा। जिससे कोर्ट और जेल में बंद कैदियों के बीच का गैप कम होगा। मिथिलेश कुमार अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी लातेहार ने कहा कि, सुदूर इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालत की पहुंच बनाने के लिए पैरा लीगल वालंटियर की मदद ली जा रही है। जो बढ़िया काम कर रहे हैं। जेल अदालत के माध्यम से कैदियों के मानव अधिकार की रक्षा होगी। इससे कैदियों को मिले कानूनी अधिकारों का उन्हें फायदा होगा। इस जेल अदालत में एलएडीसी के अधिवक्ताओं द्वारा बंदियों के वाद की अद्यतन जानकारियां दी गई। मौके पर मंडल कारा लातेहार जेल अधीक्षक मेनशन बारवा, प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा मंडल कारा लातेहार, एवं व्यवहार न्यायालय लातेहार के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पंचायत के छाताबर ग्राम निवासी बलराम गंझु की पुत्री तन्नू कुमारी 20 वर्षीय घर मे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका युवती के साथ घर मे किसी तरह का कोई बिवाद नहीं हुआ था. सभी परिवार मौसमी खेती के काम मे अपने-काम मे लगे हुए थे. अचानक घर कुंडी बंद देखकर परिजनों ने तन्नू तन्नू कहकर आवाज देकर दरवाजा खोलने के लिए कहा गया लेकिन घर से किसी प्रकार का कोई आवाज नहीं आया तो परिजन किसी प्रकार घर के अंदर प्रवेश किए. जहाँ युवती को फांसी से लटका देखकर परिजन हदप्रद रह गए. घटना की जानकारी बारियातू थाना को दी गई. घटना की सूचना पाते ही घटना स्थल पर बारियातू पुलिस पहुँचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है. इधर आत्म हत्या के कारणों को लेकर पुलिस हर बिन्दुओ पर वारीकी से जाँच कर रही है।

## सड़क निर्माण नहीं होने से आवागमन में परेशानी

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार का सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम गांव तक पक्की सड़क निर्माण कराने का प्रयास अधुरे ही रह जाएंगे। जहां प्रखंड क्षेत्र के कई ऐसे गांव की कच्ची सड़के हैं जो हल्की बारिश पर भी चलने के लायक नहीं है। ऐसे ही प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम चपरी में पीडब्ल्यूडी सड़क से मंजुरमरी टोला तक सड़क के निर्माण कार्य नहीं होने से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। बता दें कि ग्राम चपरी हरिजन बहुल घनी आबादी वाला गांव है। ग्रामीण उक्त सड़क के निर्माण कार्य की मांग दसकों से कर रहे हैं हालांकि सुत्र बताते हैं कि उक्त सड़क का टेंडर प्रक्रिया पुरी हो गई है पर इस वर्ष ग्रामीणों को परेशानी झेलना ही पड़ेगा।

## भाजपा का महाजनसम्पर्क अभियान के तहत टिफिन बैठक पार्टी कार्यालय में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी महा जन सम्पर्क अभियान के तहत टिफिन बैठक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मंच संचालन जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, रजनीकांत सिन्हा, विनय सिंह, शिव बालक सिंह, नवीन साह, सुजीत जायसवाल, धर्मेंद्र साहू एवं जिला कमेटी और मण्डल मोर्चा कमेटी के अध्यक्ष और महामंत्री शामिल हुए।

## जेल अदालत में रोहन भुईयां की स्वीकृति बयान के आधार पर 3000 रूपया फाइन के बाद किया गया रिहा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा वाजपेयी के द्वारा के दिनांक 16 जुलाई को जेल आदालत का आयोजन किया गया। जेल आदालत में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुक्ति भगत,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विनय कुमार लाल, एवं सदीश उज्जवल बैक न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रधान दंडाधिकारी एवं जेलर और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय सहायक मो.नौशाद आलम, मो हसन, प्रदीप कुमार बर्तम पि.एल.भी राजेश कुमार जेल अदालत मे मौजूद थे।अभियुक्त रोहन भुईयां पिता पेरू भुइयां स्थान कसियाडीह थाना राजपुर जिला चतरा,जिनका 33 वन अधिनियम के अन्तर्गत जेल में बंद था। जो अपना दोष स्विकार करते हुए 3000 रूपया फाइन जमा किया। अभियुक के सुकृति बयान के आधार पर रिहा किया गया। यह वाद न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुक्ति भगत कोर्ट में लम्बित था।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर, पलामू :** मेदिनीनगर के शहर थाना मुख्य सड़क के पास पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार चेकिंग अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व कर रहे एएसआई जे कुमार पांडेय ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान में करीब 20 से 30 गाड़ी को पकड़ा गया। एएसआई जे कुमार पांडेय ने कहा कि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटना खास कर मोटर साइकिल के द्वारा होने वाली दुर्घटना में अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बगैर हेलमेट और बाइक से संबंधित वैध पेपर के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस तथा आनर बुक आदि की जाँच की जा रही है। दोपहिया वाहनों का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट नहीं रहने की वजह से गाड़ियों को चालान कर दिया गया। जाँच के दौरान चालान काटा गया और राशि की वसूली की गई। वाहन चेकिंग की खबर सुन कर दर्जनों मोटर साइकिल चालक इधर उधर भागते हुए नजर आए। चेकिंग अभियान में

## आजसू पार्टी प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी पलामू प्रमंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी गढ़वा, पलामू, लातेहार में जोर शोर से चल रही है। 23 जुलाई को मेदिनीनगर टाउन हॉल में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री व पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो होंगे। बैठक परिषदन मेदिनीनगर मे किया गया। अध्यक्ष का स्वागत लातेहार ,मनिका ,सतबरवा, चियांकी व मेदिनीनगर में जोरदार तरीके से किया जाएगा।शहर को आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा। कई तोरण द्वार व झंडा व फ्लेक्स से पाट दिया जाएगा। गढ़वा जिला से सैकड़ों मोटर साइकिल जुलूस से शहर भ्रमण कर टाउन हॉल में शिरकत करेगें। कार्यकर्ता सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए गढ़वा व लातेहार मे भी फ्लेक्स व पोस्टर लगाये जा रहे है। सभी प्रखंडों व अनुसांगीक इकाई के कार्यकर्ता कार्यक्रम के तैयारी मे लग गए हैं। सैकड़ों की संख्या में लोग आजसू पार्टी की सदस्यता लेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन पलामू प्रमंडल के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। सभी प्रखंड के पंचायत में आजसू पार्टी का परचम लहराये जाने की तैयारी है।2024 मिशन की सफलता का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आगाज करेगी। पलामू प्रमंडल में तैयारी में गढ़वा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, लातेहार जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय व पलामू जिला अध्यक्ष दीलीप चौधरी व कार्यक्रम आयोजन मे केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार, ईन्तयाज अहमद नजमी, बिकेश शुक्ला, कार्यकारी जिला अध्यक्ष संतन मेहता, तुलसी शुक्ला, बिजय मेहता, बबलू गुप्ता प्रधान महासचिव एन के तिवारी समेत सभी अनुसांगीक इकाई छात्र, महिला, बुद्धिजीवी मंच के कार्यकर्ता हर जिम्मेवारी की समिक्षा कर आगे बढ़ रहे हैं।

# जमीनी विवाद में एसएसबी जवान शिव कुमार यादव की गई जान

**➲दर्जन भर लोग घायल एक की स्थिति गंभीर बेहतर ईलाज के लिए भेजा गया मगध हॉस्पिटल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर पंचायत के ग्राम आमीन में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडा एवं टांगी से जम कर हुई मार पीट में एक की मौत हो गई है और आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार आमीन गांव में रविवार को तड़के सुबह जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते दोनो पक्षों ने लाठी डंडा और टांगी से एक दुसरे पर प्रहार करना शुरू कर दिए। आमीन गांव पल भर में रन क्षेत्र बन गया। इस मार पीट में आमीन गांव निवासी एसएसबी जवान की मौत हो गई। दोनों पक्ष से दर्जन भर लोगों की घायल होने की सूचना भी है। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोट लगी है। पहले पक्ष से मृतक एसएसबी जवान शिव कुमार यादव हैं। मृतक की पत्नी बसंती देवी,पुत्र अभिषेक कुमार, पुत्री अमृता कुमारी, चचेरा भाई जयराम यादव घायल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से किशोरी प्रजापति, अनिल प्रजापति, संतोष प्रजापति, राजाराम प्रजापति,घायल हो गया है पुलिस के द्वारा सभी घायलों को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर के द्वारा शिव कुमार यादव को मृत घोषित किया गया। वही संतोष प्रजापति की स्थिति गंभीर हो जाने कारण मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है। उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है दूसरे पक्ष के किशोरी प्रजापति के द्वारा विवादित जमीन पर जबरन झोपड़ी लगा दिए जाने के कारण विवाद उत्पन्न हो गया। प्रथम पक्ष के एसएसबी के जवान शिव कुमार यादव आज छुट्टी पर घर आए थे और झोपड़ी हटाने को बोल रहे थे जिसे लेकर किशोरी प्रजापति एवं इनके परिजन के द्वारा लाठी-डंडे टांगी से प्रहार शुरू कर दिया गया। इस मार पीट में एसएसबी जवान बुरी तरह घायल हो गए।शिव कुमार यादव की स्थिति खराब होते देख परिजनों ने हॉस्पिटल ला ही रहे थे की जवान की मौत हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ अविनाश कुमार थाना प्रभारी सनोज चौधरी दल बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। वहीं मृतक एसएसबी जवान के शव को कब्जे में ले कर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पत्रकार के साथ मारपीट को लेकर राजद जिला उपाध्यक्ष ने किया निंदा

**➲पत्रकार के साथ मारपीट होना दुर्भाग्य है : राजद अख्तर हुसैन**

**➲चौथे सतंभ के साथ मारपीट होंना यानी लोक तंत्र की हत्या होना : मुखिया संघ अध्यक्ष बिनोद महतो**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अखबारों में इन दिनों पत्रकार उत्पीड़न का मामला सुर्ख़ियों में है जो बिलकुल दुर्भाग्य है। अखबारों में पत्रकार अशोक के साथ सिमरिया विधानसभा के भाजपा विधायक किशुन दास के सिमरिया प्रतिनिधि सह बानासंडी पंचायत समिति सदस्य भोला सिंह द्वारा मारपीट एवं लूट तथा जानलेवा हमला का मामला इन दिनों काफी चर्चा का विषय बना हुआ साथ हीं लोग निंदा कर रहें हैं। राजद के जिला उपाध्यक्ष अख्तर हुसैन ने इस तरह की घटना को काफी शर्मनाक बताते हुए निंदा की है। कहा है कि चौथा सतंभ के साथ मारपीट लूट पाट यानी लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। जो पत्रकार हम लोगों के सवांद को आम अवाम तक निःशुल्क पहुंचाता है और उन्ही के साथ यदि ऐसा होगा तो बड़ा अफ़सोस और चिंता जनक है। ऐसे कुकृत्य करने वाले लोगों को जेल के सलाखों के पीछे भेज देना चाहिए। मुखिया संघ के अध्यक्ष बिनोद महतो ने बताया कि पत्रकार पर हमला करना बहुत हीं दुखद घटना है। पत्रकार के साथ इस तरह का घटना करने वाले पर अविलंब गिरफ्तार किया जाना चाहिए। पत्रकारों द्वारा हमलावर भोला सिंह की गिरफ्तारी की मांग जायज है। लोगों को कानून। की सजा मिलनी चाहिए। गलत कार्य करने को लेकर खबर प्रकाशित की गयी थी। लेकिन ऐसा नहीं की उलटे पत्रकार पर हमला करें। यह निंदनीय और अशोभनीय है। इसे बर्दास्त कतई किया जाना नहीं चाहिए। वैसे हमलावर भोला सिंह पर काण्ड संख्या 15/23 धारा 341, 323, 379, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। किंतु अभी तक अभियुक्त भोला सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया है। वैसे सिमरिया विधायक किशुन दास के द्वारा सिमरिया प्रतिनिधि पद से भोला सिंह को हटा देना चाहिए। इधर इस तरह पत्रकारों पर आए दिन हमला को लेकर जिला से लेकर प्रदेश के पत्रकारों में काफी रोष है ।पत्रकारों ने दूरभाष पर कहा है कि यदि पुलिस हमलावर अभियुक्त भोला सिंह को अविलंब गिरफ्तार नहीं करती है तो 19 जुलाई को अनशन स्थल पर हमलोग भी मौजूद होकर एकता का परिचय देंगे। वहीं सिमरिया प्रशासन को पत्रकारों के भीड़ को संभालना भारी पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मांडू विधानसभा में भाजपा की टिफिन पर चर्चा हुई

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टिफिन पर चर्चा मांडू विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार मैं मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के आवास दिग्वार में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन मांडू मंडल अध्यक्ष तो केश सिंह ने किया धनबाद ज्ञापन भाजपा ड़ाड़ी मंडल अध्यक्ष वकील महतो ने किया इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष स मांडू विधानसभा क्षेत्र विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम में उन्होंने संगठन मजबूती के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्य को जनसंपर्क से समर्थन के माध्यम से डोर टू डोर प्रचार प्रसार करना है इस कार्यक्रम में महामंत्री खिरोधर प्रसाद साहू जिला मंत्री राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य नीरज झा मुरारी मोहन सिंह आरा मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी महतो आशीष साहू रवि साहू डिंपल प्रजापति प्रदीप शर्मा रंजीत प्रसाद साहू सुनील प्रसाद साहू गणेश प्रसाद साहू वीरेंद्र साहू शंकर करमाली हरिशंकर बिहारी अर्जुन कुशवाहा नवरत्न सिंह महतो अशोक कुमार बालेश्वर महतो प्रेम महतो मनोज महतो रामा शंकर कुशवाहा सुरेश महतो राजेश ठाकुर मुकेश ठाकुर रामचंद्र मुंडा लोकनाथ रजवार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह में सिविल सर्जन को सम्मानित किया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन रामगढ झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में रामगढ़ के एक होटल के सभागार मे रामगढ सदर हॉस्पिटल के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार को संयुक्त रूप से बुके देकर सम्मानित किया गया एवं उज्वल भविष्य कि कामना कि गई, रामगढ सदर हॉस्पिटल को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, पुरे झारखंड मे समुचित व्यस्था व उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम आया है, हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा के अर्थक प्रयास से व डाक्टर प्रभात कुमार सिविल सर्जन के मेहनत से सम्भव हुआ है। ये सरेह दोनो को जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल थे, प्रदीप कुमार शर्मा, विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश के मुख्य महासचिव व विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महासचिव व हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक, विश्व ब्राह्मण संघ के संरक्षक नवीन पाठक, छावनी परिषद कि नामित सदस्य कीर्ति गौरव, जिलाध्यक्ष महेश मिश्र तथा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामभगत शर्मा, राज कुमार प्रसाद , रमण शर्मा, अरविंद पांडे, रामानन्द मिश्र , कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा इत्यादी अनेकानेक लोग उपस्थित थे। अनेको वक्ताओ ने सम्बोधित किया, संचालन महेश मिश्र ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्याम शर्मा ने किया।

### पूर्व उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा का निधन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लंबे समय से बीमार चल रहे रामगढ़ जिले के पूर्व उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा का आज सुबह स्वर्गवास हो गया। सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने इस पर गहरा शोक व्यक्त किया वही उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में जिला प्रशासन रामगढ़ उनके परिवार के साथ है।

### झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की बैठक सम्पन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन ,हजारीबाग के द्वारा गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित फ्रेंच बीन होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष विनोद भगत ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार हम लोगों को स्कूल खोलने के लिए आग्रह करती है और दूसरी तरफ स्कूल खोलने, बनाने ,करोड़ों रुपया लगाने के बाद नए-नए कानून लाकर हम लोगों को प्रताड़ित करने का काम करती है । 2019 में एक नियमावली लायी गई।जिसमें शहर में स्कूल खोलने के लिए 25 कट्ठा और देहात में 50 कट्ठा जमीन को अनिवार्य बनाया गया।उसमें रूम के साइज को भी तय कर दिया गया । मेरा कहना है कि जो स्कूल 20 साल , 30 साल 40 साल पहले खोलें हैं उस समय जिस स्कूल में जीतने बच्चे आए, क्लास वाइज और बच्चों की संख्या के अनुसार उतना बड़ा रूम बनाया गया । अब आपके नये कानून को पालन करने के लिए हम लोगों के पास कोई उपाय नहीं है।क्योंकि ना तो हम रूम को खींच कर लंबा या बड़ा कर सकते हैं और ना ही स्कूल के बगल में जिन लोगों का मकान बना हुआ है ,उसके मकान को तोड़ कर हम अपने स्कूल के जमीन को बड़ा कर सकते हैं। लोगों के पास कोई उपाय नहीं है। हमलोग स्कूलों के बचाव के लिए आरटीई नियमावली 2019 के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर किया है ।जहां से हम लोगों को राहत दिया गया । अभी 18 मई को नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम सूचना भवन में हम लोगों की मीटिंग बुलाई गई थी। जिसमें बिल्डिंग का नक्शा, सोलर प्लेट , अग्नि शमन यंत्र लगाने का आदेश जारी किया गया। नहीं लगाने पर धमकी दी गई कि 18 जून से आप लोगों का स्कूल बंद करवा दिया जायेगा। सोलर प्लेट, बिल्डिंग का नक्शा और अग्निशमन यंत्र लगवाने में लगभग ?25 लाख का खर्च आयेगा ।

# हजारीबाग को चाहिए माटी का सांसद : संजय मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को हज़ारीबाग के गाँधी मैदान में जनसैलाब उमड़ पड़ा। लगभग पचास हज़ार की संख्या में लोग जुटे। झारखंडी मुद्दों पर जुटी यह भीड़ स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की माँग कर रही है। साथ ही झारखंड के 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी को सांसद, विधायक बनाने की वकालत की गयी।

बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले किया गया। यह समिति प्रदेश स्तर पर झारखंडी जनमुद्दों को लेकर सभाएं कर रही है और लगातार जनजागरूकता अभियान चला रही है।महासभा में झारखंड के चतरा, हज़ारीबाग, गिरिडीह लोकसभा समेत पूर्वी सिंहभूम, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, कोल्हान, संथाल, उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर के कार्यकर्ता और आम लोग पहुँचे। साथ ही इस महासभा में 24 जिलों के सभी विश्वविद्यालयों से हजारों छात्र, नौजवानों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि झारखंड एक और इंकलाब मांग रहा है। है। महासभा की शुरुआत से पहले भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। जिसके बाद वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों को रखा।

इस दौरान मुख्य वक्ता के तौर पर लंबे समय से झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से लड़ाई लड़ रहे संजय मेहता ने महासभा को संबोधित किया।संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को एक नए बदलाव की जरूरत है। झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है।राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटा है। साथ ही यहाँ के नेताओं ने भी सिर्फ अपनी तिजोरी को भरा है।

संजय मेहता ने कहा कि झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है। झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है। स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है।

संजय मेहता ने स्थानीय नीति पर कहा कि 1932 के पहले और 1964 के बाद जिला का अंतिम सर्वे का खतियान ही झारखंड की स्थानीयता का आधार होना चाहिए।जब तक खतियान को स्थानीयता का आधार नहीं बनाया जाएगा बाहरी अतिक्रमण से झारखंड को बचाना मुश्किल है। हमारी नौकरी और जमीन को लगातार संस्थागत तौर पर लूटा जा रहा है।

संजय मेहता ने कहा कि ज्ञात हो कि पिछली सरकार से पहले नियुक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। लेकिन, इसमें श्व्ह्ब्स के तहत सवर्णों का आरक्षण जुड़ जाने के बाद यह 60 प्रतिशत हो गया।ऐसे में 60 प्रतिशत सीटों पर नियुक्तियां झारखंड के आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की होंगी। वहीं 40 प्रतिशत सीटें %ओपन टू ऑल% है। अर्थात कोई भी आवेदन कर सकता है।इसका मतलब यह हुआ कि केवल 60 प्रतिशत आरक्षित सीटें ही ऐसी हैं, जिन पर झारखंड के ही अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है। बाकी के 40 प्रतिशत सीटों पर किसी भी राज्य के युवा झारखंड में

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने अपनी अलग पहचान बनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इन दिनों अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन काफी सुर्खियों में है! आपको बताते चलें कि लगातार सामाजिक कार्यो में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है संस्था! वही शनिवार को बीरहोर टोला में रह रहे बच्चों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया गया! मारवाड़ी सम्मेलन की अध्यक्ष श्वेता जैन सेठी ने बताया कि आज बच्चों के बीच आकर काफी खुशी हुई हम लोगों ने यहां फूड पैकेट का वितरण किया जिसमें फरूटी, चिप्स, बिस्किट, सत्तू के पैकेट, चॉकलेट का वितरण किया! श्रीमती सेठी ने बताया कि आने वाले दिनों में लगातार सामाजिक कार्य किए जाएंगे।

वितरण समारोह में~ सचिव अंतिमा जैन , उप सचिव लिम्का जैन, रजनी खंडेलवाल, लक्ष्मी अग्रवाल मीना तांबी, नीलू जैन पूजा छाबड़ा, मान्या जैन शामिल रहे ।

## तैराकी संघ ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शिक्षा के साथ खेल के प्रति शहर के युवक काफी प्रोत्साहित नजर आ रहे हैं इसी क्रम रांची में आयोजित तैराकी कार्यक्रम में हजारीबाग के कई युवक सम्मिलित हुए हजारीबाग का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। 21 मेडल जीते है साथ ही ग्रुप 2 में हजारीबाग टीम को उपविजेता भी घोषित किया गया था । इस उपलब्धि पर हजारीबाग जिला तैराकी संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन



किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी सह अध्यक्ष हर्ष अजमेरा एवं उपाध्यक्ष विकाश कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी ने खिलाड़ियों को टी-शर्ट एवं फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया है। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों के नाम निश्चय कुमार, आयुष आदर्श, पीयूष राणा, रूपम राज, गुप्ता श्रीयांशु कुमार, अमित कुमार, कुमार नीतीश, कुमार निधिश विवेक राज,एकलव्य वर्मा, सोबिर पाल,शिवमकार कुमार,अक्षय मिश्रा शौर्य कुमार आरव राज, अयान गोप शामिल है। टीम के साथ मे कोच मनु कुमार राणा ,गौरव कुमार टीम मैनेजर कौशल कुमार सह मैनेजर सत्यम कुमार टेक्निकल ऑफिशियल गणपति राम को भी सम्मानित किया गया।

## भुरकुंडा सीसीएल न्यू वर्कशॉप में हथियार के बल पर चोरों ने डकैती कर दर्जनों गार्ड को पीट-पीटकर घायल किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा सीसीएल न्यू वर्कशॉप में 20 से 30 की संख्या में चोरों ने हथियार के बल लाखो की डकैती कर ली है। बताते चलें कि घात लगाए चोरों ने रविवार को सुबह तीन बजे सबसे पहले न्यू वर्कशॉप की सायरन का तार और सीसीटीवी फुटेज कैमरे तोड़ दिए। चोरी करने पहुंचे 50 की संख्या में चोर तीन अलग-अलग हिस्सों में बंट गए। जिसके बाद एक ग्रुप ने गार्ड को पिटते हुए बंधक बना लिया तो वहीं



दुसरे ग्रुप ने वर्कशॉप और स्टोर के सटर का ताला तोड़ दिया और लगभग लाखो की सीसीएल के संपत्ति को लेकर फूर हो गए।वहीं इस बीच चोरों ने पुलिस होमगार्ड रमेश यादव और सुबोजित मंडल को पीट-पीटकर खून से लहूलुहान कर दिया और एक सीसीएल सिकयूरिटी गार्ड रबी उरांव का मोबाइल भी छिन ली। पूरे घटनाक्रम की सूचना सीसीएल के अधिकारी को देते हुए भुरकुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

## राज भवन के सक्षम एक दिवसीय महापड़ाव में पीवीयूएन मजदूर होंगे शामिल : मनोज कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** नटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक)की सप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में हुई ढ्ढ जिसकी अध्यक्षता भाकपा अचंल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो ने किया । इस बैठक में यूनियन की सदस्यता बढ़ाने एवं मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई । वही मनोज कुमार महतो ने कहा कि आगामी 10 अगस्त को संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा देशव्यापी आंदोलन को लेकर मजदूरों का



एक दिवसीय महापड़ाव राजभवन के समक्ष दिया जाएगा । जिसमें एनटीपीसी मजदूर यूनियन के बैनर तले पीवीयूएनएल के मजदूर भी भाग लेंगे । जिसे लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर रही है । मौके पर रमेश महतो,मनोज मुंडा,जयनंदन सिंह,विनय कुमार गुप्ता, सरवन करमाली,नरेश कुमार सिंह, सनीलाल बेदिया,जितेंद्र कुमार,नरेश बेदिया प्रदीप सिंह,बलिंदर कुमार सिंह इत्यादि मजदूर शामिल रहे ।

# रामगढ़ विधानसभा में हुई टिफिन पर चर्चा, दर्जनों कार्यकर्ता हुए उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहें महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन होटल लॉ मैरिटल के सभागार में संपन्न हुआ।इस विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने एवं मंच संचालन वरिष्ट उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला संयोजक राजू चतुर्वेदी ने किया।कार्यक्रम का विषय प्रवेश करवाते हुए प्रवीण मेहता ने झारखंड के नवनयुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य वरिष्ट नेताओं द्वारा रामगढ़ जिले हेतु तय कार्यक्रमों को भव्यता के साथ संपन्न करवाने पर मिले निर्देशों को साझा करते हुए कहा की अब आगामी चुनाव को देखते हुए सभी





कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए हीं ही टिफिन पर चर्चा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमे हम सभी आपसी वैमनस्यता भूल कर एक हो सकें। कार्यक्रम में सभी नेता एवं कार्यकर्ताओं ने अपने घरों से लाए टिफिन को आपस में बांटते हुए मंचस्थ नेताओं का वक्तव्य को सुना । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पाण्डेय ने कहा की प्रदेश द्वारा भेजे गए सभी कार्यक्रमों ने एकजुटता के साथ सभी कार्यकर्ताओं को जुट जाना चाहिए । वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्यासी एवं कार्यक्रम के आयोजनकर्ता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की प्रदेश से भेजे गए सभी कार्यक्रम हम सभी कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरने के लिए होता है।और इन्ही कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश एवम केंद्र के नेता आगे के कुछ बड़ी दायित्व के लिए चुनते हैं। निवर्तमान महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडे ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रदेश से मिले आजीवन सदस्य निधि जैसे कार्यक्रमों को संपन्न करवाने के गुर भी दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंचस्थ प्रो.संजय सिंह,कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो,मंत्री दिलीप सिंह, वसुद्ध तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय जयसवाल, कैंट मंडल नगर मंत्री,पाठक, महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, शीतल सिंह,सुबोध सिंह, अरविंद सिंह,जग्गी,रणधीर सिंह, तरुण साव,सत्यजीत सिंह, सुरजीत सिंह होरा,सैयद किरमानी, बबलू साव ब्रजेश पाठक, अजीत गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### सिलवासा में जूनियर रिसर्च एसोसिएशन पद पर हुआ चयन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के रसोइया धमना निवासी भाजपा नेता अर्जुन साहू की पुत्री कुमारी ऋतु रश्मि का चयन दादर नगर हवेली की राजधानी सिलवासा में जूनियर रिसर्च एसोसिएशन पद पर हुवा है। उक्त जानकारी भाजपा नेता अर्जुन साहू ने देते हुवे



बताया की आज मुझे काफी हर्ष हो रहा है। वहीं उन्होंने बताया की मेरी बेटी का शिक्षा प्रयागराज यूनिवर्सिटी लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं अंतरराष्ट्रीय फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी गांधीनगर गुजरात से हुई। जहाँ केंपस सिलेक्शन होने से यूनिवर्सिटी के साथ-साथ मेरा पूरा परिवार खुशियों से भर गया। वहीं उन्होंने कहा की ईश्वर सबको ऐसा ही बेटी दे, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटी को पढ़ने के लिए पूरा समय देने का प्रयास सब लोग करें। वहीं कुमारी ऋतु रश्मि के चयन होने पर उनके घर काफी संख्या में लोग पहुंचे और बधाई दिए। वहीं उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। बता दे की भाजपा नेता अर्जुन साहू की बड़ी पुत्री कुमारी तन्नु श्री सीनियर सॉफ्टवेयर एंजियर की पद पर बैंगलोर में कार्यरत है। वहीं पुत्र तरुण भारत दिल्ली यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर की पढ़ाई करने के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी आसाम तेजपुर में नामांकन करवाने जा रहे हैं।

### झारखण्ड में भ्रष्टाचार बन गया शिष्टाचार, जनता है लाचार : सुदेश महतो

**हजारीबाग :** रविवार को आजसू पार्टी का हज़ारीबाग लोकसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मलेन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया ! कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा मंच संचालन रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एवं कपिलदेव महतो ने किया ! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी उपथित हुए उनके साथ गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो , रामगढ़ विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी, केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, अल्संख्यक प्रकोष्ट के केन्द्रीय अध्यक्ष मौलाना नजरुल हसन हाशमी, केन्द्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, तिवारी महतो, प्रदीप मेहता, राजसिंह चौहान, परमेश्वर महतो, विजय साहू, गुड्डू यादव उपस्थित हुए ! कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमन्त्री सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया है इसके कारण आम लोग लाचार। सरकार ने राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया है जिसका प्रभाव जन सेवा में एवं कल्याणकारी योजनाओं में पड़ा है ! लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक में रखकर काम कर रही है सरकार। राज्य में लोग शिक्षा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते हैं सरकार के पास स्पष्ट नीति और नियोजन का कोई प्रारूप है नहीं।विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में आजसू पार्टी मजबूत हुआ है ! झारखण्ड की भ्रष्ट सरकार में खुलकर लूट मची है !केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र की दो लाख जनता ने आजसू पार्टी को अपना समर्थन दिया है । आनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्त्ता तैयारी करें । गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने कहा कि झारखण्ड में अराजकता की स्तिथि बनी हुई है सरकारी कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं एक भी सरकारी योजना धरातल पर नहीं उत्तरी है ।

## सब्र का बांध टूटा तो होगा जल्द आंदोलन : विप्रसं मोर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया सरना स्थित काली मन्दीर परिसर में पीवियूएन के विस्थापित प्रभावितों की बैठक आदित्य नारायण प्रसाद के अध्यक्षता में हुई। तथा बैठक में कहा गया कि बिना नियमावली के निर्माणाधीन पावर प्लांट में पीवियूएन प्रबंधन द्वारा गुप चुप तरीके से लोगों की नियुक्ति के चलते सभी गांवों में आक्रोश बढ रहा है। बैठक में प्रबंधन को स्पष्ट कहा गया कि विस्थापित प्रभावितों के हक अधिकार का बन्दर बांट करना बन्द करे।अब तक यूपीएल अथवा पीवियूएन के माध्यम से कहां-कहां के लोगों की स्थाई नियुक्ति की गई उसे भी प्रबंधन सार्वजनिक करे।और वोकेशनल ट्रेनिंग की व्यवस्था किया जाए ताकि स्किल्ड अनस्किल्ड का बहाना ना रहे। यदि प्रबंधन द्वारा



इस पर अविलंब संज्ञान लेकर ठोस पहल नहीं किया गया तो विस्थापित प्रभावितों का धैर्य टूट जाएगा और नाकाबंदी आंदोलन करने के लिए विप्रसं मोर्चा बाध्य हो जाएगा।बैठक में प्रत्येक टोला और मोहल्ला में बैठक कर आंदोलन करने हेतु तैयारीयां करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुमेल उरांव,राजा राम प्रसाद,भुवनेश्वर महतो,अब्दुल क्यूम अंसारी,किशोर कुमार महतो,अलीम अंसारी,प्रिय नाथ मुखर्जी, नन्दकिशोर महतो, अशोक महतो,मनु मुन्डा, सुरेश साव, रमेश महतो,छोटू करमाली, प्रेम मुण्डा, प्रकाश कुमार, अजय, कुलेश मुन्डा, रिन्कू देवी,बिना देवी,रमीज इकबाल, राजेश महतो, बिजय उरांव,रन्थु राम, असलम इकबाल,गोपाल महतो, स्यूब अंसारी,विकास गिरी,संजय गुरु आदि उपस्थित थे।

## रजरप्पा सीसीएल कर्मी पर अज्ञात अपराधियों ने चलाई गोली, रजरप्पा कॉलनी मे दहशत का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा के आवासीय कॉलोनी मे रविवार को लगभग 2~00 बजे एक सीसीएल कर्मी पर अपराधियों द्वारा गोली चलाई गई जिससे पूरे कॉलोनी वासियों में दहशत का माहौल माहौल बना हुआ है बताया गया कि शिक्षाकर्मी अपने आवास से दोपहर दोपहिया मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहा था इसी क्रम में घात लगाए सफेद अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार नकाबपोश अपराधियों ने गोली मारी जिससे घटनास्थल पर ही वह गिर गया। रजरप्पा क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। एक के बाद एक अपराधी घटनाओं को अंजाम देते दिख रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को अपराधियों ने जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक सीसीएल कर्मचारी इलेक्ट्रिशियन की ऊपर दो गोली दागी है। गंभीर अवस्था में उसे सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सिल्वर जुबली अस्पताल लाया गया। उसके बाद रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी घटनास्थल पहुंच चुके हैं। जानकारी के मुताबिक जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र के सीसीएल रजरप्पा के आवासीय कॉलोनी के सरना स्थल के निकट दोपहर बाद 2 बजे के लगभग एक सीसीएलकर्मी आशीष कुमार बनर्जी को एक बाइक पर सवार पहुंचे दो अपराधियों ने गोली मारी है। बाइक पर आए अपराधियों ने गोली मारकर आराम से चलते बने हैं। तत्काल आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस घायल अवस्था में आशीष कुमार बनर्जी को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सिल्वर जुबली अस्पताल लाई।उसके बाद वहां से सीधे रामगढ़ सदर अस्पताल लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीसीएल कर्मी आशीष कुमार बनर्जी को दो गोली मारी गई है। सूचना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ से एसडीपीओ किशोर कुमार रजक घटनास्थल पहुंच चुके हैं। वहां पहुंच कर भी घटना की तहकीकात आरंभ कर चुके हैं जहां से एक गोली का खोखा बरामद पुलिसकर्मियों ने किया अपराधियों ने आशीष कुमार बनर्जी को गोली क्यों मारा। इसका पुलिस पता लगाने में जुटी है। वही अपराधियों की धरपकड़ के लिए दो पहिया वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। एसडीपीओ ने बताया कि अपराधियों के किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा घटना के बाद तुरंत रजरप्पा पुलिस चौकस हो गई और जगह जगह पर दोपहिया वाहनों की जांच पड़ताल में जुट गई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# एक साल से धूल फांक रही सुसज्जित तीन एम्बुलेंस, तकनीकी पेंच में फंसा है मामला

**मक़सूद आलम@प्रभात मन्त्र**

**पाकुड :** उद्योग और औद्योगिक घरानों पर हमेशा से आरोप यह लगता आया है,की वो अपनी कमाई तो करते हैं लेकिन प्रभावित लोगों एवं आमजनता के लिए कुछ नही करते।हम यह इस लिए कहना चाह रहे है कि कोल विस्थापितों के कई आंदोलनों,विरोधों एवं राजनैतिक खेलों को पाकुड जिला ने देखा है।लेकिन बीजीआर कोल कंपनी के सीएसआर मद से दिए गए तीन एम्बुलेंस पुराने सदर अस्पताल कैम्प्स में अपनी बैधब्यता को रो रहा है।तकरीबन एक वर्ष पहले बीजीआर कंपनी ने तीन एम्बुलेंस तमाम एमरजेंसी सुविधा सहित पाकुड़ जिला प्रशासन को सौंपा। स्वाभाविक रूप से एम्बुलेंस था,इस लिए सिविल सर्जन पाकुड़ ने उसे प्राप्त किया,चर्चाएं हुई कि रेड क्रॉस सोसाईटी के द्वारा इन एम्बुलेंसों का संचालन किया जाना है।सिविल सर्जन ने उसी वक्त एम्बुलेंस रेड क्रॉस सोसाईटी को हैंड ओवर कर दिया।किसी भी एम्बुलेंस को चलाने के लिए कम से कम एक चालक और एक मेडिकल ट्रेंड सहायक की आवश्यकता होती है।वर्ष बीत गए लेकिन इन एम्बुलेंसों की वैधब्यता पर चालक रूपी सिंधु और सहायक रूपी बिंदी अबतक लग नही सका।आश्चर्य है कि बैठकें होती है इसपर चर्चाएं भी होती हैं लेकिन एक वर्ष में बमुश्किल दो चालक ही चयनित किये गए हैं।स्वाभाविक रूप से सहायक के बिना यह भी किसी काम के नही।नतीजतन तीन में से एक गाड़ी खराब हो गई है। बाकी बचें दो को स्वास्थ्य विभाग के ड्राइवर स्टार्ट करके जान फूंके हुए है।एम्बुलेंस के इंजन तो स्टार्ट हो जाते हैं लेकिन उसके अंदर पड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं की मशीनें तो बस पड़ी ही है,वह अकस्मात आवश्यकता होने पर कितना सक्षम होगा यह कह पाना फिलवक्त नामुमकिन है।लेकिन इस बाबत जब सिविल सर्जन एम के टेकड़ीवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निर्णय के अनुसार मैंने रेड क्रॉस सोसाईटी को एम्बुलेंस सही सलामत हैंडओवर कर दिया है।चालक और सहायक की व्यवस्था करना रेडक्रॉस सोसाईटी और बीजीआर के जिम्मे है।चालक तथा सहायकों का पेमेंट भी बीजीआर से होना है इस लिए इस बाबत विशेष और सटीक जानकारी आपको रेडक्रॉस सोसाईटी और बीजीआर से ही मिल सकती है।रेडक्रॉस के पदेन सचिव अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित ने बताया कि बहुत जल्द इस पर निर्णय ले लिया जाएगा और आमजनता को इसकी सेवा दी जाएगी।समय सीमा पूछे जाने पर उन्होंने कहा दस दिनों के अंदर इस मामले को कार्यरूप दे दिया जाएगा।अब देखना यह है कि पिछले एक वर्ष से यूं ही बेकार पड़ी एम्बुलेंस की गाड़ियां दस दिनों में सड़क पर दौड़ती नजर आती है या फिर आमजनता इस सुविधा के लिए टकटकी लगाए रखे।

# कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड (महानगर) कांग्रेस कमिटी के कार्यकता सम्मेलन लोवाडीह स्थित साई धर्मशाला में प्रखण्ड अध्यक्ष चमन रजक की अध्यक्षता में किया गया। कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि आज देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मंहगाई पर काबू कर नहीं पाया। देश के जनता मंहगाई से जूझ रहे हैं। देश को अडानी-अम्बानी के हाथों बेच दिया। देश को धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। देश में कालाधन का क्या हुआ। देश को बीजेपी सरकार ने जाति के नाम पर धर्म के नाम पर राज करना चाहता है। देश ना किसी जाति का है ना किसी धर्म का है हमारे देश हिन्दुस्तान में रहने वाले सभी हिन्दुस्तानी है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि आने वाले 2024 चुनाव को में कांग्रेस के प्रत्याशी को एक-एक वोट देकर विजय बनाना है। विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार सहाय ने कहा कि पुरे रांची लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कर 2024 की लोकसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है। आने वाले दिन में हम सभी को अपने बुथों पर अधिक से अधिक कांग्रेस पार्टी को मतदान करना होगा। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष चमन रजक, प्रिंस बंट महानगर उपाध्यक्ष, नीतू देवी महानगर महिला अध्यक्ष, अमन अहमद, सदर शाउद आलम, पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, नौशाद खान, रीना सांगा, जोसेफ मिंज, चांद खान, मधु कुजूर, दीपक राणा, गोपी कच्छप, सोनाल कच्छप, विक्की ठाकुर, ज्ञानी मुण्डा, मुरली कुमार, सुनील यादव, पंचु तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 9 सितंबर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के द्वारा सभी इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की गई। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि आगामी 9 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इससे पहले इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारियों के साथ प्री - कॉन्सिलिएशन मीटिंग आयोजित की गई।इसका उद्देश्य राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा सड़क दुर्घटना के मामलों का निपटारा करना है। जिससे पीड़ित को पीड़ित सहायता राशि अविलंब मिल सके और पीड़ित को सुगम एवं त्वरित न्याय मिल सके।

## जिप सदस्य ने किया घटिया सड़क निर्माण कार्य का विरोध

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी टुंडी ग्राम सीतलपुर मैं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा निर्मित सड़क का घटिया निर्माण कार्य को लेकर आज रविवार क्षेत्र संख्या 4 के जिला परिषद सदस्य मीना हेमराम ने औचक निरीक्षण किया जिसमें पाया किए दो 2.80 किलोमीटर मैं से 1.80 ही कार्य किया गया है और कार्य गुणवत्ता काफी घटिया है सड़क को आनन-फानन में बनाकर संवेदक द्वारा समाप्त कर दिया गया है वर्षा से पहले ही सड़क टूटना आरंभ हो गया है। जिला परिषद सदस्य मीना हेमराम जिलाधिकारी धनबाद से उक्त प्रधानमंत्री सड़क ग्राम योजना का उच्च स्तरीय जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम ने कुल दस चापाकलों का किया शिलान्यास

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी प्रखंड के रतनपुर गाँव में जिला परिषद क्षेत्र संख्या 4 के सदस्या मीना हेंब्रम ने कुल 10 चापाकल का अधिष्ठापन कार्य का किया शिलान्यास बताया जाता है कि मीना हेंब्रम ने अपने जिला परिषद मद से विभिन्न गांवों में 10 चापाकल का अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास किया मौके पर उनके साथ कलावती देवी रतनपुर मुखिया प्रतिनिधि शहादत अंसारी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे ।

## सड़कों कि स्थिति अत्यंत खराब

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड अंतर्गत इन दिनों सड़को कि स्थिति दयनीय बनी हुई जिससे ग्रामिणो को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकडा एवम कार्यकर्ता गण सांसद एवम विधायक से अविलंब मरम्मत एवम निर्माण कराने कि मांग कि है। जो निम्न है 1) सिद्रोल एं एच से राजा उलातु फपु पीडी महादेव टोली, कोईनार टोली, महुवा टोली, गढ़ा टोली होते हुए वरेंगतोली तक 2) हाहाप् पंचायत अंतर्गत रिंग रोड बरबल से चर्नबिडा होते हुए टाटा रोड़ 3) सिद्रोल पंचायत अंतर्गत एन एच 33 से पलांडू होते हुए गढ़िया टोली, मालती रिंग रोड़ 4) रामपुर मे जामचुआ बुद्री होते हुए पासी टोली तक 5) कुटियातु मे तुपु दाना रोड़ से कुटियातु होते हुए अरविंद कपड़ा मिल तक 6) सर्वल चौक से कुईडी बेड़ा होते हुए रुडुग् कोचा, बुंडू बेड़ा, टुन्जु बुटियो तक 7) हरदाग मे खूंटी रोड़ से गुन्दू बस्ती तक 8) लालखातंगा मे रिंग रोड़ से गढल्टगा होते हुए शवये बगान 9) हुडवा पंचायत मे मैन रोड़ से हडूवा रोड़ तक।

# सुंडी समाज का एक दिवसीय सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** पहली बार झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ, राष्ट्रीय सुंडी समाज, पश्चिम बंगाल प्रदेश सुंडी संघ, पंच परगना सुंडी संघ एवम शौंडिक जागरण मंच जैसे पांच संगठनों के प्रतिनिधि एक मंच पर आकर 24 सितंबर को रांची में होने वाली अखिल भारतीय शोंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।रविवार को झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि रांची जिला मुख्यालय से पूरब दिशा सिल्ली मुरी स्थित बंगाल सीमा में तुलीन के रायल पैलेस, रामनगर तुलीन झालदा पुरूलिया के धरती पर पश्चिम बंगाल प्रदेश सुंडी संघ के बैनर तले 11 बजे पूर्वाह्न से सम्मेलन सह



सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के सभापति श्री रामेश्वर साहु जी थे। सम्मेलन मे आए 51अतिथियों में सभी अतिथियों को चादर ओढ़ाकर बुके देकर सम्मानित किया गया।इस सम्मेलन में झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ, राष्ट्रीय सुंडी समाज, पंच परगना सुंडी संघ एवं शोंडिक जागरण मंच के दिग्गज नेताओं सहित तुलीन, डूमेरडीह,बरजोपुर, पीपर दाग, कुतरू, बासारुली, मारदु,बलरामपुर, के प्रतिनिधि शामिल होकर सम्मेलन सह सम्मान समारोह को सफल बनाया। कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा मुरारी साहु जी ने बताया कि झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ के संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, प्रदेश महामंत्री उमेश साहु, आदि थे ।

# विधायक ने आड़ाल नावाडीह में जलापूर्ति योजना एवं पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** प्रखंड के बड़ाचांगडु पंचायत के आड़ाल नावाडीह हरिमंदिर के समीप जल जीवन मिशन के तहत पेयजल स्वच्छता विभाग की ओर से शनिवार को एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं पीसीसी पथ का शिलान्यास पुर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर हरि मंदिर के समीप विश्वनाथ महतो की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस योजना में 8 करोड़ 36 लाख 71 हज़र रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें बड़ाचांगडु, दोवाडु एवं पतराहातु के पंचायत के



लगभग 11 गांवों के 23 सौ से अधिक घरों पर सुद्ध पानी पहुंचाया जायेगा। हमारा लक्ष्य है कि विधानसभा के 74 हजार परिवारों को शुद्ध पानी मिले। इसी के तहत लगातार कार्य किया जा रहा है। जिन गांव में इसका लाभ मिलेगा उसमें आड़ाल, बड़ाचांगडु, नवाडीह, दोवाडु, गोंड़हा, मुड़हु, तुनकु, छोटा चांगडु, घाघरा, करियाडीह पतराहातु, आदि गांव शामिल है। वहीं योजना के निर्माण कार्य के संवेदक वैष्णवी इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन के सचिन ने जानकारी देते हुए बताया के योजना के तहत क्षेत्र में अलग अलग क्षेत्रों में अलग अलग क्षमता के कुल 70 जलमिनार का निर्माण कर घरों तक जल पहुंचाया जायेगा ।कार्यक्रम का संचालन डॉ रंजीत राय एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय चंद्र महतो ने किया।

## मेसरा में चला जनसंपर्क अभियान, कमलेश राम हुए शामिल

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के नेतृत्व में रविवार को घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कांके के रूदिया बूथ नं 319 में घर-घर जनसंपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक का वितरण किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों के बारे में बता कर 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों से समर्थन मांगा।मौके पर कमलेश राम ने कहा कि भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। 2014 से लेकर अब तक 9 सालों में केंद्र की मोदी सरकार ने देश के विकास इतिहास परंपरा संस्कृति सम्मान और सुरक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किए हैं। चाहे कृषि क्षेत्र हो युवाओं का चित्र महिलाओं का मामला हो या देश की सीमाओं की रक्षा का मामला हो सभी क्षेत्रों में मोदी का कार्यकाल अव्वल रहा है। जनसंपर्क अभियान में सीता देवी,रतनी देवी,बबलू करमाली के अलावा कई लोग शामिल थे।

## बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में दो दिवसीय वोटर आईडी कैंप का आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के पंचायत सचिवालय में मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में दो दिवसीय वोटर कार्ड कैंप का आयोजन किया गया।इस शिविर मे नया वोटर कार्ड बनाने,सफेद वोटर कार्ड को रंगीन बनाने सहित मतदाता सूची में शुद्धिकरण करने



को लेकर आवेदन लिया गया।मुखिया रीना देवी ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा के निर्देश पर इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपना आवेदन जमा किया।उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से जिनका 18 वर्ष उम्र हो चुका है उनसे कैम्प में आकर वोटर कार्ड बनाने और जिनका जीनका सफेद वोटर कार्ड है उसे रंगीन बनाने की अपील की है।इस कैम्प को सफल बनाने में मुखिया रीना देवी के अलावे सुपरवाईजर अजमेरी खातुन, बीएलओ गीता देवी,बाला कुमारी,शीला देवी,काविंत्री देवी,आशा देवी,प्रतिमा देवी, सुमित्रा देवी सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

# शोकाकुल परिवार से मिले आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रविवार को आजसू पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष पांचा निवासी दिलीप महतो के कनिष्ठ पुत्र अंकुश कुमार ओहदार (सोनू) का आठ जुलाई को ईलाज के दौरान मेदांता अस्पताल में देहांत हो गया था।शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो परिवार वालों को ढाढस बांधते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। इस दुख की घड़ी में पूरा आजसू परिवार आपके साथ है। एवं सुप्रीमो ने हर संभव मदद करने की बात कही।साथ में बड़ा बेटा संजीत कुमार ओहदार(भानू)को आगे की पढ़ाई जारी रखने की बात कही।सुप्रीमो के द्वारा सहयोग करने की बात कहीं। मौके पर मृतक के मां देवंती देवी, चाचा सिलिप महतो, बड़े भाई संजीत ओहदार, बहन राखी कुमारी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो, संजय तिर्की, विनोद कुमार महतो, सुनील उराँव, तस्लीम अंसारी, रामनंदन महतो, संजय महतो, बालक महतो, मनोज महतो, ललित सिंह, कुमार सौरव, पवन महतो, रूबी देवी, सुषमा मेहता, मंजू देवी, आर्यन कुमार, सूरज सिंघानिया, अर्जुन सिंह, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, देवराज करमाली एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# चतरा में आयोजित टिफिन बैठक में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता चतरा के पत्थरगड्डा में आयोजित टिफिन बैठक में शामिल हुए।बैठक मे मुख्य रूप से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास उपस्थित हुए।उन्होने सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ संयोजक,सांसद प्रतिनिधि,विधायक प्रतिनिधि को 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्य की जानकारी दी।साथ ही सभी बूथों पर एक माह के अंदर महा जनसंपर्क अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो को आम जनता से अवगत कराने का निर्देश दिया।उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज,मुद्रा योजना,स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि,हर घर जल जीवन मिशन,आवास योजना और शहरी कायाकल्प के लिए बटन मिशन एमएमयूटी, ग्राम विकास अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण सहित अन्य योजना के बारे में जानकारी दी।इस बैठक में पिपरवार से मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, धनराज भोगता, अरविंद सिंह, संजय कुमार भोगता, उदय शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# विधायक ने ग्राम प्रधान परिवार को किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रविवार को ओरमांझी प्रखंड के पंचायत जयडीहा के गणेशपुर के मृतक रामप्रसाद बेदिया ग्राम प्रधान की आकस्मिक मृत्यु हो गया था। और पांचा पंचायत के गुडू गांव के मृतक महावीर मुंडा का भी आकस्मिक मृत्यु हो गया था। बीमारी के कारण दोनों मृतक परिवार को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से विधायक सलाहकार रमेश उरांव, हरी मोहन महतो औद्योगिक क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि, कमिश्नर मुंडा पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, एवं मुबारक अंसारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के महासचिव के द्वारा दोनों मृतक परिवार को 50-50 किलो चावल मुहैया कराया गया। इस दौरान विधायक के सलाहकार एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री उरांव का मृतक ग्राम प्रधान रामप्रसाद बेदिया आकस्मिक निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए विधायक एवं कांग्रेस पार्टी तथा ग्राम प्रधान महासंघ की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन उनके परिवार को दिया जाएगा।उनकी पत्नी को तत्काल विधवा पेंशन, राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत एवं अन्य लाभ देने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही साथ दोनों मृतक परिवार को भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन महेशपुर सरकारी मध्य विद्यालय अनगड़ा के कैंपस में आयोजित किया गया

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैंप का आयोजन लाइफ केयर हॉस्पिटल,बूटी मोड़ रांची और शेख भिखारी कल्याण विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 379 लोगों को निशुल्क परामर्श दिया गया। इनमें हड्डी रोग संबंधित 150,नेत्र रोग संबंधित 110, जनरल फिजिशियन संबंधित 90 एवं स्त्री रोग संबंधित 29 लोगों ने निशुल्क परामर्श का लाभ उठाया। लाइफ केयर हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत के अंतर्गत जनरल सर्जरी, हड्डी रोग संबंधित, पीडियाट्रिक एवं मोतियाबिंद इत्यादि बीमारियों का इलाज होता है । कैंप में डॉक्टर रोहित ,आनंद मुंडा,सिस्टर रमोला,आई टेक्निशियन फारूक सहनवाज खातून और छोटी,ब्रदर दीपक,आमीन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सीसीएल के डायरेक्टर पीएंडपी साईराम ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के डायरेक्टर पीएंडपी साईराम ने रविवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर डायरेक्टर का स्थानीय महाप्रबंधक सीबी सहाय ने बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद डायरेक्टर प्रसाद ने स्थानीय अधिकारियों के साथ पिपरवार क्षेत्र में संचालित



कोयला खदान का निरीक्षण किया।उन्होंने पीएलआर और सैनिक व्यू टावर से कोयला खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान कोयला उत्पादन और डिस्पैच की जानकारी ली।इसके अलावा भूमिगत खदान और नवनिर्मित सोलर प्लांट का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।पिपरवार क्षेत्र के संगम विहार क्लब में स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने कई बातों पर विचार विमर्श किया।इसके अलावा कोयला उत्पादन सहित अन्य बातों को लेकर स्थानीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा निर्देश भी दिए।

**AFFIDAVIT**

I , Ranjit Kumar Tiwari, S/o Sri Mahima nand Tiwari, Address - Village Jonr, P. O. - Singra khurd, P. S. -Medininagar, Distt - Palamu, State - Jharkhand. 822102. Declare that In the School Record of Saket Kumar Tiwari his Date of Birth is 08.12.2008 which is wrong. His correct Date of Birth is 08.12.2009 vide affidavit no :- 5312 Date :- 15.07.2023

# प्रखंड कार्यालय में नही है वाहन स्टैंड शेड गर्मी बरसात में लोगों होती है परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** प्रखंड कार्यालय परिसर में वाहन स्टैंड शेड नहीं होने से गर्मी-बरसात के दिनों में प्रखंड आने वाले लोगों को खास परेशानी होती है. ऐसे में कार्यालय आने वाले लोगों को खुले आसमान के नीचे वाहन को खड़ा करना पड़ता है. बतादें कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का उद्घाटन वर्ष 2012 में हुआ था. जो अबतक 11 वर्ष हो चुका है. इसके बाबजूद वाहन पार्किंग सुविधा उपलब्ध नहीं हो सका. इस कारण कार्यालय परिसर के चारों ओर जहां-तहां या पेड़ के नीचे वाहन खड़े रहते हैं. जिसके कारण गर्मी में छोटी-बड़ी वाहन तेज धूप में तपती रहती है.वहीं बरसात के दिनों में छोटी वाहनों के डिक्की में रखे कागजात भींगने की समस्या बनी रहती है. वहीं प्रखंड कार्यालय आने-जाने वालों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है.इस संबंध में भाजपा मंडल



संयोजक रामसूरत यादव ने कहा कि एक दशक से ज्यादा प्रखंड कार्यालय बने हुए हो चुका है. फिर भी वाहन स्टैंड शेड नहीं बन पाया. उन्होंने बताया कि गर्मी और बरसात के दिनों में लोगों को गाड़ी खुले आसमान के नीचे रखने से परेशानी होती है और वाहनों का भी नुकसान होता है. झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने कहा कि प्रखंड कार्यालय परिसर में पार्किंग नहीं होने से लोग इधर-उधर गाड़ी खड़ा करते हैं, जिससे प्रखंड कार्यालय का शोभा खराब हो रहा है. उन्होंने कहा कि इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से लिखित व मौखिक रूप से मांग कर चुके हैं. इस पूरे मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग से पूछा गया तो कहा कि डीएमएफटी फंड से प्रपोजल भेजा गया है. अप्रूव्ड होने के बाद वाहन स्टैंड शेड बन जाएगा।

# कल से एक सप्ताह तक राय स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म से नहीं गुजरेगी गाड़ियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** राय रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म के मरम्मती कार्य के कारण 18 जुलाई से अगले सात दिनों तक अप लाइन की ट्रेनों का परिचालन बंद रहेगा।अप लाइन (बरकाकाना की ओर से आने वाली) सभी गाड़ियों का परिचालन अप मेन लाइन से किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों की ओर से बताया गया कि जिस लाइन से ट्रेनों का परिचालन होगा उसपर प्लेटफार्म नहीं होने की वजह से यात्रियों को परेशानी ना हो इसके लिए ट्रेन आने के समय रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी यात्री आराम से ट्रेन पर चढ़ या उतर जाए इसके लिए ट्रेनों के ठहराव के समय में भी बढ़ोतरी की जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने सभी यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन से उतरते या चढ़ते समय जल्दबाजी ना करें। रेलवे कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी यात्री ट्रेन पर चढ़ या उतर गए तभी गाड़ियों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यात्रियों से उनको होने वाली असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि रेलवे के विकास में मदद करते हुए अपेक्षित सहयोग करें।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का बिरनी में हुआ भव्य स्वागत

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का प्रखंड मुख्यालय गेट के पास पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आपको बता दें की पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद मरांडी का यह पहला दौरा था जिसमें वे राजधनवार जाने के क्रम में कुछ देर लिए बिरनी में रुके हुवे थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि खाद्यआपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, सांसद प्रतिनिधि नारायण पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, पेशम पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रम तर्वे, पूर्व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह, भरकट्टा मंडल महामंत्री राजेंद्र राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामाशीष राय, मुखिया दिलीप दास, रामलखन यादव समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वासेपुर के आक्रोशित लोगों ने किया पूर्व पार्षद निसार आलम का घेराव

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार रात 10 बजे वासेपुर में आक्रोशित लोगों की भीड़ ने वार्ड 14 के निवर्तमान पार्षद निसार आलम के आवासीय कार्यालय का घेराव किया। वे लाला टोला में पानी नहीं मिलने के कारण विरोध कर रहे थे और पानी की किल्लत को जल्द से जल्द दूर करने की मांग कर रहे थे। जहां लोगों ने कहा वासेपुर में वीआईपी इलाकों में पानी मिल रहा है, तो हम लोगों को क्यूं नहीं मिल रहा है। हम लोगों के साथ भेद भाव क्यों किया जा रहा है, क्यूंकि लाला टोला गरीब बस्ती है जिसके कारण पीछले 5-6 माह से पानी नहीं मिल रहा है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क अवरुद्ध कर दी और निसार आलम को तब तक जाने से मना कर दिया जब तक उन्होंने उनकी चिंताओं को दूर करने का वादा नहीं किया।

## अनियंत्रित फॉर्च्यूनर पलटा, पंप संचालक का पुत्र घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोला कुसमा में शनिवार की देर रात एक फॉर्च्यूनर एसयूवी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे गाड़ी में सवार एक युवक चिरंजीवी सिंह को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को गाड़ी से बाहर निकाला गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां से युवक के परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए उसे एक निजी अस्पताल ले गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तेज गति से आती हुई फॉर्च्यूनर एसयूवी कार संख्या छ्॥10ष्टरु0026 अनियंत्रित होकर संभवत डिवाइडर पर चढ़ गई। जिसके वजह से घटना घटी।बताया जाता है कि फॉर्च्यूनर में एक युवक सवार था। जो सरायढेला थाना अंतर्गत भुईफोड़ हीरक पॉइंट में स्थित पेट्रोल पंप संचालक चंदन सिंह का पुत्र चिरंजीवी सिंह है। चिकित्सकों ने घायल युवक की स्थिति खतरे से बाहर बताया है।

## सीआरपीएफ कैंप प्रधानखंता में किया गया वृहद वृक्षारोपण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ धनबाद मिडटाउन ने सीआरपीएफ के जवानों के सहयोग से 154 बीएन सीआरपीएफ प्रधानखंता कैंप में 1000 पौधे लगाए। यह पौधरोपण कार्यक्रम जिसमें 3 दिनों से चल रहा था। रोटरी और सीआरपीएफ दोनों ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं, सबसे आसान तरीका अधिकतम वृक्षारोपण के साथ हरित होना है। वृक्षारोपण परियोजना कमांडेंट अच्युता नंद, द्वितीय कमान दलजीत सिंह भाटी, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार सरोज और जवानों, राहुल गोयल अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ धनबाद मिडटाउन, सचिव रतनजीत, एके संदवार, डॉ. डीपी भूषण, डॉ. राकेश इंदर सिंह के मार्गदर्शन में थी। इसे सफल बनाने के लिए विद्या सागर, डॉ. शम्स तबरेज़, डॉ. होमा फातमा, अनीश पांडे रिंकू सेन और कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। रोटरी धनबाद मिडटाउन और सीआरपीएफ पिछले 7 वर्षों से अधिक समय से वृक्षारोपण के लिए जुड़े हुए हैं और उनके पास कम से कम 5000 पौधे हैं और उनमें से कुछ फल भी दे रहे हैं।

## श्रावणी मेला के अवसर पर 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा समस्तीपुर और भागलपुर के बीच तथा दानापुर और जसीडीह के बीच 01-01 जोड़ी स्पेषल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-;

1. गाड़ी सं. 03244/03243 दानापुर-जसीडीह-दानापुर श्रावणी मेला स्पेषल (सप्ताह में तीन दिन)- गाड़ी सं. 03244 दानापुर-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल 17.07.2023 से 29.08.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार, सोमवार एवं मंगलवार को दानापुर से 07.20 बजे खुलकर 07.40 बजे पटना, 08.00 बजे राजेन्द्रनगर, 08.13 बजे पटना साहिब, 08.25 बजे फतुहा, 08.34 बजे खुसरूपुर, 08.56 बजे बख्तियारपुर, 09.06 बजे अथमलगोला, 09.17 बजे बाढ़, 09.40 बजे मोकामा, 09.52 बजे हाथीदह, 10.06 बजे बड़हिया, 10.18 बजे मनकट्ठा, 10.25 बजे लखीसराय, 10.35 बजे किउल, 11.00 बजे मननपुर, 11.18 बजे जमुई एवं 12.00 बजे झाझा रूकते हुए 12.55 बजे जसीडीह पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03243 जसीडीह-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल टेऊन 17.07.2023 से 29.08.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार, सोमवार एवं मंगलवार को जसीडीह से 14.30 बजे खुलकर 15.25 बजे झाझा, 15.50 बजे जमुई, 16.08 बजे मननपुर, 16.43 बजे किउल, 16.50 बजे लखीसराय, 16.56 बजे मनकट्ठा, 17.08 बजे बड़हिया, 17.20 बजे हाथीदह, 17.33 बजे मोकामा, 18.08 बजे बाढ़, 18.20 बजे अथमलगोला, 18.33 बजे बख्तियारपुर, 18.50 बजे खुसरूपुर, 19.10 बजे फतुहा, 19.30 बजे पटना साहिब, 19.43 बजे राजेन्द्रनगर एवं 19.55 बजे पटना रुकते हुए 21.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । 2. गाड़ी सं. 05574/05573 समस्तीपुर-भागलपुर-समस्तीपुर श्रावणी मेला स्पेषल (सप्ताह में पांच दिन)- गाड़ी सं. 05574 समस्तीपुर-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 17.07.2023 से 30.08.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार को समस्तीपुर से 14.30 बजे खुलकर 15.00 बजे दलसिंहसराय, 15.18 बजे बछवारा, 15.45 बजे बरौनी, 16.20 बजे बेगुसराय, 16.40 बजे साहिबपुर कमाल, 17.00 बजे सब्दलपुर, 17.30 बजे मुंगेर, 18.49 बजे सुलतानगंज रुकते हुए 19.50 बजे भागलपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05573 भागलपुर-समस्तीपुर श्रावणी मेला स्पेशल टेऊन 17.07.2023 से 30.08.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार को भागलपुर से 21.00 बजे खुलकर 21.25 बजे सुलतानगंज, 22.30 बजे मुंगेर, 23.20 बजे सब्दलपुर, 23.40 बजे साहिबपुर कमाल, 00.05 बजे बेगुसराय, 00.30 बजे बरौनी, 01.00 बजे बछवारा, 01.18 बजे दलसिंह सराय रुकते हुए 02.30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। उपरोक्त दोनों ट्रेनों का परिचालन अनारक्षित श्रावणी मेला स्पेषल के रूप में किया जायेगा ।

## गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल के समय में परिवर्तन

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गया और पटना के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 03340 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल के समय सारणी में संषोधन किया जा रहा है । दिनांक 17.07.2023 से यह स्पेषल गया से 15.00 बजे के बजाए 15.30 बजे खुलकर पटना जं. 17.55 बजे के बजाए 18.10 बजे पहुंचेगी । दिनांक 17.07.2023 से 03340 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल गया से 15.30 बजे खुलकर 15.42 बजे चाकंद, 15.47 बजे ओर हाल्ट, 15.54 बजे बेला, 15.59 बजे बराबर हाल्ट, 16.03 बजे नेर हाल्ट, 16.09 बजे वाणावर-कोटेष्वरनाथ धाम, 16.13 बजे मखदुमपुर गया, 16.19 बजे टेहटा, 16.23 बजे मीराबीघा हाल्ट, 16.27 बजे नियाजीपुर हाल्ट, 16.32 बजे मई हाल्ट, 16.37 बजे जहानाबाद कोर्ट, 16.53 बजे जहानाबाद, 16.58 बजे कड़ौना हाल्ट, 17.04 बजे नदौल, 17.08 बजे तिनेरी हाल्ट, 17.13 बजे तारेगना, 17.22 बजे नदवां, 17.26 बजे नीमा हाल्ट, 17.31 बजे पोठही, 17.36 बजे जटडुमरी हाल्ट, 17.40 बजे पुनपुन, 17.44 बजे पुनपुन घाट, 17.48 बजे रामगोविंद सिंह महुली हाल्ट, 17.54 बजे परसा बाजार रुकते हुए पटना जं. 18.10 बजे पहुंचेगी ।

## भारत जोड़ों की बात आम जन के साथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में धनबाद से हम सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे : रशीद राजा अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में कार्यकारी जिला अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी की अध्यक्षता मे धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में भारत जोड़ों की बात आम जन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा संवाददाता सम्मेलन किया गया।पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निर्देशानुसर भारत जोड़ों की बात आम जन के साथ कार्यक्रम का आज धनबाद में शुभारंभ किया गया है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देश को जो संदेश दिया है उसे हम सभी कांग्रेस जन घर-घर जाकर पहुंचाएंगे। आगे कहा की आप सभी देख रहे हैं की देश में नफ़रत का माहौल खड़ा किया जा रहा है और लगातार भाजपा सरकार के द्वारा




लोकतंत्र और संविधान पर कूठाराघात किया जा रहा है। राहुल जी को संसद में आम जनों की बात रखने नहीं दी जा रही है। ऐसी स्थिति में राहुल जी ने 4000 किलोमीटर की भारत यात्रा करके देश में एक मोहब्बत का पैगाम दिया है। राहुल जी का संदेश है नफ़रत छोड़ो भारत जोड़ो और नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। इन सभी संदेशों को हम कांग्रेस जन धनबाद जिले के घर-घर जाकर लोगो के बीच पहुंचायेंगे और कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे तथा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव मे धनबाद से हम सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, जोगिंदर सिंह जोगी, राजेश्वर सिंह यादव, मंटू दास, कयूम खान, माला झा, सीता राणा, अशोक लाल, अक्षेवर प्रसाद, लक्ष्मण तिवारी, अजय कुमार, मृत्युंजय सिंह, मनोज हारी, गैरूल हसन, सतपाल सिंह ब्रोका, हरेंद्र साही, संतोष कुमार, प्रीतम रवानी आदि उपस्थित हुए।

## राजाभीठा पंचायत में दीप नारायण के नेतृत्व में जदयू की पंचायत कमिटी गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पूर्वी टुंडी :** जदयू टुंडी प्रखंड की बैठक तारटांड हरि मंदिर प्रांगण में जदयू के युवा नेता दिनेश पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने जदयू का सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल हुआ। इस दौरान राजाभीठा पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष गणेश महतो, पंचायत सचिव शंभू पांडे, पंचायत कोषाध्यक्ष मनोज महतो एवं महिला प्रकोष्ठ



पंचायत अध्यक्ष प्रेमी देवी को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवा साथी एवं पंचायत कमिटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और पंचायत में जदयू पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा जदयू पार्टी में जुड़ रहे हैं। आने वाले समय में जदयू टुंडी प्रखंड के युवाओं की समस्याओं को लेकर प्रखंड से प्रदेश तक संघर्ष करने का काम करेगी।

## प्रखंड के अरतौका में अवैध पत्थर खदान में छापामारी भारी मात्रा में डेटोनेटर और जिलेटिन बरामद एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** गत शनिवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर खनन पदाधिकारी सतीश नायक के नेतृत्व में अवैध पत्थर खदान अरतोका में छापेमारी कर भारी मात्रा में डेटोनेटर और जिलेटिन जप्त के अलावे मोटरसाइकिल सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि इस छापामारी में अवैध ढंग से भंडारण किए गए विस्फोटक भारी मात्रा में बरामद किया गया है ।इस बाबत बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 153/23 प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें चार लोगों को नामजद और अन्य के विरुद्ध मामला है। जिसमें एक नामजद अशोक साव पिता जगदीश साव जो कोडरमा जिले के



चेचाई गांव का निवासी है ।उसे गिरफ्तार कर के शनिवार को गिरिडीह जेल भेज दिया। वहीं नामजद अब्दुल कादिर, अनिल साव, मोहम्मद हलीम एवं अन्य छापामारी की टीम को देखते ही घटनास्थल से फरार हो गया।स्थल से 140 पीस जिलेटिन,17 पीस डेटोनेटर,10 पीस रजिस्टर और एक स्प्लेंडर बाइक भी बरामद किया गया।छापेमारी अभियान में जिला खनन पदाधिकारी सतीशनायक, थाना प्रभारी शशी सिंह ,सहायक अवर निरीक्षक विजय कांत यादव सहित कई पुलिसकर्मी टीम में शामिल थे।

## मनियांडीह गांव के सरा निवासी समसुददीन के लापता होने से परिवारों वालों का रो रो कर बुरा हाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के सरा गांव निवासी समसुद्दीन अंसारी उम्र 58 वर्ष थाना मनियाडीह जिला धनबाद विगत 15 जुलाई 2023 से लापता है एवं यह व्यक्ति कई दिनों से बीमार चल रहा है एवं दिमागी हालत ठीक नहीं है इन के लापता होने से परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की जा रही है एवं गांव के सभी लोगों से आग्रह किया गया है कि किसी को भी यह व्यक्ति मिले पहुंचाने का कष्ट करें । बताया जाता है कि समसुद्दीन के लापता होने से सबसे ज्यादा छोटे-छोटे बच्चों का पर काफी असर पड़ा है परिजनों द्वारा इन दिनों काफी खोजबीन की जा रही है। शमसुद्दीन की खोजबीन में स्थानीय मुखिया से भी मदद की गुहार लगाई गई है।

## भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस भवन दुमका में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आमजनों के साथ सीधा संवाद करने के कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के प्रभारी रविंद्र वर्मा और पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी महोदय ने कहा की राहुल गांधी का यह अभियान जिसमें लोग सुल्तानगंज से बाबा धाम 105 किलोमीटर की यात्रा में थक जाते हैं, इनकी सेवाओं के लिए जगह-जगह शिविर लगाए जाते हैं। तब जाकर कहीं 8 दिन में यह यात्रा पूरी होती है वही हमारे नेता राहुल गांधी ने 3570 किलोमीटर की पदयात्रा कर भारत को यह संदेश दिया कि यदि व्यक्ति ठान ले तो कोई भी काम असंभव नहीं। प्रभारी ने कहा की राहुल गांधी की यात्रा भारत जोड़ो यात्रा नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने को लेकर थी।

## मायुम कोयलांचल शाखा का जनसेवा कार्यक्रम के तहत 101 पौधरोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंडप्रांत स्थापना दिवस के उपलक्ष में हो रहे आठ दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को झारखंड प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल के सम्मान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत 101 वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम को झरिया बस्ताकोला स्थित गौशाला में सुबह 8ः00 बजे किया गया।सर्वप्रथम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल और धनबाद नगर निगम स्वच्छ भारत अभियान की ब्रांड एंबेसडर शांभवी सिंह को शाखा द्वारा अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ और जनसेवा के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल के द्वारा पौधरोपण करके की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक मंच सदस्य हेमंत शर्मा और राज किशोर खंडेलवाल, अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शिव शंकर चौधरी, कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, सह सचिव अंकित संघई, निमित अग्रवाल, दीपक कुमार साह, शेखर मोदी, आनंद खंडेलवाल, विनीता अग्रवाल, निधि शर्मा, विष्णु भीमसरिया एवं अन्य युवा मंच सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## डॉ. भीम भीमराव अंबेडकर संचालन समिति कोषाध्यक्ष ने लाइब्रेरी के लिए दिए 25000 हजार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भीमराव अंबेडकर संचालन समिति की बैठक रविवार को अंबेडकर भवन में अध्यक्ष जनार्दन पासवान की अध्यक्षता में हुई । बैठक के दौरान लाइब्रेरी का संचालन शुरू किया गया । इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष भरत मांझी ने पुस्तकालय संचालन को लेकर 25000 हजार रुपए का पुस्तक दान दिए। वहीं अध्यक्ष जनार्दन पासवान (16,600) सौलह हजार छ सौ रुपए तथा शिक्षक सुखदेव प्रसाद दास ने (12,000 )बारह हजार रुपए कीमत की पुस्तक दिया । इन सभी लोगों को इस कार्य के लिए समिति की ओर से बधाई दी गई । इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि अंबेडकर भवन में



पुस्तकालय का शुरुआत कर दिया गया है उन्होंने लोगों से कहा है कि समिति में पुस्तकालय विकास को लेकर 10000 दान देने वाले सदस्यों का सूची बनाया जाएगा । इसमें दान दाताओं का नाम दर्ज किया जाएगा कोषाध्यक्ष भरत मांझी ने कहा कि पुस्तकालय के अभाव में लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं मिल पाती थी समिति समाज के लोगों को अधिक से अधिक जानकारी मिल सकेगा । मौके पर समिति के उपाध्यक्ष टेको रविदास , जगत पासवान, जिला परिषद जमुआ संजय हाजरा , सुरेश पासवान, राजकुमार पासवान , मिडिया प्रभारी देवानंद हाजरा सुनील पासवान , विनोद चौधरी पुर्व अध्यक्ष शिवनारायण रविदास कमल दास समेत कई लोग मौजूद थे ।

## आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## उपायुक्त ने अभियान को सफल बनाने हेतु शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) डॉ अमित कुमार तिवारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम डिजिटल प्लेटफॉर्म UWIN पर किया जाएगा। जिसके लिए सहिया एवं सेविका के द्वारा हेड काउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करना, माइक्रोप्लान समय पर बनाना, ससमय WIN पोर्टल पर एंट्री किया जाएगा।मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवम रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। जिले में इस अभियान की शुरुआत सात अगस्त से होगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल



बनाने के लिए बच्चों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है।मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण का यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। पहला चरण 07 अगस्त से 12 अगस्त तक होगा। इसके बाद दूसरा चरण 11 सितंबर से 16सितंबर तक एवं तीसरा चरण 9 अक्तूबर से 14 अक्टूबर तक यह अभियान चलेगा। जिसमें बच्चों के नियमित टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी होगा। उपायुक्त संदीप सिंह ने अभियान को सफल बनाने हेतु शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को निर्देशित किया।

## निःशुल्क कैंसर जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झारखण्ड कैंसर सेंटर राँची, कृष्णा मातृ सदन कतरास एवं धनबाद ऑब्स एंड गायनी सोसाईटी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कैंसर जाँच शिविर का आयोजन श्री कृष्णा मातृ सदन, रानी बाजार कतरास में किया गया। इस शिविर में कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग, ब्रेस्ट कैंसर, सरभाईकल कैंसर सहित अन्य सभी प्रकार जाँच मुफ्त में की गई।कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ सौरव कुमार, डॉ अमर प्रेम, डॉ गायत्री सिंह, डॉ शिवानी झा, डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, डॉ विश्वनाथ चौधरी, विजय कुमार झा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुल 60 मरीजों का मुफ्त में स्क्रीनिंग टेस्ट, कोलोकोस्कोपी एवं ब्रेस्ट से सम्बंधित जाँच की गई। जिसमें चार मरीज में कैंसर के लक्षण पाए गए।

## प्रशासनिक जांच टीम द्वारा टायर फैक्ट्री का किया गया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सदर प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर के विश्वासडीह गांव में संचालित सृजन इंटरप्राइजेज टायर फैक्ट्री को लेकर आज पास के कुछ ग्रामीण और कुछ स्वार्थी तत्वों के लोग जबरन सिर्फ टायर फैक्ट्री को लेकर प्रदूषण का मुद्दा का हवाला देकर प्रशासन से गुहार लगाया और आंदोलन किया। इसी संबंध में शनिवार को दिनांक 15.07. 2023 को प्रशासनिक की जांच की फैक्ट्री पहुंची और कई बिंदुओं पर जांच की. जांच टीम की अगुवाई करते हुए गिरिडीह एसडीओ विशाल दीप खालको के नेतृत्व कर रहे थे।जांच टीम मे प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड,हजारीबाग के क्षेत्र पदाधिकारी अशोक कुमार,गिरिडीह सी ओ रवि भूषण,जिला नियोजन पदाधिकारी प्रत्युष कुमार, श्रम पदाधिकारी, फैक्टी प्रबंधक प्रतिनिधि



पदाधिकारी,मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान,माइनिंग पदाधिकारी, वन विभाग पदाधिकारी व पदाधिकारी मौजूद थे । प्रशासनिक जांच टीम में कई सदस्यों द्वारा फैक्ट्री संचालन संबंधित फैक्ट्री मालिक से कई कागजात मागे व कागजातो का कई बिंदुओं व तथ्यों पर कई तरह की जांच की।जांच टीम द्वारा पदाधिकारियों द्वारा जांच की गई उन्होंने कई संतोषजनक कुछ चीजें पाई और कई त्रुटियां व खामियां पाते हुए तुरंत सुधार करने का दिशा निर्देश दिया नही तो सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी ।ततपश्चात ग्रामीणों के निवेदन पर जांच टीम ग्रामीणों द्वारा आयोजित बुधवाडीह फुटबॉल ग्राउंड पर जनसभा में उपस्थित होकर ग्रामीणों की बात सुनी ।उसके बाद जांच टीम पदाधिकारियों ने औचक निरिक्षण की बात कही और प्रदूषण को नियंत्रित रखने का आश्वासन दिया ।

## बीएड की छात्र छात्राओं ने लगाया फूड स्टॉल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड के तैयब मेमोरियल बीएड कॉलेज में फूड स्टॉल प्रशिक्षुओं द्वारा लगाया गया फूड स्टॉल में भारत के विभिन्न क्षेत्र में खाए जाने वाला जायका खाद्य पदार्थ का स्टॉल लगाया गया । जिसमें जायका,के तोर पे मोमोज, दही वाड़ा, महाराष्ट्रीयन बड़ा पांव आदि विभिन्न प्रकार के खाद्य ज्याका पदार्थ का स्टॉल लगाया गया जिसमे प्रशिक्षुओं में मित्रवत और सहयोग की भावना देखा गया विभिन्न शिक्षु द्वारा बताया गया कि शिक्षा के साथ-साथ उसे हर क्षेत्र में अपना अपना बेहतर देना है ये प्रशिक्षु आने वाले समय के लिए शिक्षक होंगे।जो समाज का दर्पण होता है समाज इनसे सीखते हैं।प्रिंसिपल रीना भारती ने बताया की इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है, एच ओ डी विजय के द्वारा बताया गया।

# समान नागरिक संहिता के बहाने आदिवासियों की पहचान और अस्तित्व मिटाने की साजिश रच रही है भाजपा : भूषण बाड़ा

➲विधायक ने समान नागरिक संहिता जबरन थोपे जाने पर शहर से लेकर गांव, पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर जनांदोलन का बिगुल फूंकने की दी चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने समान नागरिक संहिता को आदिवासी समाज के लिए घातक बताया है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता के बहाने आदिवासियों की पहचान और अस्तित्व मिटाने की साजिश रच रही है। आज गिने चुने आदिवासी भाजपा नेताओं को छोड़ पूरा देश इस क़ानून के खिलाफ है और लगभग 14 करोड़ अदिवासी समाज इसका विरोध कर रहे हैं। यह कानून मुसलमानों एवं आदिवासियों को टारगेट करने के लिए उठाया है। विधायक ने कहा कि यदि समान नागरिक संहिता को जबरन थोपा गया, तो जनांदोलन का बिगुल फूकेंगे। शहर से लेकर गांव, पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर उलगुलान का आगाज करेंगे। भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर देश मे समान नागरिक संहिता लाने का प्रयास कर रही है। इसे किसी भी हाल में लागू होने नही दिया जाएगा। उन्होंने जनजातीय आदिवासी और मुस्लिम समाज के लोगों को भी कानून के विरोध में एकजुट होने का आह्वान किया है। विधायक ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे सर्वश्रेष्ठ संविधान है। संविधान के तहत आदिवासी समाज को कई अधिकारी दिए गए हैं। उसको भी खत्म करने की साजिश हो रही है। यह कानून लागू होने से आदिवासियों को दिए गए संवैधानिक अधिकार, अनुच्छेद, एक्ट, पांचवीं अनुसूची, छठी अनुसूची, पेसा एक्ट-1996 एवं 13(3) (क) के नियम प्रभावित होंगे। इसका सीधा असर आदिवासी समुदाय पर पड़ेगा। इसलिये आदिवासी समाज यूसीसी को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यूसीसी के बहाने आदिवासी प्रथागत कानूनों, छोटानागपुर काश्तकारी (सीएनटी) और संथाल परगना काश्तकारी (एसपीटी) अधिनियम, विल्किंसन नियम, पेसा कानून, पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के नियमों, आदिवासियों के विवाह और तलाक कानूनों को खत्म करने की साजिश प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता आदिवासी समाज की सदियों से चली आ रहे विशिष्ट रीति-रिवाज और परंपराओं को प्रभावित करेगा, जिसके परिणामस्वरूप आदिवासियों की पहचान और अस्तित्व पर खतरा मंडराएगा।

# बारिश में कच्चा मकान गिरा पशु पालक किसान के बीच समस्या हुई उत्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बारिश के कारण बरवाटोली में गरीब किसान परिवार द्वारा मवेशियों के लिए निर्मित कच्चा मकान गिर गया। जिसे घटना में किसी मवेशी का हताहत होने की सूचना नही है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में शनिवार अपराह्न से हो रही बारिश में किसानों की बीच खुशहाली तो कहीं गम ऐसा ही मामला सेन्हा बरवाटोली में देखने को मिला जहां गरीब किसान परिवार द्वारा मवेशियों को रखने के लिए कच्चा मकान निर्मित किया गया था। जो बारिश के कारण गिर गया वहीं घटना में किसी मवेशी का हताहत होने की सूचना नही है। पशु पालन किसान दिलमोहन महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि मवेशियों को रखने के लिए गोहाल घर बनाया था। जो बारिश के कारण दीवार में नमी होने से कच्चा निर्मित मकान गिर गया। बताते हुए मदत के लिये अंचल कार्यालय से गुहार लगाने की बात कही गई। साथ ही उन्होंने कहा मकान की स्थिति को देखते हुए घटना के पूर्व में ही सभी मवेशियों को सरकारी समुदायिक भवन के समीप बांध रखा था। जिसके कारण उन मवेशियों का जान बचाया गया। वहीं इस घटना के पश्चात पशुपालक किसान ने आपदा राहत कोष से आर्थिक सहयोग का उम्मीद जताया है।

# मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा के उपनगरीय क्षेत्र पतराटोली स्थित मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का रविवार को आयोजन किया गया। इसमें 65 मरीजों ने निश्शुल्क इलाज का लाभ लिया। शिविर में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डा विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डा नेहा ज्योति और डा एसके गुप्ता ने इलाज किया। इसके अलावा ब्लड शुगर और हड्डी की जांच एल्केम लेब्रॉटरी कंपनी रांची के सुशील पांडेय एंड टीम के द्वारा बीएमडी मशीन से जांच की गयी। सभी मरीजों को जरूरत के मुताबिक मुफ्त दवाएं दी गई। डा विवेक मधुर ने हड्डी, जोड़ और नस रोगों से संबंधित मरीजों का इलाज किया। डा नेहा ज्योति मधुर ने बवासीर,फिशर, हर्निया,हाइड्रोसिल,पित और किडनी की पथरी, स्तन की गांठ और घाव,पेट की बीमारी और गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। डा एसके गुप्ता ने भी सामान्य बीमारियों का इलाज किया। हॉस्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने बताया कि मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में अब प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन्होंने कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य ही सबकुछ है। इसका महत्व धन से भी ज्यादा है। स्वस्थ जीवन के बिना जीवन अधूरा है। शिविर को सफल बनाने में शैलेंद्र सुमन, सावित्री मधुर, कौशल शाहदेव, सुरेंद्र ठाकुर, सुशीला कुजूर, सोनी कुमारी, उषा तिर्की, रोनिता तिर्की, प्रतीक्षा साहू, लीला कुमारी, मंजू तिर्की, अजीत साहू, अचरज, सूरज यादव, गुलाब नायक, अंगद सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जीईएल चर्च लुड़गी एवं मेरोमडेगा में मनाया गया ऑटोनोमी पर्व, पूर्व मंत्री एनोस एक्का हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा के जीईएल चर्च बुड़गी एवं मेरोमडेगा में रविवार को धूमधाम के साथ ऑटोनॉमी पर्व मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का शामिल है। सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों का स्वागत गान के साथ स्वागत की गई एवं माला पहनाकर उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा ऑटोनॉमी पर्व ईसाई धर्म और कलीसिया समुदाय एक विशेष अंग है। 10 जुलाई को मनाया जाता है लेकिन यहां पर आज मनाया जा रहा है इसलिए यहां के सभी लोगों को इस की शुभकामनाएं देता हूं।यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम ऑटोनॉमी प्राप्त कलीसिया के अंग है। 10 जुलाई 1919 को हमारी कलीसिया को ऑटोनॉमी घोषित किया गया। हमें ज्ञात है कि 1914 को प्रथम विश्वयुद्ध के समय जर्मन मशीनरियों को देश छोड़ने पर बाध्य कर दिया गया। कलीसिया की देखरेख का भार छोटानागपुर के बिशप वेस्टकॉट को सौंपा गया। जर्मन मिशनरियों के चले जाने से कलीसिया अनाथ सी हो गई कलीसिया के समक्ष जो शर्ते रखी गई, उस आधार पर उसके सामने दो ही विकल्प थे। अर्थात एसपीजी कलीसिया में विलय हो जाए या कलीसिया का संपूर्ण भार अपने कंधे पर लेने को तैयार हो जाए। दोनों विकल्पों को नहीं चुनने पर सारी संपत्ति कमीशन को चली जाती। इस पर विचार करने के लिए नेशनल मशीनरी काउंसिल की कार्यकारिणी की ओर से एक जांच कमीशन गठित कर जीईएल कलीसिया छोटानागपुर एवं असम के लोगों का विचार जानने को भेजा गया। कलीसिया के लोगों ने अपने विचार में स्पष्ट कर दिया कि वह कलीसिया का कठिन भार अपने ऊपर लेने को तैयार हैं। अतः 10 जुलाई 1919 को कलीसिया को ऑटोनॉमी घोषित कर दिया गया।

# समाज के वरिष्ठ लोगों को भाजपा ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत संपर्क से समर्थन अभियान चलाया गया। संपर्क से समर्थन अभियान के तहत पार्टी संगठन द्वारा समाज के वरिष्ठ एवं प्रभावशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जा रहा है एवं मोदी सरकार के कालखंड में किए गए विकास कार्यों की पुस्तिका भेंट की जा रही है। कार्यक्रम में केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं इसे जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। मण्डल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने कहा कि भाजपा सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में भारत देश का मान बढ़ा है, भारत स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या रक्षा के क्षेत्र में क्या विदेश नीति के क्षेत्र में मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने अपना लोहा मनवाया है। जिला सो मीडिया प्रभारी सह केरसई प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है कोरोना काल मे पूरा विश्व भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही थी पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार को नौ साल पूरे हो चुके हैं. नौ साल के कार्यकाल में पीएम मोदी के तमाम ऐतिहासिक फैसले और कल्याणकारी योजनाएं सामने आई. भारत की छवि वैश्विक पटल पर कहीं ज्यादा मजबूत हुई. इसी बीच देश ने कोरोना महामारी का भी भयानक दौर देखा. इस मुश्किल समय में पीएम नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज में कई योजनाओं को शामिल करके लोगों को मुश्किल समय में राहत पहुंचाई, इसके साथ ही जनधन खाता पीएम किसान सम्मान निधि उज्जवला योजना हर घर नल योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुक्त शौचालय जैसी कई योजनाएं चली। मौके पर मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद मण्डल उपाध्यक्ष कैलाश मेहर शक्ति केंद्र संयोजक आलोक साहू सह संयोजक पीताम्बर होता सलीम कैथा सुभाष नायक नारायण सिंह उपस्थित थे।

# कैरो खरता में ट्रांसफार्मर चोर को ग्रामीणों ने दबोचा किया पिटाई, पुलिस पहुंच भेजा रिम्स

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ग्राम खरता मे विद्युत ट्रांसफार्मर चोर को चोरी का ट्रांसफार्मर को बेचने जा रहे चोर को ग्रामीणो ने दबोचा किया पिटाई मौके पर घटनास्थल पर कैरो थाना पुलिस पहूँचकर चोटिल अपराधीयो को अपने कब्जे मे लेकर ईलाज हेतू पुलिस अभिरक्षा मे रिम्स राँची ले गई है। इस संबंध मे कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक सन्तोष कुमार ने बताया कि गजनी पंचायत के चाल्हो गाँव मे 13 जुलाई को विद्युत ट्रांसफार्मर की चोरी हूई थी। उक्त चोरी की गई विद्युत ट्रांसफार्मर को बिक्री करने के नियत से खरता-हनहट सड़क पर चोरी की ट्रांसफार्मर को ले जा रहे चाल्हो ग्राम निवासी टबरेज अंसारी पिता शेख इस्लाम अंसारी एवं साबिर अंसारी पिता अशरफ अंसारी दोनो उम्र 24 वर्ष को खरता ग्रामीणो ने पकड़ लिया व किया पिटाई जिससे अपराधी चोटिल हुए। मौके पर कैरो थाना पुलिस घटनास्थल पर अपराधियो को ग्रामीणो के चंगुल से अपने कब्जे मे लेते हुए चोटिल अपराधियो को ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में रिम्स राँची भेज दिया गया है। मामले पर कैरो थाना मे काण्ड संख्या 30/23 भा0द0वि 379, 411, के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगें की कारवाई मे जुट गई है।

# रांची मजदूरी करने गई महिला 10 दिनों से लापता

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मामला कैरो थाना क्षेत्र के उतका गांव निवासी स्व मनोज साहू की 40 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी विगत दस दिनों से लापता है। सरस्वती देवी के पति मनोज साहू की मौत पांच वर्ष पहले हो गई थी, वह होटल संचालन कर परिवार चलाता था।पति के देहांत के बाद सरस्वती अपने बच्चों के भरण पोषण के लिए रोजाना रांची मजदूरी करने जाती थी। वह रोजाना सुबह ट्रेन से रांची जाती और शाम को घर वापस आती। पर पांच जुलाई को मजदूरी कार्य करने रांची गई थी, उसके बाद घर वापस नहीं लौटी, तब से काफी खोजबीन के बाद सरस्वती का पता नहीं चला पाया, इस मामले को लेकर पुत्री रीना कुमारी ने लापता माँ के खोजबीन हेतु कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी मां के गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने इस मामले को लेकर गंभीरता से छान-बीन कर रही है।

# दो महीने से बंद ट्रक परिचालन शुरू करवाने को लेकर, सांसद को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में रविवार को ट्रक असोसिएशन एवं जिले के अन्य व्यापारी संगठन ने पिछले 2 महीने से लोहरदगा गुमला एवं लातेहार क्षेत्र के 12 सौ से भी ज्यादा बॉक्साइट ट्रक परिवहन करने वाले ट्रकों के पहिए थम जाने के संदर्भ में माननीय सांसद लोकसभा क्षेत्र लोहरदगा सुदर्शन भगत को जिले के विभिन्न व्यवसायियों ने विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया कि लोहरदगा को बॉक्साइट की नगरी कहे जाने वाले जिले में आज ऐसी स्थिति बन गई है कि पिछले 2 महीने से ट्रकों के साथ-साथ आवागमन होने वाली क्षेत्रों में व्यवसायो पर भी असर पड़ा है जिससे रोजमर्रा की जिंदगी जीने वाले लोगों के लिए भारी कठिनाइयों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही शहरी क्षेत्र में विभिन्न दुकानों जैसे मोटर पार्ट्स, कबाड़ी, मैकेनिक, हुड मेकर, मालिक, पंचर, पेट्रोल पंप, पेंटर, बैटरी आदि दुकाने एवं प्रतिष्ठानों तथा उक्त पर स्थान में कार्य करने वाले कर्मचारी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं वही टोरी, कुडू, लोहरदगा, सेन्हा, घाघरा, आदर, बनारी, बिशुनपुर, नरमा चिरोडीह, सखुवापनी, जोभीपाठ भट्ठीपाठ इत्यादि आदिम जनजाति क्षेत्रों में लगने वाले छोटे-मोटे हाट बाजार छोटी मोटी एवं बड़ी दाल भात की दुकानें चाय पकौड़ी नाश्ता मोबाइल दुकान पर भी इनका भारी असर पड़ा है क्योंकि इन ट्रकों के परिचालन बंद होने से लोगों का आवागमन भी अन्य क्षेत्रों में आना जाना बंद हो गया है।

# वनवासी कल्याण आश्रम में पौधरोपण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वनवासी कल्याण आश्रम एवं पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान की जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आज आश्रम परिसर में योग साधकों को सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत पपीते के पौधे का पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सरसंघचालक सच्चिदालाल अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही वनवासी कल्याण आश्रम के सचिव अजय पंकज, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह,पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला संरक्षक राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिव शंकर सिंह,भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती पतंजलि योग समिति के अभय भारती, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस मौके पर सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि पौधरोपण से ही हम बढ़ती वातावरण में असमानता को नियंत्रित कर सकते हैं।

## पतंजलि के कार्यकर्ता सभी प्रखंडों में योग आयुर्वेद के प्रचार प्रसार करें : रामजीवन

# वनवासी कल्याण केंद्र में हवन यज्ञ एवं पर्यावरण विषय पर विचारगोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांगण में पतंजलि भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी रामजीवनजी की उपस्थिति में हवन यज्ञ एवं पर्यावरण विषय पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला कार्यकारिणी बैठक एवं पौधरोपण एवं नवप्रशिक्षित योगप्रशिक्षक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यप्रभारी रामजीवनजी ने कहा कि योग शवों को आयुर्वेद से ही स्वास्थ्य का कल्याण हो सकता है। व्यक्ति को निरोग रहने के लिए पूर्णश्रद्धा के साथ योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में योग आयुर्वेद के प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। योगशिविर लगाकर योग के प्रति जागरूकता लाने की बात कही। उन्होंने उपवास की महत्ता बताई एवं संगठन के किये गए कार्यो की सराहना की। वनवासी कल्याण आश्रम के उपाध्यक्ष कृपा शँकर सिंह ने पर्यावरण विषय पर बोलते हुए बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर जागरूकता लाने की बात कही। जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने उपस्थित लोगों से नित्य योगाभ्यासी बनने की बात कही।कौशल किशोर शाहदेव को भारत स्वाभिमान का सहप्रभारी बनाया गया एवं आचार्य गणेश शास्त्री को यज्ञ प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला योग प्रशिक्षक मानसी, गरिमा भारती एवं महिमा रानी, शिवराज एवं आयुष प्रियांशु को टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पौधारोपण किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतचालक सच्चिदानंद अग्रवाल उपस्थित रहे। राज्य प्रभारी रामजीवनजी ने जिला समिति के कार्यो की सराहना की एवं कार्य बढ़ाने की भी बात कही। आगामी जड़ी बूटी दिवस पर औषधीय पौधों के वितरण का निर्देश दिया। आज के कार्यक्रम में सुरेश चंद्र पांडे, डॉ नवल किशोर सिंह, राघव राणा, मधुमिता शर्मा, शशि लता नाथ,मानसी भारती, रंजीत कुमार, कौशल किशोर, विनोद राम, आचार्य गणेश शास्त्री, अंजू मौर्य, कृष्णा राम, महेंद्र प्रसाद, राम सुभाग राय, रघुनंदन शर्मा, विशाल कुमार, आयुष प्रियांशु, खुशी भारती, महिमा रानी, शिवराज विजय महतो, गरिमा भारती, पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी अभय भारती, मानसी भारती, वनवासी कल्याण आश्रम के सचिव अजय पंकज, रामकुमार वर्मा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

# 22 जुलाई को जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन : आलोक दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला मुख्यालय लोहरदगा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने आज बताया की 22 जुलाई को जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह बी.एस.कॉलेज मल्टीपरपस हॉल (इग्नू हॉल) लोहरदगा में आयोजित होगा। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय आलोक कुमार दूबे ने बताया कि पासवा द्वारा जिले का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 22 जुलाई 2023 को बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा, में आयोजित होगा। जिसमें मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा सीबीएसई, आईसीएसई तथा जैक बोर्ड में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 2000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि उनका मनोबल बढ़ाकर उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके।झारखंड के वित्त मंत्री आदरणीय रामेश्वर उरांव एवम राज्य सभा सांसद आदरणीय धीरज प्रसाद साहू ने इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। देशभर से विभिन्न राज्यों से पासवा पदाधिकारी गण तथा झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी गण इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सम्मान समारोह में सीबीएसई जैक बोर्ड तथा आईसीएसई बोर्ड में मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में 70त्न से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट तथा मेडल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा, लोहरदग्गा जिला के सबसे अधिक अंक लाने वाले टापर्स को विशेष रुप से नगद राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है और ऐसे गुरु जो लगातार पथ प्रदर्शक बने हुए हैं उनके प्रति भी कृतज्ञता प्रकट किया जाएगा। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोहरदगा में पासवा के एक्टिव मेंबर लोहरदगा जिले के पासवा कोर कमेटी के सदस्य निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर यह जानकारी दी। पासवा अध्यक्ष ने सभी प्रिंसिपल, डायरेक्टर एवं बच्चों से आग्रह किया है कि 20 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन निश्चित रूप से करा लें। रजिस्ट्रेशन के लिए व्हाट्स अप नम्बर एवं ईमेल आईडी जारी किया गया है जो निम्नवत है। 8210318387, 9431109538, 995595479, +918340510144 995513514, 6200567062, 8210685385.. ईमेल... alokdubey.ran@gmail.com रजिस्ट्रेशन के लिए सिर्फ मार्कशीट भेजना है। छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। संवाददाता सम्मेलन में लोहरदग्गा पासवा जिला अध्यक्ष माजिद आलम, जिला पदाधिकारी ज्ञान गंगा सिंह, आनन्द दीप सिंह, अमीन अंसारी उपस्थित थे।




# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 57 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया, सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच एवं चेकअप करवाकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों का सेवा करना ही मानव का पर्म धर्म है,जीव सेवा-नर सेवा ही नारायण सेवा है,और कहा कि लोग अपने सामर्थ के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा करके देखें मन को काफी संतुष्टि की अनुभूति होगी, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस भागदौड़ की जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान नहीं रख पाते हैं, जिससे की आगे जाकर कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है,समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए, जिससे कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सुरक्षित रह सके। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे इस प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में अब तक काफी लोगों ने अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।आज भी लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर, वजन, बी.पी, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल, आदि का चेकअप करवाते हुए डॉ कुमुद से अपना इलाज करवा कर परामर्श लिए,डॉक्टर ने आज दो गंभीर बीमारी के रोगी का चेकअप करते हुए उन्हें परामर्श भी दिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल,शशि भूषण सिंह, गोपाल सिंह, अतुल सर्राफ, बसंती देवी, अंजली सर्राफ, अमित बांका, अजय पोद्दार, सविता देवी, बबीता देवी, रामप्रसाद,मनोज अग्रवाल, अवनीश चंद्रा, निकिता सोनी, धर्मेंद्र सोनी आदि थे।

## चलते चलते एक नजर

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया श्री झूलेलाल मंदिर का लोकार्पण



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को झूलेलाल वरुणदेव (जलावतार) नवनिर्माण मंदिर का लोकार्पण किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों की गूंज से गुंजायमान होता रहा। घड़ी-घन्ट और शंख ध्वनियां गूँजती रही। वहां मौजूद श्रद्धालु जयकारे लगाते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा। बता दें कि सात दशक पूर्व शरणार्थी के रूप में गोरखपुर आए सिंधी समाज के लोगों ने गोरक्षपीठ पर विश्वास जताया था। धीरे धीरे इनका रिश्ता प्रगाढ़ होता गया और इस बीच सिंधी समाज के आराध्य, भगवान श्री झूलेलाल का मंदिर भी गोरखनाथ के मुख्य मार्ग पर बन गया, लेकिन इस मार्ग के फोरलेन होने के कारण मंदिर का काफी हिस्सा सड़क की जद में आ गया और उसे तोड़ दिया गया। इसके बाद नए मंदिर के निर्माण की जरूरत पड़ी। इसके निर्माण की रूपरेखा तैयार हुई और अब रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों उसका लोकार्पण हुआ। बता दें कि लग्भग तीन वर्ष में भगवान श्री झूलेलाल जी का नवीन मंदिर बनकर तैयार हुआ है।

### प्रदेश में बारिश और बाढ़ के पानी से बढ़ सकती हैं लोगों की मुश्किलें, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

**देहरादून** : प्रदेश में बारिश और बाढ़ के पानी से बढ़ लोगों की मुश्किलों में और भी इजाफा हो सकता है। एक तरफ मौसम विभाग का भारी बारिश का अलर्ट है तो दूसरी तरफ भारी बारिश के कारण अलकनंदा नदी का जल स्तर चेतावनी रेखा से ऊपर होने से श्रीनगर डैम से पानी छोड़ा जा चुका है। यही नहीं हरिद्वार के भीम गौड़ा बैराज के गेट नंबर 01 के क्षतिग्रस्त होने पर डाउन स्ट्रीम में तेज गति से डिस्चार्ज यानी पानी बढ़ने की प्रबल सम्भावना है तो नीती घाटी में मलारी सुमना क्षेत्र में रविवार को ग्लेशियर टूटने से गिरथी नदी का जल स्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखंड में अगले 24 घंटे के लिए भारी से बहुत भारी बारिश गर्जन के साथ आकाशीय बिजली को लेकर ऑरेंज अलर्ट चेतावनी जारी की गई है। आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार राज्य में पिथौरागढ़ एक बॉर्डर सहित राज्यभर में कुल 223 सड़कें बंद हैं। चमोली जिले में जोशीमठ मलारी बॉर्डर पर वास आउट होने से यातायात अवरुद्ध हो गया था। उक्त मार्ग पर पैदल आवागमन के लिए पुल चालू कर दिया गया है। भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र के नीती घाटी में मलारी सुमना क्षेत्र में रविवार को एक बार फिर से ग्लेशियर टूटने की घटना सामने आयी है।

# मप्र : अमानवीयता का एक और वीडियो वायरल, मुर्गा बनाकर डंडे से पीटा

**एजेंसी**

**भिंड :** मध्य प्रदेश में मानवता को शर्मसार करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। यहां अमानवीयता का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें तीन नाबालिग दो अन्य नाबालिगों को कपड़े उतरवाकर बेल्ट और डंडे से पीटते हुए दिख रहे हैं। साथ ही उन्हें मुर्गा बनाकर चलने को कह रहे हैं और साथ ही पीटते भी जा रहे हैं। मारपीट का यह वीडियो 8 से 10 दिन पुराना भिंड जिले के मौ नगर का बताया जा रहा है। आरोपितों में से एक ने इसे रविवार को सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर कर दिया।



इसके बाद पुलिस ने दोनों नाबालिगों की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। एसडीओपी सौरभ कुमार ने बताया कि पीड़ित मौ में कोचिंग पढ़ते हैं। मारपीट करने वाले भी यहीं के रहने वाले हैं। मारपीट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी दो फरार हैं। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि उनको मुर्गा बनाकर मारपीट की। करीब 30 फीट तक दोनों को मुर्गा बनाकर चलाया। इस दौरान बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है... गाना बजाते रहे। हमसे भी गाना सुना। एक आरोपित पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाता रहा। बदमाशों ने उनके कपड़े उतारकर पीटा। एक पीड़ित को दो लोगों ने दबा लिया। एक डंडे से मारपीट करता रहा। पास में खड़ा एक आरोपित पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाता रहा। बताया जा रहा है कि जिन नाबालिगों की पिटाई की गई है, उन्होंने कुछ दिन पहले एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने एक आरोपित की मां पर अभद्र टिप्पणी की थी।

## सीमा पार से दवाओं और हथियारों की तस्करी बारामूला पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

**एजेंसी**

**श्रीनगर :** पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में उड़ी से लेकर बारामूला जिले के विभिन्न स्थानों पर नार्को आतंक पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। इसमें 318 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि भारी मात्रा में नशीली दवाओं की खेप बरामद की गई है। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आमोद अशोक नागपुरी ने रविवार को बताया कि पाकिस्तान स्थित हैंडलर एक साजिश के तहत जम्मू-कश्मीर में नशीले पदार्थ भेजने के लिए तस्करों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे करके वह जम्मू-कश्मीर की युवा पीढ़ी को नशे की लत लगा रहे हैं। बारामूला सीमावर्ती जिला है और सीमा पार से दवाओं और हथियारों की तस्करी हमारे लिए बड़ी चुनौती है। पिछले छह महीनों में बारामूला पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत 187 एफआईआर दर्ज की हैं। लगभग 284 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया और अन्य 34 कुख्यात तस्करों पर मामला दर्ज किया गया। अब तक कुल मिलाकर 318 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का काम बारामूला जिले में नशीली दवाओं पर नकेल कसना है और हमारा प्रयास बारामूला को नशा मुक्त जिला बनाना है। एसएसपी ने कहा कि पाकिस्तान का उद्देश्य पूरी कश्मीर घाटी में ड्रग्स पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे।

## जी-20 समिट की तैयारियां जारी, जागरूकता के लिए निकला अत्याधुनिक बाइकों का काफिला

**एजेंसी**

**इंदौर :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आगामी 19 से 21 जुलाई तक तीन दिवसीय जी-20 समिट का आयोजन होगा। इसके लिए व्यापक तैयारियां जारी हैं। इसी सिलसिले में रविवार को जनजागरुकता के लिए अत्याधुनिक मोटर साइकिलों का काफिला शहर के विभिन्न मार्गो से निकला। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने बाइकर्स की इस राइड को रेसीडेंसी से झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस राइड में सांसद शंकर लालवानी भी शामिल हुए। इस राइड में लगभग 125 राइडर्स ने अत्याधुनिक मोटर साइकिलों पर सवार होकर जी-20 समिट के संबंध में जागरूकता लायी। यह राइड रेसीडेन्सी से प्रारंभ होकर जीपीओ, एमवाय अस्पताल, मनोरमागंज, अम्बेडकर, क्राउन पैलेस होटल, एमजी रोड़, हाई कोर्ट, रीगल चौराहा, एमटीएच कम्पाउंड, रिवर साइड रोड़, राजबाड़ा, पढ़रीनाथ, कलेक्टर कार्यालय, महू नाका, अन्नपूर्णा रोड़, राजेन्द्र नगर होते हुए राऊ में सम्पन्न हुई।इंदौर में आयोजित जी-20 समिट के संबंध में चर्चा के लिए रविवार को उद्योगपतियों के साथ पोलोग्राउण्ड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योगपतियों को आयोजन के संबंध में जानकारी दी गई और शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन ऑफ इण्डस्ट्रीज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता, सुनील सिंघी, रमेश खण्डेलवाल, जिला उद्योग व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक एस.एस. मण्डलोई सहित अन्य अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में चर्चा कर एमएसएमई के माध्यम से रोजगार सृजन हेतु रूपरेखा तैयार की गयी।

# पत्रकार उमेश के पिता के निधन पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दी सांत्वना

**प्रभात मंत्रा संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम महापौर अरुणा शंकर पलामू के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिताजी की मौत पर उनके घर पर पहुंचकर उनके पिताजी के मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को सांत्वना दिया। मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि जैसा मुझे मालूम है कि पत्रकार संजय सिंह के पिता विश्वनाथ सरकारी सेवा में होते हुए एक समाजसेवी के रूप में भी अपनी भूमिका अदा किया। उनकी मौत हम सभी के लिए भी दुखदाई है। वहीं दूरभाष पर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने पत्रकार संजय के पिताजी के मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे मेदिनीनगर शहर से एक अच्छे दिल इंसान का चले जाना दुखदाई होता है। इस दौरान उनके बड़े पुत्र पत्रकार संजय और छोटे पुत्र हेड मास्टर अजय सिंह को सांत्वना देते हुए कहा कि यह वक्त वेदना सहने का है बस आप लोग अपने पिताजी के बताए हुए मार्ग पर चलें, उसी में आप लोगों की उन्नति है। उन्होंने कहा कि पत्रकार संजय हमारे पुराने सहयोगी रहे हैं।

उनके पिताजी की मौत से उन्हें भी गहरा सदमा लगा है। उन्होंने पत्रकार उमेश के परिवार के अन्य सदस्य को भी हौसला दिया और मृत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व शोक संवेदना वयक्त करते हुए परिवार को मृत आत्मा कि शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पत्रकार संजय सिंह उमेश तथा मृतक के छोटे पुत्र हेड मास्टर अजय कुमार सिंह, प्रभात मंत्र के संपादक रविंद्र कुमार उपाध्याय कांग्रेसी नेता व मृतक के दामाद अनंत कुमार सिंह, पत्रकार मुरारी प्रसाद, राजदेव उपाध्याय समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की

# राष्ट्रपति मंगलवार को भूमि सम्मान 2023 प्रदान करेंगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मंगलवार जुलाई को यहां के विज्ञान भवन में 09 राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीमों के साथ भूमि सम्मान 2023 प्रदान करेंगी, जिन्होंने डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी)-शासन का मूल-के मुख्य घटकों के लिए सम्पूर्णता प्राप्त करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यह आयोजन राज्य के राजस्व और पंजीकरण पदाधिकारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पिछले 75 वर्षों में पहली बार भूमि सम्मान प्राप्त करेंगे। यह भूमि सम्मान को संस्थागत रूप देने का ऐतिहासिक वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि भूमि सम्मान योजना विश्वास और साझेदारी पर आधारित केंद्र-राज्य सहकारी संघवाद का एक अच्छा उदाहरण है, क्योंकि भूमि अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण में श्रेणी प्रणाली मुख्य रूप से राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की रिपोर्ट और इनपुट पर आधारित होती है।



सिंह ने कहा कि भूमि रिकॉर्ड और पंजीकरण की डिजिटलीकरण प्रक्रिया से भूमि विवादों से जुड़े लंबित अदालती मामलों को बड़े पैमाने पर कम करने में मदद मिलेगी। इससे भूमि विवादों से जुड़े मुकदमे के कारण रुकी हुई परियोजनाओं की वजह से देश की अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद में होने वाले नुकसान में भी कमी आएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कृषि और किसान कल्याण, रसायन और उर्वरक, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), पंचायती राज और वित्तीय संस्थान, आदि केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के कार्यक्रमों से संबंधित विभिन्न सेवाओं और लाभों की प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाने में भूमि रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी बहुत उपयोगी और प्रभावी हो सकती है।

उपरोक्त विभागों/एजेंसियों/मंत्रालयों की सेवा-अदायगी की प्रभावशीलता विभिन्न हितधारकों के बीच भूमि रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी साझा करने के क्रम में एकरूपता, अंतर-संचालन व अनुकूलता पर निर्भर करती है।

गिरिराज सिंह ने बताया कि भूमि संसाधन विभाग ने पूरे भारत में 94 प्रतिशत डिजिटलीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 31 मार्च 2024 तक देश के सभी जिलों में भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के मुख्य घटकों की 100 प्रतिशत पूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## शाह आज ड्रग्स तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को नई दिल्ली में ड्रग्स तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों की विधि प्रवर्तन एजेंसीज द्वारा असम में 1,486 किलोग्राम, चंड़ीगड़ में 229 किलोग्राम, गोवा में 25 किलोग्राम, गुजरात में 4,277 किलोग्राम, हरियाणा में 2,458 किलोग्राम, जम्मू और कश्मीर में 4,069 किलोग्राम, मध्य प्रदेश में 1,03,884 किलोग्राम, महाराष्ट्र में 159 किलोग्राम, त्रिपुरा में 1,803 किलोग्राम और उत्तर प्रदेश में 4,049 किलोग्राम समेत कुल 1,44,122 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने नशामुक्त भारत बनाने के लिए नशीली दवाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

# भारत ने नेपाल को उपहार में दी 34 एम्बुलेंस और 50 स्कूल बसें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों को 34 एम्बुलेंस और 50 स्कूल बसें उपहार में दी हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने रविवार को नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक कुमार राय की उपस्थिति में एम्बुलेंस और स्कूल बसों की चाबियां सौंपी।

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के पालिकाओं के मेयर, लाभार्थी संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, नेपाली सरकार के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। नेपाल के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की उच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार भारतीय स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में लाभार्थी संगठनों को उपहार के रूप में एम्बुलेंस और स्कूल बसें प्रदान करती रही है।



भारत ने 2021 में कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में काठमांडू की मदद करने के अपने प्रयासों के तहत नेपाल को वेंटिलेटर से लैस 39 एम्बुलेंस उपहार में दी थी। इससे पहले साल 2020 में भी भारत ने महात्मा गांधी की 151वीं जयंती के अवसर पर नेपाल को 41 एम्बुलेंस और छह स्कूल बसें भेंट की थीं। 1994 से भारत ने अब तक नेपाल के विभिन्न जिलों में विभिन्न संघों को उपहार के रूप में 974 एम्बुलेंस और 234 स्कूल बसें प्रदान की हैं।

## नागालैंड विस में यूसीसी पारित होने पर विधायकों के आवास को जलाने की धमकी, पांच गिरफ्तार



**एजेंसी**

**डिमापुर (असम)।** एक स्वयंभू संगठन ने नगालैंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पारित होने पर राज्य के 60 विधायकों के सरकारी आवासों को जलाने की धमकी दी है।

सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। पुलिस ने धमकियां देने के आरोप में डिमापुर में संबंधित संगठन के शीर्ष पांच पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है।डिमापुर में नगालैंड पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि उन्हें डिमापुर पूर्व पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के आधार पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि 30 जून को नगालैंड ट्रांसपेरेंसी, पब्लिक राइट्स एडवोकेसी एंड डायरेक्ट एक्शन ऑर्गनाइजेशन (एनटीपीआरएडीओ) नाम के एक अपंजीकृत संगठन ने धमकियों भरा एक संदेश जारी किया था। इस संदेश में कहा गया कि अगर 14वीं नगालैंड विधानसभा समान नागरिक संहिता के समर्थन में बिल पास करती है तो राज्य के 60 विधायकों पर संकट आ जाएगा। उनके सरकारी आवासों में आग लगा दी जाएगी।दरअसल, संगठन ने धमकी भरा यह संदेश लगभग सभी विधायकों को भेजा गया था। इसके बाद राज्य के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में पुलिस ने धमकी, विधायकों के खिलाफ अपराधिक साजिश रचने, सरकारी संपत्ति को नष्ट करने और शांति भंग करने की धमकी देने से संबंधित कई मामले दर्ज किए थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने संगठन से जुड़े लोगों की पहचान करने के लिए तलाश शुरू कर दी। एक जांच अभियान के बाद डिमापुर पुलिस ने संबंधित आरोपों में संगठन के अध्यक्ष माइकल टुंगो, महासचिव (सार्वजनिक नीति) इकाटो झिमोमी, महासचिव अल्बर्ट किरे, मुख्य सलाहकार हैथुंग टी लोथा और राज्य कार्यकारी सदस्य टेमज़ेन मार एओ सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

# रांची : लाइब्रेरी बनाना इबादतगाह के समान है : रवींद्र नाथ महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को जमीयतुल एराकीन के अंतर्गत जमीयतुल एराकीन भवन में इराकिया लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर का उद्घाटन झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो और राज्यसभा सदस्य महुआ मांजी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कमिटी के अध्यक्ष हसीब अख्तर ने किया।विशिष्ट अतिथि के तौर पर अब्दुल सुभान, पूर्व सर्वे ऑफिसर, अधिवक्ता शमीम अख्तर, टेक्निकल ऑफिसर हाजी एनामुल हक, आदि मौजूद थे। मंच का संचालन जमीयत के प्रवक्ता मुस्तफीम आलम ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और रवींद्र नाथ महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की पुस्तकालय की स्थापना समाज के लिए एक नेक शगुन है। हम इबादत गाहें बनाते हैं, लाइब्रेरी की स्थापना एक बड़ी इबादतगाह है। हम दूसरे का धन तो नही ला सकते हैं लेकिन दूसरों से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं को पुस्तकालय को समर्पित कर दीजिए, पुस्तकालय आपको वो मंजिल देगी जिसकी



आप कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने ने कहा कि ये जमीयतुल एराकीन की बड़ी पहल है जो स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए वरदान है। राज्य सभा सदस्य महुआ माझी ने कहा कि ÷ जमीयतुल एराकीन के द्वारा स्थापित पुस्तकालय एक महान पहल है। मेरा सौभाग्य है कि ऐसे पवित्र कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला। माही के संयोजक इबरार अहमद का सहयोग मिलता रहेगा और ये लाइब्रेरी फलता फुलता रहेगा। मुझे खुशी है कि इस लाइब्रेरी में सभी प्रतियोगिताओं की पुस्तकें उपलब्ध है।जमीयतुल एराकीन कमिटी के महासचिव सैफुल हक ने कहा कि यह पूरे राँची में सबसे पुरानी स्कूल है और जमीयत ने समाज में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाई है और हर सामजिक कार्यों में पेश-पेश रहा है। जमीयतुल एराकीन की स्थापना 1938 ई0 में हुई है और ये शहर की पुरानी पंचायत है और पुस्तकालय की स्थापना भी सबसे पहले हुई है। हसीब अख्तर ने इबरार अहमद, सदक पब्लिक स्कूल के सेराजुद्दीन,शान बॉयज होस्टल के डायरेक्टर सफवान आलम उर्फ जीशान, अनवार आलम, सर्व इंडिया ग्रुप और जफर नईम का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में जमीयतुल एराकीन के उपाध्यक्ष दस्तगीर आलम, कोषाध्यक्ष मोजाहिद सोहैल, कार्यकारिणी सदस्यों में मुजाहिद इस्लाम, अर्शद शमीम, कमालुद्दीन, अब्दुल गजूर शाजली,जावेद शहजाद,मोहम्मद जावेद के इलावा माही के संयोजक इबरार अहमद, गयासुद्दीन मुन्ना,मोहम्मद सलाहुद्दीन, सरवर इमाम खान, सरफराज अहमद, नदीम अख्तर, प्रोफेसर निजामुद्दीन कुबैरी, राशिद बुखारी, प्रोफेसर अनीसुर्रहमान, अरशद कमाल, नैय्यर परवेज डायमंड, जुनैद अहमद, डॉक्टर तनवीर, डॉक्टर असलम परवेज, मंजर इमाम, औरंगजेब, मोहम्मद नजीब, मोहम्मद वसीम, जावेद अहमद,मोहम्मद शकील, नूर आलम,खालिद सैफुल्लाह,सलमान चौधरी, शोऐब रहमानी, समी आजाद, मजहर हुसैन,शहजीन इरम, सैय्यद मेराज हसन, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद नईम,मोहम्मद सेराज , अंसारी महापंचायत के रिजवान अंसारी आदि उपस्थित थे।